रांची ● वर्ष : 02 ● अंक : 180 ● हजारीबाग से भी प्रकाशित ● पृष्ठ : 12 ● गुरुवार ● 25.04.2024 ● मूल्य : 4 रुपया ● TV.awazdailyharshit tv & www.pratahawazlive.com ● सुझाव या शिकायत : pratahawajranchi@gmail.com

रांची संस्करण

# प्रात: आवाज

हम बनेंगे आपकी आवाज, निर्भीक एवं निष्पक्ष हिन्दी दैनिक

आवश्यक सेवाओं से जुड़ेलोगों का मतदान सुनिश्चित कराएं : रवि कुमार



पेज - 03

● मुझे पूर्ण विश्वास कोयलांचल अपनी बेटी का सर झुकने नहीं देगा : अनुपमा सिंह

## नारी शक्ति ही परिवर्त्तन की जननी है इसलिए

# धनबाद में परिवर्त्तन होकर रहेगा : अनुपमा सिंह

**शशिभूषण कुमार**



**रांची :** मैं अपने एक पुराने मित्र के निजी पारिवारिक कार्यक्रम में उनके आग्रह पर शामिल होने गया हुआ था। कार्यक्रम में अपने कुछ अनन्य मित्रों की उपस्थिति और उनसे एक जमाने के बाद मुलाकात से मेरा मन काफी प्रफ्फुलित था। इसलिए कार्यक्रम में ज्यादा देर नहीं ठहरना है और उपस्थिति दिखाकर तुरंत लौट आना है के अपने पूर्व के विचार को स्थगित कर मैं भी कार्यक्रम में जम कर बैठ गया। पुराने मित्र और उनसे ढेर सारी पुरानी बातें और पुरानी यादों के चर्चा के बीच समय कैसे बीत गया पता ही नहीं चला। अब कार्यक्रम समाप्ति की ओर था और लोग अब धीरे धीरे कर प्रस्थान करने लगे थे, तभी मेरे पुराने एक पत्रकार मित्र ने एक सभ्य सुसंस्कृत सी दिख रहीं एक महिला की ओर इशारा करते हुए पूछा की पहचानते हैं इनको..? तब मैंने उन महाशया की ओर ध्यान से देखा तो उनका चेहरा कहीं देखा सा तो लगा पर मैं असमंजस में था, तभी मेरे पत्रकार मित्र ने कहा ..... यह अनुपमा सिंह है धनबाद से लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी...... यह नाम सुनते ही दिमाग में पिछले कुछ दिनों से जब से कांग्रेस आलाकमान ने धनबाद से अनुपमा सिंह का नाम प्रत्याशी के रूप में घोषित किया है तब से अब तक विपक्ष के द्वारा जो भी बातें उठाई गईं उनके बारे में सभी बातें मेरे दिमाग में क्रमशः घूमने लग गई कि ...यह बेरमो विधायक अनूप सिंह की धर्मपत्नी और उनकी रबर स्टम्प कैंडिडेट हैं... राजनीति का कोई अनुभव नहीं है... प्योर गृहणी महिला हैं... कांग्रेस ने थाली में परोस कर विपक्ष को यह सीट गिफ्ट में दे दी है... अनूप सिंह के यहां आईटी की रेड और उनकी कमाई... थोपी गई उम्मीदवार हैं .....ठीक से बोल नहीं सकती हमारा नेतृत्व क्या करेंगी.... बाहरी भीतरी की बातें .....जैसे कई सवाल .... लेकिन मैंने खुद को शांत रखा और अनुपमा सिंह और मैंने एक दूसरे को नमस्ते किया। परिचय की औपचारिकता के उपरांत तत्काल ही मेरे मित्र ने कहा कि ढुल्लू महतो के ऊपर तो आप काफी सकारात्मक लिखे हैं कभी इनके ऊपर भी लिखिए कुछ .....तो मैंने कहा कि.... जरूर क्यों नहीं.... पर आज पहली बार मिले ही हैं ..... अचानक मेरे अंदर का पत्रकार जाग उठा ......मैंने मित्र से कहा कि अनुपमा सिंह यदि अभी समय दें तो, ... लेकिन अनुपमा सिंह ने बहुत ही विनम्रता से कहा कि अभी तो नहीं क्योंकि मैं काफी थकी हुई भी हूं और अभी इस निजी कार्यक्रम के बाद मुझे कहीं और के लिए निकलना भी है और यहां काफी शोर गुल भी है। थका हुआ तो मैं भी था लेकिन पता नहीं क्यों उनका इंकार करना मुझे थोड़ा चुभ सा गया ....तो मैं भी थोड़ा तैश में आकर बोला कि मैडम मेरे सवाल सिर्फ मेरे नहीं हैं ...यह सवाल धनबाद लोकसभा क्षेत्र की हर जनता के मन में घूम रहा है तो यदि आपको उचित लगे तो.... तब अनुपमा सिंह ने कहा कि जो पूछना है जल्दी से पूछ लीजिए क्योंकि मुझे अभी कहीं पहुंचना जरूरी है। उनका यह जवाब मुझे थोड़ा बुरा लगा तो मैं भी आवेश में स्पष्ट कहा कि मैडम यदि आप थोड़ा आराम से विस्तार पूर्वक समय देकर जवाब दें तो उचित रहता नहीं तो छोड़ दें। अनुपमा सिंह ने कहा चलिए आप विस्तार से ही पूछिए जो पूछना है.... समय लगेगा तो लगेगा ...क्योंकि मुझे यह बिल्कुल अच्छा नहीं लगता कि कोई मेरे व्यवहार से नाराज हो... अनुपमा सिंह की यह विनम्रता और उनकी यह स्पष्टवादिता मुझे बहुत अच्छी लगी लेकिन अब समस्या थी कि हम लोग कार्यक्रम स्थल पर थे और विलम्ब भी हो रहा था... काफी शोर गुल कहीं आसपास बैठने की सही जगह नहीं, तो अचानक ही मेरी नजर कार्यक्रम स्थल से थोड़ा हटकर एक कोने पर पड़ी जहां दो चार कुर्सियां पड़ी हुई थीं.... तो मैं संकोच के साथ ही उनसे आग्रह किया तो हम लोग वहीं पर जाकर बैठ गए। अब शुरू हुआ मेरे सवालों का क्रम जो मेरे मन में घुमड़ रहा था। अनुपमा सिंह जैसे-जैसे मेरे सवालों का जवाब दे रहीं थी और जिस निर्भीकता और आत्मविश्वास से मेरे प्रश्नों का उत्तर उन्होंने दिया उससे मैं काफी प्रभावित हुआ कि भाई यह तो एक अलग ही व्यक्तित्व है। उनसे (अनुपमा सिंह) जो भी सवाल जवाब हुए, उनसे (अनुपमा सिंह) जो भी बातें हुईं उसे हू-बहू मैं आप सभी के समक्ष रख रहा हूं। मेरी बातों पर ना जाएं ...आप इसको पढ़ने के बाद खुद फैसला करें कि अनुपमा सिंह के बारे में जो भी बातें कही जा रही हैं या कही गई है वो कितना सही है? कितना गलत है? फैसला आपका खुद का होना चाहिए।

**मातृ शक्ति ही सृष्टि की सूत्रधार : अनुपमा**

**मेरे संस्कार को मेरी कमजोरी न समझें...अनुपमा**

### आपको राजनीति का अनुभव नहीं और आप एक कच्ची खिलाड़ी हैं ?

इस पर अनुपमा सिंह ने कहा कि आपके सवाल पर मुझे हंसी आती है लेकिन मैं हंसकर अशिष्टता तो नहीं कर सकती। अरे भई मेरी राजनीति की ट्रेनिंग पूरे 18 वर्ष की है। शायद आप भूल रहे हैं कि मैं राजनीतिक क्षेत्र के लोह स्तंभ माने जाने वाले स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह की पुत्रवधू और एक कुशल राजनीतिज्ञ अनूप सिंह जी की धर्मपत्नी हूं। वर्ष 2006 ई. में मैं इस घर में एक बहू और एक पत्नी के रूप में प्रवेश की थी। एलकेजी क्लास में एडमिशन लेने वाला एक छोटा बच्चा भी 18 साल में ग्रेजुएट हो जाता है तो फिर मैं अनुभवहीन और कच्ची खिलाड़ी कहां से रही? चलिए मैं आपकी बात मान भी लूं कि मैं अनुभवहीन हूं ....राजनीति मुझे आती नहीं है ....तो ....यह तो बहुत अच्छी बात है ना ...कि मुझे दांव पेंच अभी नहीं आता है। कुछ वर्षों तक तो जन सेवा दिल से तो करूंगी। जो बात मेरे मन में है वही बात मेरे मुंह पर भी है क्योंकि मैं एक साफ दिल की इंसान हूं। दांव पेंच ज्यादा जानने लगी तो गड़बड़ी यहीं से शुरू हो जाती है। जनता भी अब सब समझ रही है कि क्या चल रहा है, और जिस दिन जनता का मूड घूम गया और जनता ने ठान लिया तब वो दिन दूर नहीं कि धनबाद में परिवर्त्तन निश्चित है।

### कांग्रेस ने यह सीट थाल में परोस कर विपक्ष को गिफ्ट कर दिया ?

इस सवाल पर अनुपमा सिंह ने मुझ से ही सवाल दाग दिया कि कौन लोग कह रहे हैं? यदि यह बात कही जा रही है तो यह मेरे लिए शर्म की बात नहीं है। अरे ....मैं तो एक बहन बनकर.....एक बेटी बनकर.... एक बहू के रूप में अपने कोयलांचल परिवार की सेवा के लिए आगे आई हूं और क्या कोई परिवार अपने ही परिवार की बहन, बेटी और बहू को धोखा देगा? और यदि ऐसा हुआ भी तो यह मेरी हार नहीं मेरे अपने कोयलांचल परिवार की हार होगी, तभी शायद यह सवाल आपका सही हो जाए..... पर..... मैं जानती हूं कि, मेरा कोयलांचल परिवार अपनी इस बहन, अपनी इस बेटी व बहू का सर झुकने नहीं देगा और मैं भी अपने इस कोयलांचल परिवार के सम्मान के साथ कभी समझौता नहीं करूंगी।

### आपके ऊपर बाहरी भीतरी के भी आरोप हैं

अनुपमा सिंह कहती हैं कि आपको पता होना चाहिए कि मेरा बर्थ प्लेस यानी मेरी जन्म स्थली बोकारो है। मेरा ससुराल बेरमो है। मेरी प्रारंभिक शिक्षा व माध्यमिक शिक्षा पटना से हुई है। मेरे आदरणीय स्वर्गीय ससुर राजेंद्र प्रसाद सिंह जी ने तो कोयलंचलवासियों की सेवा उनसे क्षेत्र पूछ कर तो नहीं किया था। मेरे पति वर्तमान विधायक अनूप सिंह जी तो अपने क्षेत्र में जन सेवा का कार्य किसी का गांव घर व जाति पूछ कर नहीं कर रहे हैं। मैं शुरू से कह रही हूं कि कोयलांचल का परिवार हमारा अपना परिवार है और वो हमारे हैं एवं हम उनके हैं और तो फिर यह बाहरी - भीतरी कहां से आ गया। कोयलांचल क्षेत्र को बसाने व निखारने में हमारे परिवार की जो भूमिका है पहले उसे जान लीजिए फिर यह सवाल पूछिये।

### आप अनूप सिंह की रबड़ स्टम्प प्रत्याशी हैं ?

कौन कहता है कि मैं अनूप जी की रबर स्टम्प प्रत्याशी हूं। मेरे लिए यह अत्यंत सौभाग्य की बात है कि मैं स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह जी की बहू और अनूप सिंह जी की धर्मपत्नी हूं, लेकिन किसी को भी कुछ भी बोलने से पहले यह सोच लेना चाहिए कि उनके यह बोल, उनकी यह सोच पूरी नारी जाति को कटघरे में खड़ी कर रही है, तभी कुछ भी आरोप लगाना चाहिए..... आप नारी शक्ति को इतना कम कर कैसे आंक सकते हैं? आज दुनियां में जितनी भी नारी शक्ति अलग-अलग क्षेत्रों में एक सशक्त और सफल नेतृत्व कर रही हैं तो क्या वो अपने पति की या अपने परिजनों की रबड़ स्टंप हैं? जमाना कहां से कहां पहुंच गया और आज भी नारी शक्ति को यदि इस दृष्टि से कोई देखता है तो यह उनका मानसिक दिवालियापन है जिसमें मेरी कोई गलती नहीं। हमेशा याद रखियेगा कि नारी शक्ति ही परिवर्त्तन की जननी है और मातृ शक्ति ही सृष्टि की सूत्रधार, इसलिए धनबाद में परिवर्त्तन तो निश्चित है और इस परिवर्त्तन की गवाह हमारी यह सृष्टि ही होगी और इसमें मेरी सहायक होगी हमारी धनबाद लोकसभा क्षेत्र की सम्मानित जनता।

### आप एक प्योर गृहणी हैं.... नेतागिरी आपसे ना होगा ?

अनुपमा सिंह ने इस सवाल का बड़ा तार्किक जवाब दिया कि भाई साहब बुरा मत मानिएगा आपका यह सवाल ही गलत है। क्योंकि एक कुशल गृहणी ही एक कुशल नेतृत्वकर्ता बन सकती है। जो महिला ठीक से अपना घर, अपना बाल-बच्चा और अपने परिजनों को तरीके से नहीं संभाल सकती तो वह एक क्षेत्र को क्या संभालेगी? आप खुद कह रहे हैं कि मैं एक प्योर गृहणी हूं यानी कि मेरे अंदर एक कुशल संगठनकर्ता और एक कुशल नेतृत्वकर्ता का गुण है।

### आप थोपी गई उम्मीदवार हैं...?

अनुपमा सिंह ने कहा कि थोपना किसे कहते हैं पहले यह बताइए? जिसे बाहर से लाकर सर पर बैठा दिया गया हो वह थोपना कहलाता है। धनबाद व कोयलांचल का हर समुदाय हमारे परिवार के सुख-दुख में शुरू से साथ खड़ा रहा है और हमारा परिवार भी अपने कोयलांचल परिवार के सुख-दुख में शुरू से सहभागी रहा है। आज इसी परिवार का एक सदस्य अपने ही इस कोयलांचल परिवार की सेवा के लिए आगे आया है तो मैं थोपी गई उम्मीदवार कैसे हो गई?

### कोयलांचल क्षेत्र अशांत है इसका क्या इलाज है आपके पास ?

मैं बिहार सरकार में कार्यरत एक कुशल चिकित्सक पिता डॉ राज किशोर सिंह जी व माता आशा सिंह जी की बेटी हूं। मेरे मां पिता भोजपुर जिला से आते हैं। मैं खुद सीपीएमटी के थ्रू डेंटल, वेटनरी व होम्योपैथिक के एग्जाम क्लियर की हुई हूं। इसलिए मेरे पास हर तरह का इलाज मौजूद है। जैसी - जैसी समस्या वैसा - वैसा इलाज। बस मन में दृढ़ विश्वास होना चाहिए की समस्या जैसी भी हो समाधान होना चाहिए या उसके लिए ईमानदारी से प्रयास होना चाहिए।

### ठीक से बोलना नहीं आता नेतृत्व क्या करेंगी..?

इस सवाल के जवाब में अनुपमा सिंह ने हंसते हुए कहा कि इतनी देर में तो आपको भी समझ में आ गया होगा कि मुझे बोलना आता है या नहीं? यह हमारे घर के संस्कार हैं कि हम बहुत सोच समझ कर और बहुत नापतोल कर बोलते हैं, लेकिन जरूरत पड़ने पर क्या बोलना है, कहां बोलना है, किस लहजे में बोलना है, यह हमें बखूबी आता है। यदि आपके संस्कार को आपकी कमजोरी बताया जाए तो इससे बड़ी खुशी की बात मेरे लिए क्या होगी? क्योंकि आपके संस्कार ही आपके आगे के भविष्यपथ के पथ प्रदर्शक होते हैं। लेकिन, हां ...मेरे संस्कार को कोई मेरी कमजोरी समझने की गलती न करें।

**क्रमशः अगले अंक में पढ़ें अनुपमा सिंह के बेबाक बोल पर धनबाद संसदीय क्षेत्र की जनता की राय**

## संक्षिप्त समाचार

### रामगढ़ अंचल का स्टाफ 10 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**रामगढ़।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बुधवार को रामगढ़ अंचल के कर्मी अनिल कुमार महली को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीपी की टीम ने हल्का तीन के कर्मचारी अमित कुमार लोहरा को भी हिरासत में लिया और उनके कार्यालय की तलाशी ली, जहां से कई अहम दस्तावेज बरामद हुए हैं। इस बाबत एसीबी एसपी आरिफ इकराम ने बताया कि हजारीबाग जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत चुरचू गांव निवासी प्रेम शंकर मेहता ने एक शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में की थी। उन्होंने कहा था कि रामगढ़ अंचल अंतर्गत ग्राम बनखेता में 10 डिसमिल जमीन उन्होंने खरीदी है, जिसका दाखिल खारिज हो गया है। वर्ष 2016-17 तक का रसीद कटा हुआ है। उस जमीन को अपने नाम से ऑनलाइन चढ़ाने और ऑनलाइन रसीद निर्गत करने के लिए अंचल कार्यालय में उन्होंने आवेदन दिया था।

### आतंकी फैजान अंसारी की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई पूरी, फैसला 3 को

**रांची।** एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में बुधवार को लोहरदगा से गिरफ्तार आतंकी संगठन आईएसआईएस के संदिग्ध आतंकी फैजान अंसारी उर्फ फैज की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत तीन मई को फैसला सुनाएगा। आरोपित ने मामले में खुद को निर्दोष बताते हुए 20 मार्च को डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की थी।

## झारखंड के साहिबगंज में किशोरी और परिवार के तीन सदस्यों पर तेजाब से हमला

**प्रात: आवाज**

**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज जिले में आज तड़के करीब तीन बजे कुछ लोगों ने परिवार के चार सदस्यों पर तेजाब से हमला किया। चारों गंभीर रूप से झुलस गए हैं। इनमें 15 साल की किशोरी भी शामिल है। यह वारदात राजमहल थाना क्षेत्र के अनुमंडलीय अस्पताल के पुराने भवन के पास अर्धनिर्मित मार्केट कांप्लेक्स की छत पर हुई है। सभी लोग इस कांप्लेक्स की छत पर सो रहे थे। आनन-फानन में सभी को राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. उदय टुडू की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद चारों पीड़ितों फुलवानो बेवा (60 ), हसीन बीवी (35), आलम शेख (25 ) और शबनम बानो (15) को हायर सेंटर धनबाद रेफर कर दिया। एसडीओ कपिल कुमार, एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी और थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ितों के लिए लिखित बयान लिए। पीड़ितों को कुछ लोगों पर शक है। एसडीपीओ ने घटनास्थल का भी जायजा लिया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह परिवार अनुमंडलीय अस्पताल के सामने नगर पंचायत की दुकान में होटल चलाता है। इसी दुकान की छत पर यह लोग सो रहे थे। एसडीपीओ त्रिपाठी का कहना है कि पीड़ितों ने जिन लोगों पर शक जताया है, उनकी तलाश की जा रही है।



## झारखंड के लोग खुद बनाते हैं अपनी राह : कल्पना सोरेन

**प्रात: आवाज**



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने विदेश में रहकर पढ़ाई पूरी करने वाले छात्र संजय को बधाई दी है। उन्होंने बुधवार को ट्वीट कर लिखा है खूब बधाई। कोई भी विपत्ति आए झारखंडी अपनी राह खुद बनाता है। उस राह पर चलकर अपनी मंजिल को भी पाता है। क्योंकि, झारखंडियों ने कभी झुकना सीखा ही नहीं है। कल्पना ने लिखा है कि हेमंत सोरेन से जेल में अपनी अगली मुलाकात में मैं आपकी उपलब्धि के बारे में उन्हें जरूर बताऊंगी। वो आपकी इस उपलब्धि पर बहुत खुश होंगे। मुझे वह कहते थे कि झारखंड से 50 से अधिक आदिवासी, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज के युवा विदेश में सौ फीसदी सरकारी खर्चे पर पढ़ाई के लिए जा चुके हैं। कुछ की तो विदेश में ही नौकरी भी लग गयी है।

वह यह भी कहते थे कि देखना जब यह युवा विदेश में नई-नई जानकारी सीखेंगे तो उसका उपयोग वह अपने लिए, अपने परिवार के लिए, अपने गांव के लिए, अपने समाज के लिए, अपने झारखंड के लिए और देश के लिए कर पाएंगे और यह भी कि अब झारखंड पीछे मुड़कर नहीं देखेगा, आगे बढ़ने का यह जो कारवां शुरू हुआ है, वह बढ़ता ही जायेगा।

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

**रांची :** अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ हेमंत सोरेन ने देश की शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। जानकारी के मुताबिक, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। झारखंड हाई कोर्ट ने 28 फरवरी को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था लेकिन अभी तक कोई फैसला नहीं सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट में हेमंत सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि हेमंत सोरेन लोकसभा चुनाव के प्रचार में हिस्सा नहीं ले पा रहे हैं। बता दें कि कथित भूमि धोखाधड़ी से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सात घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया। हेमंत सोरेन तब से ही रांची के होटवार जेल में बंद हैं।

## रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि, विभाग अलर्ट, आरआरटी का गठन

**प्रात: आवाज**

**इन क्षेत्रों में सर्वेक्षण का कार्य करेगी रैपिड रिस्पांस टीम**

- होटवार, गाड़ी गांव, गाड़ी होटवार एवं बकेन टोली।
- खटंगा, न्यू खटंगा, महुआ टोली एवं आर्मी कैंप के पास का क्षेत्र।
- बांध गाड़ी, डुमरदगा, जेपी नगर एवं बूटी मोड़ के पास का क्षेत्र।

**रांची ।** राजधानी रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। आईसीएआर-एनआइएचएसएडी भोपाल में रांची के होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र के कुक्कुटों के जांच किये गये नमूनों में एच फाइव एन वन एवियन इन्फ्लुएंजा की पुष्टि बुधवार को हुई है। बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद जिला प्रशासन की ओर से एक्शन प्लान के तहत रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी ) का गठन किया गया है। उपायुक्त सह-जिला-दंडाधिकारी, राहुल कुमार सिन्हा ने इस संबंध में आदेश जारी कर रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया है। प्रत्येक टीम में पशु चिकित्सा पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एव कर्मियों को जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक, कुक्कुट, क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवारी रांची से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया है। एक्शन प्लान के तहत आरआरटी के जरिये क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के शेष बचे कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं इसके बाद संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण क्लीनिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जाना है। एक्शन प्लान के तहत एपिसेंटर से एक किलोमीटर की परिधि में कुक्कुट पालन से संबंधित सर्वेक्षण का कार्य किया जायेगा। ताकि प्रशासनिक स्तर पर कुक्कुटों की कलिंग के लिए शीघ्र निर्णय लिया जा सके। साथ ही टीम की ओर से एपिसेंटर से 10 किलोमीटर की परिधि के क्षेत्र का मानचित्र बनाकर सर्विलांस जोन के रूप में चिन्हित करते हुए इस क्षेत्र में एवियन इंफ्लुएंजा की सघन निगरानी का कार्य भी किया जाएगा। उपायुक्त ने एहतियात के तौर पर रांची के होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र (संक्रमित क्षेत्र) से एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा-मृत कुक्कुटों-कुक्कुट उत्पाद और अंडा की खरीद-बिक्री पर रोक लगाई गई है। साथ ही इनके परिवहन पर भी अगले आदेश तक रोक रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पंचमुखी हनुमान मंदिर में पुरानी कमेटी भंग, नई कमेटी का गठन

**रातू (प्रातः आवाज)।** पंचमुखी हनुमान मंदिर आनंदमयीनगर के सदस्यों की बैठक बुधवार को मंदिर प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता एलआर शिखर ने किया। बैठक में पुरानी कमिटि को सर्वसम्मति से भग कर दिया गया और नई कमिटि का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक डॉ सुजीत कश्यप, एलआर शिखर, डॉ केपी सिंह, शंभु नाथ श्रीवास्तव, सुजीत सिंह, बीरेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह, संजीव सिंह, सचिव आरपी सिंह, कोषाध्यक्ष दीपक तिवारी सहित कई अन्य पदो का भी गठन किया गया। नई कमिटि का गठन के बाद नए सदस्यो ने आने वाले जुन में मंदिर का वार्षिकोत्सव धुमधाम से मनाने का निर्णय लिया। बैठक में प्रमोद सिंह, छोटु मिश्रा, अरूण मिश्रा, अभय तिवारी, मोहन सिंह, उत्तम सिंह सहित मंदिर समिति के सदस्यों के अलावे स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

### मांडर जप्पी जतरा का हुआ आयोजन



**मांडर (प्रातः आवाज)।** मांडर थाना परिसर में बुधवार को जप्पी जतरा का आयोजन किया गया। बैशाख के शुरू होने को लेकर आयोजित इस जतरा में मांडर व कठचांचो गांव के खोड़हा ने मांदर व नगाड़े की थाप पर गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर सुका पहान, विजय उरांव, वीरेंद्र उरांव, बिरसा पहान, लेटे उरांव, लक्ष्मण उरांव, महावीर उरांव, चंद्र उरांव, ललित उरांव, नीलू उरांव, कर्मी उरांव, झालो उरांव, भुखली उरांव, जयश्री उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

### मांडर चौक पर शीतल जल सेवा का हुआ शुभारंभ



**मांडर (प्रातः आवाज)।** रूपांत्रण भारती झारखंड प्रदेश के तत्वधान ने मांडर चौक में शीतल जल सेवा का शुभारम्भ किया गया। रूपांत्रण भारती की सचिव रेखा देवी ने बताया कि बढ़ते हुए भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों एवं आसपास के लोगों के लिए यह व्यवस्था किया गया है। मौके पर बासोमनी देवी, सुमन्ति उराव, राजेश साहू, विकास केशरी, सुनीता देवी, रीना देवी, कामता प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

### आटो चालकों से रंगदारी वसूलने वाला गिरफ्तार

**रातू (प्रातः आवाज)।** रातू थाना क्षेत्र के काठीटांड़ चौक में आटो चालकों से रंगदारी वसुलने के आरोप में रातू पुलिस ने कमड़े निवासी विकास पांडेय को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार बुधवार को विकास पांडेय चौक में हरेक आटो चालक से बीस रुपये की रंगदारी वसुल रहा था, नहीं देने पर चालकों के साथ मारपीट करने लगता था। इसकी शिकायत चालकों ने रातू पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने रंगदारी वसुलते काठीटांड़ चौक से हिरासत में लिया। चालकों ने बताया कि इससे पहले विकास पांडेय कमड़े, रविस्टील चौक में आटो चालको से पैसा वसुलता था। पुलिस छानबीन कर रही है।

### सोनाहातू में किसान नेता विश्वदेव सिंह मुंडा की पुण्यतिथि मनायी गयी



**सोनाहातू (प्रातः आवाज)।** किसान नेता विश्वदेव सिंह मुंडा का तीसरा पुण्यतिथि सोनाहातू में सम्मान पूर्वक मनाया गया। इस दौरान लोगों ने संविधान की रक्षा, लोकतंत्र की रक्षा और देश की रक्षा का करने का शपथ लिया। लोगों ने विश्वदेव सिंह मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। पुण्यतिथि के अवसर पर संबोधित करते हुए झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने कहा विश्वदेव सिंह मुंडा किसान नेता थे जो किसानों-मजदूरों के लिए हमेशा संघर्षरत रहे। किसान विरोध नीति के खिलाफ मोदी सरकार के विरुद्ध एक जुट होने का आह्वान किया गया। मौके पर जिला कौंसिल सदस्य रतन महतो, जिला कमिटी सदस्य उमेश महतो, किसान नेता हरिहर महतो, अधिवक्ता संघ के राखोहरी चौधरी, नौजवान सभा के जिला अध्यक्ष विकास मुंडा, दिनेश महतो, चमरा मुंडा, शंकर मुंडा, रोहित मुंडा, राहुल मुंडा, राजु मुंडा, कृष्ण मुंडा, गुरु चरण महतो, विजय चौधरी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चामरा मुंडा ने किया।

# गड़गांव में सैकड़ों शिव भक्तों ने दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर फुलखुन्दी की रश्म अदा की

प्रातः आवाज





**इटकी।** इटकी प्रखंड क्षेत्र के गड़गांव में क्षेत्र का प्राचीन 138वां ऐतिहासिक मंडा पूजा मंगलवार की रात शिव उपासक सैकड़ों भोक्ताओं और महिला सोकताइनों ने दहकते अंगरों पर नंगे पांव चलकर फूलखुंदी रश्म को पूरा किया। अपने को शिव भक्ति की पहली परीक्षा पूरा किया। इस दौरान शिव भक्त और सोकताईन माथे में कलश लेकर दहकते आग के अंगारों पर आराम से ऐसे चल रहे थे मानों अंगारा नहीं फुलो की सेज पर चल रहे हो। पूजन अनुष्ठान की शुरूआत सुबह नगर भ्रमण के साथ भिक्षाटन के बाद स्थानीय शिव मंदिर से की गई। स्थानीय तलाब में स्नान ध्यान के बाद शिव भोकताओं ने लोटन सेवा कर आराधना की। इसके बाद पुनः स्नान कर धुआं सुआं का रश्म को पूरा किया। रात में भोकता और सोकताइनों ने तलाब में फिर स्नान किया। इसके बाद सोकताईनो ने कासे के लोटा में जल को माथे पर लेकर गाजे बाजे के साथ जयकारा लगाते शिव मंदिर प्रांगण पहुंचे। इसके बाद पंडित विमल दास द्वारा अग्निदेव की पारंपरिक तरीके से भोक्ताओं के द्वारा पूजा अर्चना कराया गया। अग्निदेव की परिक्रमा कर सर्वप्रथम पट भोक्ता अनील नायक ने खाली पांव दहकते आग के अंगारे में चलने की शुरूआत की, इसी के साथ कतार वद्ध होकर सैकड़ों भोकता और सोकताइनों ने आग के अंगारे पर चल कर फुलखुंदी रश्म को पूरा किया। मंडा पूजा महोत्सव के अंतिम दिन बुधवार को मंडा स्थल पर झूलन को लेकर श्रदालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भोक्ताओं ने उमड़ी भीड़ पर लोक कल्याण के फूल बरसाए। झुलन दर्शन और फूल पाने के ललक से हजारों श्रदालु खीचें चले आये। श्रदालुओं की भीड इतनी थी कि पैर रखने के लिए जगह नहीं थी। करीब पांच बजे बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाएं आंचल फैलाकर आसमान की ओर टकटकी लगायें खड़ी थी कि भोक्ता लकड़ी के झुले से बंधकर फूल बरसाएं। जैसे ही पट भोक्ता को लकड़ी के झुले से बांधकर झूलाया गया उपस्थित दशार्नार्थियों में उत्साह की लहर दौड़ पड़ी। हर कोई भोकता द्वारा बिखरे गये लोक कल्याण के फूल पाने को दौड़ पड़े। यह नजारा देर शाम तक चलता रहा। भोकता के बाद बारी बारी से 81 भोक्ताइनों ने पूजा अर्चना कर फूल बिखरे। इसके पूर्व करीब चार बजे विभिन्न वेशभूषा धारण किये भोक्ता और मार्थ पर कलश लिए महिला सोक्ताइनों ने शिव मंदिर का परिक्रमा कर अराधना की। इस दौरान आदिवासी समाज के सैकड़ों लोगों ने ढोल मांदर और नगाड़ा सहित अन्य वाद्ययंत्रों के थाप पर नाचते गाते मंडा स्थल पहुंचे और मंडा मेला जतरा में परिणत हो गया। मेला जतरा में लोगों ने जमकर खरीदारी की। इधर रात करीब नौ बजे से आयोजन समिति द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निशांत गुप के कलाकारों के भक्ति मय गीतों पर लोग रातभर झुमते नाचते नजर आये। कार्यक्रम का उदघाटन बंधु तिर्की ने किया। मंडा पूजा महोत्सव को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष दीपक सिंह, संरक्षक प्रताप सिंह, नरेश साहू, भोमा सिंह, अक्षेवर गोप, भवानी शरण सिंह, महिन्दर गोप सहित अन्य लोगों की अहम भूमिका रही।

## जामुदाग में पांच दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए विधायक व सांसद





प्रातः आवाज

**सोनाहातू।** प्रखंड के जामुदाग गांव में पांच दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन के जागरण व अंतिम दिन विधायक सुदेश कुमार महतो और रांची लोकसभा प्रत्याशी सह सांसद संजय सेठ शामिल हुए। विधायक और सांसद ने मंदिर में माथा टेककर क्षेत्र के लोगों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भक्ति से ही शुद्धि होती है और स्वच्छ वातावरण बनती है। हरिनाम संकीर्तन से गांव के आसपास पांच दिन तक भक्तिमय वातावरण रहा। गांव समेत मंदिर परिसर को आकर्षक रंग-विरंगे विद्युत से सजाया गया था। जामुदाग समेत आसपास के गांवों के लोगों ने नामी-गिरामी संकीर्तन मंडली के कला से अभिभूत हुए और खुब आनंद उठाया। मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, भाजपा सोनाहातू मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर कोईरी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष प्रताप कुमार कुशवाहा, खगेश कुमार, सजल मंडल, सृष्टिधर भगत, भक्ति मंडल, गुंज परिवार के अध्यक्ष सुनील सिंह, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चितरंजन महतो, श्याम कुमार महतो, पंसस रूपकुमार साहु, गलऊ मुखिया सावना महली, बुद्धेश्वर कोईरी, दिलीप कोईरी, मिहिर महतो, नवीन महतो समेत अन्य गणमान्य शामिल थे।

## कृषि पाठ्यक्रम पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला शुरू



प्रातः आवाज

**रांची।** राज्य के 30 सरकारी स्कूलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू हो रहे कृषि पाठ्यक्रम पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला की बुधवार को रांची के झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में शुरुआत हुई। इस दो दिवसीय कार्यशाला में छह बुनियादी विद्यालय, 24 नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय के शिक्षक एवं ग्राम शिक्षा समिति के सदस्य शामिल हो रहे हैं। कार्यशाला का उद्देश्य स्कूली शिक्षा में कृषि के महत्त्व और कृषि क्षेत्र की व्यावहारिकताओं की व्यापकता का विस्तार करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। कार्यशाला का नेतृत्व रामकृष्ण मिशन के संन्यासी सशांकानंद महाराज ने किया। कार्यशाला का संचालन जेसीईआरटी के प्रशासनिक उप निदेशक महीप सिंह, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के रिटायर्ड निदेशक आरपी सिंह रतन, गढ़वा कृषि विश्वविद्यालय के डीन डॉ. अशोक कुमार, व्यावसायिक शिक्षा के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी स्वप्निल कुजूर ने किया।

## समाचार सार

### कर्नल बीरेंद्र कुमार सिंह ने भूतपूर्व सैनिकों को संगठित रहने व देश निर्माण में भाग लेने का किया आहवान



**रांची (प्रातः आवाज)।** भारतीय सेना के भूतपूर्व सेना अध्यक्ष और वर्तमान में केन्द्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह के रांची आगमन पर सूर्यनगर कालोनी, लालगंज, टाटीसिलवे में कर्नल बीरेंद्र कुमार सिंह सेवानिर्वित के आवास पर बहुत बड़ी संख्या में आए हुए भूतपूर्व सैनिकों से मुलाकात की और संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होने सभी भूतपूर्व सैनिकों को संगठित रहने और देश निर्माण और विकास कार्यों में भाग लेने का आहवान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। इस मुलाकात के दौरान वरुण साहू, के के गुप्ता, बलराम सिंह, योगेंद्र प्रताप सिंह, दीपक बांका, एस के सिंहा, अनिल शर्मा, सुनिल तिवारी, अमरेंद्र सिंह, भूतपूर्व सैनिक संजीत सिंह, एम पी सिंहा, आर पी सिंह, ए पी साहू, जे एल गुप्ता, अशोक कुमार, विशाल कुमार और अन्य मौजुद थे।

### भाजपा सिल्ली मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक



**सिल्ली (प्रातः आवाज)।** आगामी 25 मई 2024 को होने वाली लोकसभा चुनाव को देखते हुए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी सिल्ली मंडल के कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक मंडल अध्यक्ष विनोद प्रसाद साहू की अध्यक्षता में शक्ति केंद्र सिल्ली मे संपन्न हुई। जिसमें शक्ति केंद्र के प्रभारी शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 2 मई को रांची लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ का नॉमिनेशन के लिए सिल्ली मंडल की ओर से अधिक से अधिक कार्यकर्तागणों की जाने को लेकर आगामी बैठक के लिए तैयारी को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में शक्ति केंद्र के सभी प्रभारी उपस्थित रहे। यह जानकारी भाजपा सिल्ली मंडल अध्यक्ष विनोद प्रसाद साहू ने दी।

### डॉ मसीह प्रकाश एक्का मेमोरियल नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट 11 को



**पिस्का नगडी (प्रातः आवाज)।** डॉ मसीह प्रकाश एक्का मेमोरियल नाईट क्रिकेट टूनामेंट -2024 का उद्घाटन मैच 11 मई को खेला जाएगा तथा इसका फाइनल मैच 19 मई को होगा। उक्त निर्णय गत दिवस शहीद सुबेदार मेजर शांति तिर्की स्पोर्टिंग क्लब के बैठक में लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि मैच के विजेता टीम को एक लाख दस हजार रुपए और उप विजेता टीम को एकावन हजार रुपए दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त मैन आफ द सिरिज को एक एल ई डी और फाइनल मैच में मैन आफ द मैच को ट्राली बैग प्रदान किया जाएगा। टूनामेंट में सोलह टीमें भाग लेंगी। सभी मैच बारह ओवर की होगी। टूनामेंट की इंट्री फीस ग्यारह हजार रुपए होगी। सभी मैच डब्ल्यू जोन मल्टिपरपस बोर्डिंग स्कूल के मैदान में खेले जायेंगे। बैठक की अध्यक्षता क्लब के संरक्षक डॉ सुफल एक्का, मंच संचालन अध्यक्ष एम पियरसन एक्का ने किया। बैठक में कई सदस्य उपस्थित हुए।

## कमलाकांत यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि एवं क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**राहे (प्रातः आवाज)।** प्रखंड क्षेत्र के चुतरुडीह गांव में बुधवार को समाजसेवी स्व. कमलाकांत यादव के तीसरे पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्व कमलाकांत यादव स्मारक समिति द्वारा आयोजित की गई थी। मौके पर सांसद संजय सेठ, भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज, सिल्ली विधानसभा प्रभारी जितेंद्र सिंह पटेल, हेमंत अहीर समेत इलाके के समाजसेवियों, प्रबुद्धजनों ने समाजसेवी स्व.कमलाकांत यादव की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। सांसद संजय सेठ ने स्वर्गीय कमलाकांत यादव को सादगी का प्रतीक ठहराते हुए एवं किए गए समाज सेवा की सराहना करते हुए उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कमला यादव मिलनसार व्यक्तित्व की धनी थे, वे हमेशा लोगों के सुख दुःख में पीड़ित परिवार के साथ खड़ा रहते थे। विनय महतो धीरज ने कहा कि स्व.यादव समाज के हर जरूरतमंदों की सेवा की है। जितेंद्र सिंह पटेल ने भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए याद किया। मौके पर उनके छोटे भाई परीक्षित यादव, दिलेश्वर कोईरी, रंजीत यादव, हेमंत अहीर, धनंजय मुंडा, सोमरा मुंडा, शक्ति मुंडा, शक्ति प्रमाणिक, छोटू यादव, दमन मंडल, केडी महतो समेत कई लोग उपस्थित थे।

# पुरनाडीह प्रबंधन कठोन के ग्रामीणों को जल्द दे नौकरी व मुआवजा

प्रातः आवाज



**खलारी।** एनके एरिया के कठोन गांव में ग्रामीणों की बैठक बुधवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता रविन्द्र कुमार गंझु ने किया। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि पुरनाडीह परियोजना अंतर्गत कठोन गांव के ग्रामीण प्रबंधन के कार्यशैली पर नाराजगी व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने बताया कि पुरनाडीह परियोजना खदान अब गांव के नजदीक आ गया है और मात्र 25 मीटर की दूरी पर खदान चल रहा है और अभी तक ग्रामीणों को नौकरी, जमीन एवं घर का मुआवजा नहीं मिला है। जबकि पूर्व में प्रबंधन ने आश्वासन दिया था कि जैसे ही गांव की तरफ खदान बढ़ेगा सभी को नौकरी मुआवजा दिया जाएगा। इसके लिए ग्रामीणों ने प्रबंधन को कुछ जगह पर कार्य भी करने दिया। लेकिन अब प्रबंधन ग्रामीणों को दबाब बनाकर गांव खाली करने की बात कह रहा है। जबकि गांव में अभी तक मात्र केवल 13 लोगों को ही नौकरी मिली है और उसमें भी प्रबंधन के द्वारा पांच लोगों को रेगुलाइज नहीं किया जा रहा है। साथ ही प्रबंधन को कुछ कहने पर ग्रामीणों को नौकरी से बैठाने एवं ग्रामीणों के ऊपर मुकदमा करने की धमकी दी जा रही है। जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने कहा कि अब बिना नौकरी मुआवजा लिए कैसे जमीन खाली कर दे। प्रबंधन नौकरी मुआवजा दे और खदान चलाये। लेकिन नौकरी मुआवजा दिए बिना ही प्रबंधन जबरन खदान चलाने की तैयारी कर रही है जबकि खदान से गांव की दूरी मात्र 25 मीटर है ऐसे में ग्रामीण कैसे मदद करेंगे। प्रबंधन को खदान चलाना चाहते हैं तो ग्रामीणों की जो भी मांगे हैं उस पर सकरात्मक पहल करने का काम करे। अन्यथा प्रबंधन जबरन खदान विस्तारीकरण को लेकर गांव पर दबाव नही डाल सकता है और ऐसा करने पर ग्रामीण प्रबंधन के खिलाफ जोरदार आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

बैठक में सुलेन्द्र गंझु, विनय गंझु, शंकर गंझु, भादो गंझु, रंथू गंझु, तलेश्वर गंझु, कुलेश्वर गंझु, अजय गंझु, तापे गंझु, रवि गंझु, प्रदीप कुमार, सूरज गंझु, कुंदन गंझु, पूनम देवी, मानती देवी, निराशो देवी, पियाशो देवी, पूनम कुमारी, रेखा देवी, झानो देवी, रेशमा कुमारी, बंधनी देवी, कविता देवी, सोनी कुमारी, अनिशा देवी, सोनी देवी, एतवारिया देवी, गीता देवी, मालती देवी, पूनम देवी, नंदनी कुमारी, बालो देवी, रेखा देवी, बिपति देवी, फगुनी देवी, रीता देवी, सुमित्रा कुमारी, सुमन कुमारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# हम सभी शिक्षक सदैव बच्चों के हित में खड़े रहेंगे : डॉ कमलेश कुमार

प्रातः आवाज



**खलारी।** डीएवी स्कूल खलारी में बुधवार को नये सत्र 2024 - 25 के लिए ग्यारहवीं के बच्चों की कक्षाएं प्रारंभ की गई। सबसे पहले विद्यालय पहुंचने पर कक्षा ग्यारहवीं के बच्चों के लिए वैदिक हवन का आयोजन किया गया। इसके परांत उनके लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार सहित कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं में पढ़ाने वाले सभी विषयों के अध्यापक उपस्थित हुए। उनमें अंग्रेजी, हिंदी, फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, गणित, कॉमर्स, कंप्यूटर, इतिहास, राजनीति शास्त्र, भूगोल, आर्ट्स एंड क्राफ्ट एवं शारीरिक शिक्षा के सभी शिक्षक बच्चों से रूबरू हुए।

ओरिएंटेशन कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों से बातचीत करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार ने उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे वरिष्ठ कक्षाओं में आकर अपनी जिम्मेदारियों को समझें और विद्यालय के अनुशासित सिपाही बनकर शिक्षा ग्रहण करें। उन्होंने बच्चों को आश्वस्त किया कि पढ़ाई से संबंधित किसी भी समस्या के हल के लिए वे हर समय उनके हित में काम करेंगे। सभी विषयों के अध्यापकों ने भी बच्चों के साथ इंटरेक्शन किया। वहीं बच्चों को वरिष्ठ कक्षाओं में अपने करियर और विषय के चयन से संबंधित कई सलाह अध्यापकों के द्वारा दी गई। ज्ञात हो कि बुधवार से विद्यालय में 11वीं की कक्षाएं शुरू हो गई हैं। प्राचार्य ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों का नामांकन विद्यालय में शीघ्र करवाकर उन्हें विद्यालय भेजें।

## संत थॉमस स्कूल में छात्र परिषद का गठन

प्रातः आवाज





**रांची।** संत थॉमस स्कूल में छात्र परिषद का गठन सह शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इसका उद्घाटन प्राचार्य रेवरेंड डॉ एमओ ऊमेन और उप प्राचार्या सुजेन ऊमेन ने किया। प्राचार्य ने कहा कि जीवन में पद का नहीं, बल्कि व्यक्ति के कार्य का महत्व होता है। पद शक्ति का नहीं, जिम्मेदारी का घोतक है। छात्र इस जिम्मेदारी का निर्वहन कुशलतापूर्वक करें। इस मौके पर हेड ब्वॉय नबील जामी, हेड गर्ल अद्वेता दास, डिप्टी हेड ब्वॉय शिवांश शौर्य और डिप्टी हेड गर्ल आस्था सिंह ने शपथ ली। टेरेसा हाउस के तेजस श्रीवास्तव व रोनिया चटर्जी, कलाम हाउस के सप्तऋषि सिन्हा व ऋचा श्रीवास्तव, टैगोर हाउस के सानिध्य अर्चित सहाय व आराध्या सिंह, नेहरू हाउस के अश्विनी व सेजल गोठी, स्पोर्ट्स कैप्टन अंशुल जॉन कुल्लू व प्रतिभा कुमारी और आइटी कैप्टन प्रत्युष मिश्रा व नेहल शर्मा ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। सभी को बैज पहनाकर सम्मानित किया गया।

## समाचार सार

### सुदेश महतो से संजय सेठ ने की मुलाकात लोकसभा चुनाव की रणनीति पर हुई चर्चा



**रांची (प्रातः आवाज)।** रांची लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ और आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के बीच रांची लोकसभा क्षेत्र में एनडीए की जीत सुनिश्चित करने की राजनीति पर चर्चा हुई। यह बैठक बुधवार को आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के कांके रोड, रांची स्थित आवास में हुई। मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि रांची में पिछले बार से बड़ी जीत हासिल करेगा एनडीए। हमारे गठबंधन पर जनता का विश्वास है। रांची समेत पूरे राज्य की 14 सीटों पर जनता अपना आशीर्वाद हमें अवश्य देगी। चार सौ पार के संकल्प को पूरा करने की दिशा में झारखंड अपना दायित्व निभाएगा। इस दौरान संजय सेठ ने कहा कि इस चुनाव में सुदेश महतो और आजसू पार्टी के सहयोग और समर्थन से रांची लोकसभा क्षेत्र में हम इतिहास रचेंगे।

### कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय बेटी यशस्विनी के साथ रिम्स में घायलों से मिले



**रांची (प्रातः आवाज)।** कांग्रेस नेता सह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय उनकी बेटी यशस्विनी सहाय और झामुमो नेता बुधवार को रिम्स पहुंचे। रिम्स के ऑर्थो विभाग में 11 दिनों से इलाजरत मरीज बसंती देवी और हीरामनी कुमारी और उनके परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान इलाज और अस्पताल में मिल रहे सुविधा के बारे में परिजनों से जानकारी ली। साथ ही इलाज कर रहे डॉक्टर रवि से भी सुबोधकांत और उनकी बेटी से मिलकर घायलों के बारे में जानकारी ली और बेहतर इलाज करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि 14 अप्रैल को बढ़मू सरहुल शोभायात्रा में मुरपीरी गांव में टैक्टर पलटने से तीन की मौत और 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसमें हीरामनी और बसंती देवी भी शामिल थी।

### 26 अप्रैल को नगर कीर्तन से गुरमत समागम की होगी शुरुआत, 27 एवं 28 को सजेगा विशेष दीवान



**रांची (प्रातः आवाज)।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा संचालित गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा दो दिवसीय आठवां महान गुरमत समागम की शुरूआत 26 अप्रैल को सुबह 5:00 बजे से 8:00 बजे तक भव्य नगर कीर्तन से होगी, जिसमें पुष्प सवारी पर विराजमान श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को पांच प्यारे एवं पांच निशानची की अगुवाई में कॉलोनी की विभिन्न गलियों का भ्रमण कराया जाएगा। इस नगर कीर्तन में सत्संग सभा की कीर्तन मंडली द्वारा रास्ते भर शबद गायन होगा। गुरमत समागम में कुल दो विशेष दीवान सजाए जाएंगे, कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा में पहला दीवान 27 अप्रैल, शनिवार को रात 8:00 बजे से 11:00 बजे तक तथा दूसरा दीवान 28 अप्रैल, रविवार को दोपहर 11:00 बजे से 2:00 बजे तक सजाया जाएगा। इस पावन मौके पर गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा 28 अप्रैल, रविवार को सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक गुरुद्वारा साहिब के बेसमेंट में रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा।

### डीपीएस रांची के ईशान राज वर्मा का ग्रेजुएट मैनेजमेंट एडमिशन टेस्ट (जीमैट) में शानदार प्रदर्शन

**रांची (प्रातः आवाज)।** डीपीएस रांची के ईशान राज वर्मा ने ग्रेजुएट मैनेजमेंट एडमिशन टेस्ट (जीमैट) में 760 अंक हासिल कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है एवं उन्होंने इस परीक्षा में 99 परसेंटाइल हासिल किया है। डीपीएस रांची के वाणिज्यिक संकाय बैच (2020) के विद्यार्थी ईशान ने असाधारण शैक्षणिक कौशल और समर्पण का प्रदर्शन किया है, जिससे यह उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल हुई है। जीमैट में उनका शानदार प्रदर्शन उनकी विशिष्ट योग्यता को दर्शाता है। इसके अलावा, ईशान की उपलब्धियां उसके जीमैट स्कोर से कहीं अधिक हैं। उन्होंने आईएसबी यंग लीडर्स प्रोग्राम के माध्यम से प्रबंधन में आईएसबी पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम के लिए इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) में प्रवेश सुरक्षित कर लिया है। प्रबंधन शिक्षा में वैश्विक रूप में मान्यता प्राप्त आईएसबी, फाइनेंशियल टाइम्स के अनुसार वर्तमान में भारत में प्रथम और दुनिया में 31वें स्थान पर है। लगभग 10,000 आवेदकों में से, ईशान 150 चयनित उम्मीदवारों में से एक हैं एवं झारखंड राज्य से चुने गए वह एकमात्र विद्यार्थी हैं। इस अवसर पर डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने ईशान को बधाई दी एवं उनकी उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया और उनके भविष्य के प्रयासों में निरंतर सफलता की मंगलकामना की।

### मतदान संख्या में वृद्धि के लिए चैंबर की पेशकश

**रांची (प्रातः आवाज)।** आम चुनाव में मतदान प्रतिशत की संख्या में वृद्धि हो इस हेतु फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज ने निर्वाचन आयोग के प्रयासों में अपनी सहभागिता की पेशकश की है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के.रवि कुमार और उपायुक्त रांची को पत्राचार कर कहा कि मतदान केंद्रों के बाहर चैंबर के बैनर तले मतदाताओं का स्वागत, उनके बैठने की उपयुक्त व्यवस्था, जलपान की सुविधा तथा मतदाता सूचि में उनके नाम पर्ची उपलब्ध कराने की सुविधा दी जायेगी। यदि आयोग अनुमति दे, तब हम जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स और सम्बद्ध संस्थाओं के सहयोग से यह सुविधा राज्य के सभी जिलों में करने के लिए प्रयास कर सकते हैं। इन छोटे-छोटे प्रयासों से मतदाताओं को सुविधा मिलेगी तथा वे मतदान केंद्रों तक आने के लिए आकर्षित होंगे। यह कहा गया कि आंकड़ों से स्पष्ट है कि वर्ष 2019 के आम चुनाव में झारखण्ड समेत 11 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में मतदान प्रतिशत अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं था। लोकतंत्र के चुनावी महापर्व में मतदाता अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, मतदान का प्रतिशत बढ़े, इस हेतु जरुरी है कि निर्वाचन आयोग द्वारा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसियेशन, मतदाता जागरूकता मंचों, व्यापारिक, औद्योगिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित की जाय। चैम्बर महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी की सहभागिता हो, ऐसा चैंबर का प्रयास रहेगा। आग्रह किया गया कि हमारे सुझाव पर विचार किया जाय ताकि चैंबर द्वारा अपने सदस्यों के साथ इस मुहिम में जरूरी पहल की जा सके।

# आवश्यक सेवाओं से जुड़े लोगों का मतदान सुनिश्चित कराएं : रवि कुमार

- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर दिये निर्देश

**प्रातः आवाज**



**रांची।** निर्वाचन कार्य से जुड़े और वैसे मतदाता, जो आवश्यक सेवा यथा रेलवे, स्वास्थ्य, मीडिया, अग्निशमन आदि में कार्यरत हैं और वे मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहने के कारण मतदान केंद्र नहीं जा सकते, उन सभी मतदाताओं का फॉर्म 12 डी भरवाकर आवेदन ले लें एवं उनका पोस्टल बैलेट से मतदान सुनिश्चित कराएं। एक भी मतदाता, जो अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहते हों, वह अपने मतदान के अधिकार से वंचित न हों, इस ध्येय को लक्षित कर पदाधिकारी कार्य करें।

यह निर्देश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने निर्वाचन सदन से सभी जिलों के जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारियों के साथ बुधवार को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक में दिया।

कुमार ने कहा कि सभी जिलों के पोस्टल बैलेट कोषांग के पदाधिकारी अपने जिले की आवश्यक सेवाओं से जुड़े एवं मतदान कार्य में कार्यरत मतदाताओं से पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए विहित फॉर्म भरवाकर आवेदन ले लें या वे स्वयं मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए इच्छुक हैं, वैसी स्थिति में उनकी संस्थान की प्रतिक्रिया लेते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए प्रारूप में प्रतिवेदन समर्पित करें। कुमार ने कहा कि रेलवे के सभी संबंधित पदाधिकारियों से निकट समन्वयन स्थापित कर सभी रेलकर्मियों, वेंडरों, कुलियों सहित अन्य लोगों को भी मताधिकार के प्रयोग के लिए जागरूक करें। साथ ही उनके सुगम मतदान के लिए आवश्यक प्रयास करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर इस मामले में असहयोग की संभावना हो, तो बताएं। इसी प्रकार से 80 वर्ष से अधिक आयु के वैसे वरिष्ठ नागरिक या दिव्यांग मतदाता, जो मतदान केंद्र तक आने-जाने में अक्षम हों, उनके पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां ससमय पूरी कर लें।

इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, राज्य पुलिस पोस्टल बैलेट नोडल पदाधिकारी पटेल मयूर कन्हैया लाल, ओएसडी गीता चौबे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नाबालिग को कुल्हाड़ी से मारकर जख्मी करने का आरोपी भेजा गया जेल

**रांची (प्रातः आवाज)।** राजधानी के कांके थाना क्षेत्र में नौ साल के नाबालिग को कुल्हाड़ी से मारकर गंभीर रूप से जख्मी करने के मामले में पुलिस ने बुधवार को आरोपित विजय लोहार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नाबालिग को रिम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उसकी स्थिति अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग पर उसके पड़ोसी विजय लोहार ने घर में घुसकर कुल्हाड़ी से कई वार किया। हमले में नाबालिग गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना मंगलवार रात की है। कांके थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा ने बताया कि बच्चे के पिता के साथ आरोपित विजय लोहार का कई वर्षों से कुछ बातों को लेकर विवाद चल रहा था। विजय लोहार शराब के नशे में धुत होकर नाबालिग के पिता को जान से मारने के लिए हाथ में कुल्हाड़ी लेकर गया था लेकिन नाबालिग पर ही हमला कर दिया।

## हाई कोर्ट ने डीटीओ-एसएसपी से अवैध रूप से चल रहे डीजल ऑटो-टोटो का मांगा ब्यौरा

- बिरसा चौक पर ऑटो से महिला की हुई मौत मामले में दाखिल जनहित याचिका पर हुई सुनवाई

**प्रातः आवाज**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में जनवरी 2022 में राजधानी के बिरसा चौक पर ऑटो से महिला की हुई मौत मामले में दाखिल शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। कोर्ट ने मामले में ट्रांसपोर्ट सेक्रेटरी को प्रतिवादी बनाया है। कोर्ट ने उनसे पूछा कि रांची शहर में जो डीजल ऑटो और टोटो चल रहे हैं उनके पॉल्यूशन सर्टिफिकेट, फिटनेस आदि की जांच के लिए क्या कार्रवाई हुई? ऑटो और टोटो चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस की जांच के लिए क्या कार्रवाई की जाती है। कोर्ट ने इन सारे बिंदुओं पर तीन सप्ताह में ट्रांसपोर्ट सेक्रेटरी से जवाब मांगा है। कोर्ट ने डीटीओ रांची एवं एसएसपी रांची को भी शपथ पत्र दाखिल कर शहर में अवैध रूप से चलने वाले डीजल ऑटो एवं टोटो के संबंध में जवाब मांगा है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान सरकार के अधिवक्ता श्रीनू गणपती को फटकार लगाते हुए मौखिक कहा कि कोर्ट अभी तुरंत आपके साथ चलकर रांची शहर में बगैर ड्राइविंग लाइसेंस वाले चालक को डीजल ऑटो एवं टोटो को चलाते हुए दिखा सकती है। कोर्ट ने कहा कि रांची शहर में छोटे-छोटे बच्चे डीजल ऑटो और टोटो चलाते हैं। वे अचानक कहीं भी गाड़ी को मोड़ देते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटना होती है। इनके पास कोई ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं होता है। कोर्ट ने मामले में डीएसपी ट्रैफिक द्वारा दाखिल शपथ पत्र पर असंतुष्टि जताई। साथ ही कहा कि शपथ पत्र में दी गई बातें हवा हवाई नहीं होनी चाहिए। धरातल पर ट्रैफिक सुधार के लिए काम हो रहा है यह दिखना चाहिए।

### आरपीएफ ने शराब के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा



**रांची (प्रातः आवाज)।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ऑपरेशन सतर्क के तहत शराब के साथ एक आरोपित जीवन साह को गिरफ्तार किया है। आरोपित बिहार के मुजफ्फरपुर का रहने वाला है। इसके बैग से 12 शराब की बोतल बरामद की गई है। बुधवार को आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्टेशन चेकिंग दौरान एक संदिग्ध भारी बैग के साथ रांची स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या दो पर टहलते मिला। जांच करने पर उसके बैग से शराब बरामद किया गया। बरामद शराब की कीमत 8000 आंकी गई है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि शराब को बिहार ले जाकर अधिक दाम में बेचने का काम करता है।

## कांग्रेस का घोषणापत्र देश को तोड़ने वाला : संजय सेठ

- वामपंथी और अर्बन नक्सलियों के रास्ते चल रही कांग्रेस

**प्रातः आवाज**



**रांची।** रांची के सांसद सह भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र देश को तोड़ने वाला है। हिंदू मुस्लिम को लड़ाने वाला पत्र है। इन्होंने हमेशा हिंदू-मुसलमान किया है। समाज को बांटने का काम किया है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में जो बातें लिखी गई हैं, उसके पीछे इनका एक हिडन एजेंडा है। यह पूरी तरह से वामपंथी अर्बन नक्सल के द्वारा तैयार किया गया घोषणा पत्र है।

सेठ बुधवार को अरगोड़ा स्थित कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। भाजपा उम्मीदवार ने कहा कि वर्ष 2013 में जब कांग्रेस की सरकार थी तब इन लोगों ने सांप्रदायिक लक्षित हिंसा अधिनियम के नाम से एक विधेयक लाया था। यह इतना खतरनाक विधेयक था, जिसमें यहां बैठे सारे लोग इसकी चपेट में आते। सबका जीवन बर्बाद हो जाता। इस विधेयक के माध्यम से सीधे-सीधे हिंदुओं को टारगेट किया गया था।

सेठ ने कहा कि यह कैसे संभव है कि किसी एक व्यक्ति की कमाई को दूसरे लोगों में बांट दिया जाए। इसे आज पूरे देश को समझने की जरूरत है। कोई दो बच्चे का पिता दिन-रात कठिन परिश्रम अपने परिवार के लिए करता है। अपनी संपत्ति अर्जित करता है और उसे 10 बच्चों वाले परिवार को बांटने की बात कांग्रेस कर रही है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सेठ ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं से मेरा सवाल है कि वह बताएं की घोषणा पत्र के पीछे उन्होंने ऐसा क्यों किया? उन्होंने हिंदुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ क्यों किया? उनकी इन हरकतों का जवाब जनता एक बार फिर से देगी।

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 10 वर्षों के शासनकाल में हमेशा 140 करोड़ देशवासियों की बात की। बिना किसी भेदभाव के, बिना किसी हिंदू मुसलमान के उन्होंने हर किसी को, हर जरूरतमंद को आवास उपलब्ध कराया। बिजली का कनेक्शन दिया। उज्जवला कनेक्शन दिया। जनधन खाता खोले। सुकन्या समृद्धि योजना दी। गरीब कल्याण के तहत मुफ्त अनाज दिया। उसमें मोदी ने यह नहीं कहा कि यह हिंदुओं की योजना है। यह मुसलमान की योजना है लेकिन कांग्रेस अपने एजेंडा में इसे शुरू से ही शामिल करती रही है। यह भारतीय लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत है।

## कांग्रेस नेता ने भाजपा प्रत्याशी पर साधा निशाना

- 16 लाख करोड़ रुपये पूंजीपतियों का कर्ज माफ क्यूं किया गया, इसका जवाब संजय सेठ को देना चाहिए

**प्रातः आवाज**



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बुधवार को रांची लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस देश की संपत्ति का सर्वे इसलिए करानी चाहती है ताकि देश की जनता को यह पता चल सके कि भाजपा ने अपने शासनकाल में देश की कितनी संपत्तियां बेची हैं। देश की जनता की गाढ़ी कमाई से कांग्रेस की सरकार ने जो सरकारी संपत्ति बनाई उसे कैसे अपने पूंजीपति मित्रों के हवाले कर दिया और देश की जनता कंगाल होते चली गई। इसकी जानकारी देशवासियों को होना जरूरी है। सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस इसलिए भी संपत्ति का सर्वे कराना चाहती है ताकि जनता यह जान सके कि भाजपा के नेताओं ने कैसे अनैतिक तरीके से अथाह संपतियां अर्जित की हैं। उन्होंने कहा कि 16 लाख करोड़ रुपये पूंजीपतियों का कर्ज माफ क्यूं किया गया। इसका जवाब संजय सेठ को देना चाहिए। मोदी ने जितनी राशि पूंजीपति मित्रों का माफ किया उससे दस करोड़ अन्नदाता किसान परिवारों का कर्ज माफ किया जा सकता था और किसानों को आत्महत्या करने से बचाया जा सकता था। सिन्हा ने कहा कि भाजपा सांसद संजय सेठ को महंगाई और बेरोजगारी पर बात करनी चाहिए। इन दस सालों में प्रधानमंत्री ने देश को गर्त में पहुंचा दिया। संजय सेठ यह बताएं कि अपने पांच साल के कार्यकाल में कभी भी सदन में महंगाई, बेरोजगारी, सरना धर्म कोड, ओबीसी को 27 प्रतिशत का आरक्षण की आवाज लोकसभा में क्यों नहीं उठाई। यदि इन मुद्दों को उन्होंने सदन में उठाया है तो राज्य की जनता के समक्ष प्रमाण देना चाहिए।

सिन्हा ने कहा कि सिर्फ झूठ बोलकर केन्द्र सरकार के भ्रष्टाचार को वह ढक नहीं सकते। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता भाजपा और उसके नेता नरेन्द्र मोदी के झूठ और समाज को बांटने की राजनीति को समझ चुकी है और वोट के माध्यम से चोट करने के लिए तैयार बैठी है।

## देश में इलेक्टोरल बॉन्ड स्कैम के बाद सूरत में दिखा वोट स्कैम : सुप्रियो भट्टाचार्य

**प्रातः आवाज**



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से निर्विरोध निर्वाचन पर भाजपा पर सवाल खड़ा किया है। भट्टाचार्य ने कहा कि बीते दिन गुजरात के सूरत लोकसभा सीट से निर्विरोध चुने गए भाजपा सांसद के चुनाव संदेह की घेरे में है। देश में इलेक्टोरल बॉन्ड के बाद सूरत में एक नया वोट स्कैम देखने को मिला। इस सीट से कांग्रेस के नामांकन को रद्द किया गया और जितने भी दल के उम्मीदवार थे। सभी ने एक साथ नामांकन वापस ले लिया। इससे पहले भी निर्विरोध सांसद चुने गए हैं। लेकिन कभी भी किसी पर उंगली नहीं उठी। लेकिन गुजरात के भाजपा अध्यक्ष ने मिलकर यह साजिश रची और अधिकारी पर दबाव बनाकर परिणाम घोषित करवाया। अब राजनीतिक शर्म हया कुछ नहीं है। भट्टाचार्य बुधवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।

उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पर भी निशान साधते हुए कहा कि रक्षा मंत्री यह मान चुके हैं कि उनके उम्मीदवार अर्जुन मुंडा चुनाव हार गए। क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में उनकी जीत कैसे हुई थी, यह किसी से छुपी हुई नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बार राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि एनडीए में बाबूलाल मरांडी और सुदेश महतो हैं। ऐसे में उन्हें कौन हरा सकता है। इसका मतलब स्पष्ट है कि उन्हें हार का डर सताने लगा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और भाजपा कितनी भी षड्यंत्र रच ले जनता का साथ इंडी गठबंधन के साथ रहेगा।

## झारखंड में वोटरों को जागरूक करने के लिए स्थानीय भाषा के कार्टून फिल्मों का सहारा ले रही पुलिस

- वोटर को फोकस कर बनायी गयी कार्टून फिल्म

**प्रातः आवाज**




**रांची।** राज्य में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। एक तरफ जहां शांतिपूर्ण और सुरक्षित चुनाव संपन्न कराना पुलिस की जिम्मेदारी है, वहीं दूसरी तरफ पुलिस लोकतंत्र के महापर्व में हर कोई अपना योगदान दे इसके लिए भी जोरदार प्रयास कर रही है। पुलिस स्थानीय भाषाओं में कार्टून फिल्में तैयार कर लोगों को जागरूक कर रही है।

झारखंड में चार चरणों में चुनाव होने हैं। पहले चरण में 13 मई को चार संसदीय सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा तथा पलामू में मतदान होगा। वोटिंग प्रतिशत बढ़ सके, इसके लिए हर विभाग अपने-अपने तरह से प्रयास कर रहा है। झारखंड पुलिस भी अलग-अलग तरह से आम लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रही है। इसके लिए बाकायदा स्थानीय भाषा में कार्टून फिल्में भी बनाई गई हैं, जिसके माध्यम से लोगों तक लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने की अपील की जा रही है।

राज्य के विभिन्न जिलों में अलग-अलग स्थानीय भाषाएं बोली जाती हैं। ऐसे में यदि उनकी भाषा में ही उन्हें लोकतंत्र के महापर्व के बारे में बताया जाए तो यह बेहद कारगर सिद्ध होगा। यही वजह है कि राज्य के विभिन्न जिलों में पुलिस कार्टून सीरीज बनाकर उसके जरिए वोट देने के लिए लोगों को प्रेरित कर रही है। नागपुरी भाषा में बनाया गया कार्टून फिल्म काफी लोकप्रिय हो रहा है। इस कार्टून फिल्म में दो गांव वाले आपस में बात करते नजर आते हैं। इनमें से एक पूछता है कि वोट देने जाना है कि नहीं, तो दूसरा उसे समझाता है कि मतदान करना उनका अधिकार है। पहले मतदान करना है और फिर जलपान करना है।

स्थानीय भाषा में ही लोगों को यह भी कार्टून के जरिए समझाया गया है कि यदि आपको कोई भी वोट देने से मना करता है, डरता है या धमकाता है तो आप उसकी शिकायत तुरंत पुलिस से करें। इसके लिए डायल 100 और डायल 112 की मदद लें। वीडियो को पुलिस ने सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार के लिए तो डाला ही है, साथ ही पंचायत स्तर पर काम करने वाले यूथ टीम को भी वीडियो भेजा गया है। कार्टून फिल्मों में उस लोकसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान की तिथि को लेकर भी जानकारी दी गई है।

इस संबंध में डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि जिले की पुलिस अपने-अपने स्तर से विभिन्न तरह के जागरुकता अभियान चला रही है, ताकि वोटिंग प्रतिशत बढ़ाया जा सके। पुलिस के पास जो भी साधन हैं उसका प्रयोग कर आम लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस बार के मतदान में कोई भी मतदाता छूटे नहीं, इस ध्येय से कार्य किया जा रहा है।

### बाबूलाल मरांडी आज जाएंगे साहेबगंज



**रांची (प्रातः आवाज)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 25 अप्रैल को साहेबगंज जाएंगे। वहां राजमहल लोकसभा कार्यालय का उद्घाटन करेंगे एवं कार्यकताओं के साथ बैठक करेंगे। मरांडी दुमका लोकसभा के सारठ विधानसभा स्थित ताराबाद स्कूल मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। मरांडी के साथ संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा के सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा भी मौजूद रहेंगे।

# भाजपा के वीडी राम और इंडिया गठबंधन की ममता भुइयां ने किया नामांकन दाखिल

## बीजेपी व इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार ने अपनी जीत का दावा पेश किया, पाला पलामू की जनता के पाले में है

प्रातः आवाज

**पलामू :** पलामू लोकसभा क्षेत्र में सांसद बनने के लिए जिन दो लोग महत्वपूर्ण नजर आ रहे हैं वो हैं भाजपा के प्रत्याशी वर्तमान सांसद विष्णु दयाल राम तथा इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार ममता भुइंया निश्चित तौर पर मुकाबला इन दोनों के बीच ही होने जा रहा है इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है आज दोनों ने पलामू



जिला के निर्वाचन पदाधिकारी पलामू के उपायुक्त शशि रंजन को अपना नामांकन पत्र सोपा नामांकन पत्र सोपने के बाद



दोनों ने अपनी अपनी जीत का दावा पेश किया निश्चित तौर पर मुकाबला इन दोनों के बीच है एक 10 वर्ष से सांसद रहे हैं विष्णु दयाल राम और दूसरे तरफ इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार जो कभी बीजेपी के साथ थे उन्होंने लालटेन का दामन थाम कर राजद मेल पर सवार होकर संसद पहुंचने के लिए आतुर है हालांकि यह तो वक्त बताएगा कि कौन कितने पानी में है किसकी रणनीति और कार्य नीति कितनी सार्थक साबित होती है लेकिन इतना तो तय है की मुकाबला बहुत ही दिलचस्प होगा।

# पलामू से इस बार दस प्रतिशत ज्यादा वोट पड़ना चाहिए : जनरल वीके सिंह



प्रातः आवाज

**पलामू।** केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह बुधवार को पलामू में एनडीए प्रत्याशी वीडी राम के नामांकन में शामिल हुए। वहां आयोजित विशाल जनसभा को उन्होंने संबोधित किया। मौके पर जनरल वीके सिंह ने कहा कि पलामू से एनडीए प्रत्याशी वीडी राम को भारी मतों से जिताना है, ताकि उन्हें दिल्ली में और जिम्मेदारी का पद मिले। उन्होंने कहा कि देश की गति के साथ झारखंड को आगे बढ़ाने के लिए एनडीए को यहां से पूरा वर्चस्व मिलना चाहिए। झारखंड की सभी 14 सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत होनी चाहिए। जनरल सिंह ने कहा कि पीएम का सपना है कि भारत में सड़क, रेल का जाल बिछे। घर-घर बिजली पहुंचे। सड़कों का जाल बिछा है। सड़कें अब भी बन रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व फौजी जनरल एक छोटी सी अपील करने यहां आया है। पलामू के प्रत्याशी वीडी राम को इतना बहुमत से विजयी बनाकर दिल्ली भेजें कि लोग चकित रह जाए। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब झारखंड में एक दो महीने में नए ब्रिज गिर जाते थे। अब ऐसा नहीं होता है।

### भाजपा सरकार ने नक्सलियों पर नकेल कसा : वीडी राम

पलामू सांसद वीडी राम ने कहा कि भाजपा की नीति और कार्यक्रम में कोई भेदभाव नहीं होता है। योजनाओं का लाभ हर वर्ग और जाति के लोगों को मिलता है। वर्ष 2014 से पहले शाम 5 बजे के बाद क्षेत्र में डर और भय का वातावरण रहता था। भाजपा की सरकार आने पर नक्सलियों पर नकेल कसने का काम किया गया। आज निर्भय होकर लोग आते-जाते हैं। वर्तमान सरकार में चारों तरफ भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि वह पूर्व के अधूरे काम को पूरा करेंगे। ऐसा कोई काम नहीं करुंगा, जिससे क्षेत्र के लोगों का सिर झुक जाए।

## कांग्रेस, राजद व झामुमो ने कभी झारखंड के लोगों का सम्मान नहीं किया : बाबूलाल मरांडी

**भाजपा** के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी। पलामू से इस बार दस प्रतिशत ज्यादा वोट पड़ना चाहिए। कमल निशान का बटन दबाकर वीडी राम को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाना है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एनडीए सरकार में हुए विकास का कार्य किसी से छिपा नहीं है। प्रधानमंत्री गांव, गरीब, महिला, युवा सबकी चिंता करते हैं। सबके लिए काम किया है। प्रधानमंत्री ने गरीबों को घर दिया है। गैस दिया है। गरीब भूखे नहीं सोए, इसके लिए उन्हें मुक्त राशन दिया जा रहा है। यह अगले पांच साल तक जारी रहेगा। बीमार होने पर अच्छे अस्पताल में इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री ने आयुष्मान कार्ड भी दिया है। मरांडी ने कहा कि झारखंड अलग राज्य भाजपा की देन है। कांग्रेस, राजद, झामुमो ने कभी झारखंड के लोगों का सम्मान नहीं किया। झारखंड अलग राज्य का आंदोलन वर्षों से चल रहा था। कांग्रेस ने इस आंदोलन को खरीदने देने का काम किया। झामुमो सहित अन्य दल कांग्रेस के हाथों में बिक गए।

मरांडी ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार ने कोयला, लोहा, सबको लुटवाया। बालू तक को नहीं छोड़ा। काम के लिए बालू लेकर जाने लोगों पर एफआईआर किया जाता है। सरकार के लोग अपनी तिजोरी भरकर बालू को बाहर भेज रहे हैं। उन्होंने पहाड़ तक को समाप्त कर दिया है। सेना की जमीन तक को लूटा है। इसकी वजह से आज हेमंत सोरेन जेल में बंद है।

## एनडीए प्रत्याशी वीडी राम के नामांकन में आजसू पार्टी के सैकडों कार्यकर्ता हुए शामिल



प्रातः आवाज

**पलामू :** भारतीय जनता पार्टी की ओर से एन डी ए प्रत्याशी बी डी राम के नामांकन मे आजसू पार्टी, लोजपा व जदयु, एन सी पी समेत भाजपा के हजारों नेता व कार्यकर्ता शिवाजी मैदान में आयोजित आम सभा में शिरकत किया। आजसू पार्टी लोकसभा प्रभारी सतीश कुमार केन्द्रीय महासचिव संजय रंजन सिह केन्द्रीय सचिव बबलू गुप्ता शंकर बिश्वकर्मा चम्पा देवी गढवा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा नन्दु ठाकुर प्रधान महासचिव त्रिपुरारि सिंह डा0 अफजल अंसारी राजु प्रसाद दशरथ चौधरी संजय शर्मा दीपक कुमार मनोज शर्मा के नेतृत्व में गढवा व पलामू जिला के सैकडो कार्यकर्ता शामिल हुए।एनडीए प्रत्याशी बी डी राम को भारी मतों से जिताने मे पुरी तन्मयता से लगने का संकल्प लिया।

### एनएच 75 फोरलेन के डायवर्सन में धूल उड़ने से हादसा, बाइक सवार दो युवकों की मौत

पलामू। रांची-डालटनगंज मुख्य पथ पर मंगलवार की रात करीब10 .30 बजे लहलहे में बन रहे एनएच-75 फोरलेन के डायवर्सन पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई है, जबकि एक अन्य युवक जख्मी है। हालांकि घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल तीनों युवकों को इलाज के लिए डालटनगंज सदर अस्पताल भेजा था, जहां दोनों युवकों की मौत होने की पुष्टि चिकित्सकों द्वारा करने के बाद पुलिस को सूचना दिए बगैर परिजन शव घर ले आए। बुधवार को अंतिम संस्कार करा दिए जाने की भी सूचना है।

# जनता के लिए सदैव समर्पित रहूंगी : ममता भुईयां

प्रातः आवाज

**डाल्टनगंज :** पलामू लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुईयां ने आज नामांकन किया । पार्टी के वरिष्ठ नेता , सहयोगी दलों के जिला अध्यक्ष समेत हजारों कार्यकताओं के साथ उपायुक्त कार्यालय में नामांकन किया ।

नामांकन के पश्चात प्रेस को संबोधित करते हुए ममता भुईयां ने कहा कि लोकसभा चुनाव में लोगों का अपार जन समर्थन मिल रहा है। निश्चित तौर पर पलामूवासी अपने घर की बेटी को हर संभव अवश्य मदद करेंगे ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है । एक तरफ भाजपा अपने सिद्धांतों से भटक कर लोगों को आपसी धर्म, संप्रदाय, जाति की राजनीति में भटका रही है और मूल विकास से लोगों को कोसों दूर करती जा रही है वैसी स्थिति में लोगों के पास एकमात्र विकल्प इंडिया गठबंधन ही है ।


साथ ही उन्होंने वर्तमान पलामू सांसद के 10 साल के कार्यकाल पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुए कहा कि एक सांसद चाहे तो अपने क्षेत्र का समग्र विकास कर सकता है अर्थात अनेकों शैक्षणिक संस्थान, बेहतर सड़क, नए रेल का परिचालन ,रोजगार हेतु कल कारखाने फैक्ट्री की स्थापना सहित विकास की नई इबादत को लिख सकता है परंतु पलामू के माननीय सांसद महोदय अपने 10 साल के इतिहास में पलामू के लिए कुछ नहीं किए । इन्होंने केवल संसद को मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठाया । पलामू की आवाज को दिल्ली संसद भवन में गूंजते हुए पलामू वासियों ने कभी नहीं देखा ।

आगे अपने संबोधन में ममता भुइयां ने कहा की अगर मैं इस बार लोकसभा चुनाव जीतती हूं तो निश्चित तौर पर पलामू की जनता के लिए सर्वत्र उपलब्ध रहूंगी और जनहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लूंगी। युवाओं के रोजगार हेतु अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करना, प्रशिक्षण के पश्चात इन्हें बेहतर स्वरोजगार उपलब्ध कराना, पलामू संसदीय क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाना, नई ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ करवाना सहित जन उपयोगी सभी कार्यों हेतू मैं सदैव अग्रिम पंक्ति में खड़ी मिलूंगी। अंत में अपने संबोधन में ममता भुईयां ने कहा कि मैं पलामू की बेटी हूं और पलामूवासी से अपनी बेटी के मान सम्मान रखने हेतु हमारे पक्ष में मतदान की अपील करती हूं । आप सभी के भरोसा पर खरा उतरते हुए पलामू को विकास के पथ पर अग्रसारित करने का कार्य प्राथमिकता से करूंगी।

मौके झारखंड सरकार में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव, जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, वरिष्ठ नेता अविनाश देव, रामनाथ चंद्रवंशी , राजद समेत अन्य सहयोगी दलों के नेता अपने हजारों कार्यकताओं के साथ उपस्थित रहें ।



### इस बार हाथ से ऐसा तीर-धनुष चलेगा फूल किधर जाएगा लालटेन जलेगा मगर फूल नहीं दिखेगा : गणेश सिंह



**पलामू :** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुइंया के साथ आए हुए वरिष्ठ नेता गणेश सिंह ने कहा कि इस बार पलामू की जनता बेटी को जिताकर दामाद को भगाएगी भाजपा जो है भारतीय जुमला पार्टी है मोदी के द्वारा एक भी कहा हुआ कार्य अभी तक नहीं हुआ है चाहे वह चिरमिरी लाइन हो या मंडल डैम हो मोदी 2019 में मंडल डैम का शिलान्यास करके गए थे इसके बाद आज तक एक भी ईट मंडल डैम में नहीं जुड़ा है तो इसको हम क्या माने वैसे ही उनके प्रत्याशी विष्णु दयाल राम है 10 साल से पलामू में सांसद हैं मगर ना तो उनसे जनता खुश है नहीं उनके कार्यकर्ता खुश है नहीं वह गांव जाते हैं ना मोहल्ले में किसी के घर आते जाते हैं वह अपना ए सी रूम में बैठकर बस केवल आराम फरमाते हैं इसीलिए जनता ने इस बार मन बना लिया है कि आप घर में ही बैठ कर आराम से रहिए पलामू का कमान इस बार ममता भुइंया के हाथ में जय गठबंधन तय गटबंधन।

# माड़न पंचायत के सुरज वन में झंडा बदली कार्यक्रम

- कार्यक्रम में शामिल हुए समाजसेवी रफीक अंसारी
- पारंपरिक तरीके से कार्यक्रम हुआ संपन्न

प्रातः आवाज

**पलामू :** पांकी प्रखंड के माड़न पंचायत अंतर्गत सुरजवन गांव में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पारंपरिक तरीके से झंडा बदली कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें आदिवासी समाज के लोगों ने पारंपरिक तरीके से विधिवत पूजा अर्चना कर गीत व नृत्य करते हुए पाहन के हाथों झंडा बदली कार्यक्रम सफल किया, सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत कार्यक्रम के अतिथि समाज सेवी रफीक अंसारी सेमत अन्य अतिथियों के आगमन पर उन्हें स्वागत कर किया गया इसके बाद



पाहन के हाथों झंडा बदली कार्यक्रम कर महाप्रसाद का भी वितरण किया गया, मौके पर राम अवतार उरांव पाहन, सुंदरलाल उरांव रामू उरांव पंखराज उरांव बांधव उरांव जंतर उरांव सुदेश यादव उर्फ गुरुजी अजय पासवान सरजू मांझी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## श्री हनुमान जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में हुई महाआरती

प्रातः आवाज

**पलामू :** श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल के द्वारा श्री हनुमान जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में महा आरती आयोजित की गई। यह महा आरती कोयल नदी किनारे शिवाला घाट स्थित हनुमान मंदिर में की गई इस अवसर पर जनरल के पदाधिकारी एवं कई राम भक्त माताएं बहने भी उपस्थित थी। मां आरती में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा हनुमान जी की आरती श्री राम स्तुति एवं विजय महामंत्र श्री राम जय राम जय जय राम का पाठ किया गया। इस मौके पर जनरल अध्यक्ष पंकज कुमार जायसवाल, प्रधान कैप्टन राजन




सहाय ,उपाध्यक्ष अविनाश कुमार राजा, कोषाध्यक्ष बिट्टू कुमार, शशिकांत कुमार, पूजा प्रभारी पप्पू कुमार लाठ,मंत्री विकास काश्यकार ,चिंटू गुप्ता,हरिओम शंकर, मनीष गिरी उपस्थित थे।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का हवाई अड्डे पर हुसैनाबाद विधानसभा प्रभारी अविनाश कुमार वर्मा स्वागत करते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### पांकी के थाना रोड में एक्वा आरओ केयर प्रतिष्ठा का हुआ भव्य शुभारंभ



**पलामू :** पांकी के थाना रोड स्थित बाबा मैरिज हॉल परिसर में बुधवार की दोपहर पांकी प्रखंड का पहला एक्वा आरओ केयर प्रतिष्ठा का भव्य शुभारंभ किया गया, शुभारंभ कार्यक्रम के पूर्व कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधि समेत प्रबुद्ध जनों को दुकान के संचालक मोहम्मद महमूद के द्वारा फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत कर किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात मौके पर मौजूद लोगों के संबोधन में दुकान के संचालक मोहम्मद महमूद ने बताया कि प्रखंड वासियों की आवश्यकताओं को देखते हुए पहली बार पांकी में एक्वा आरओ केयर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया गया है, उक्त दुकान में अनेकों ब्रांड के वॉटर प्यूरीफायर की बिक्री एवं उनके स्पेयर पार्ट्स की बिक्री के साथ लोगों को उचित मूल्य पर सर्विस की भी सुविधा दी जाएगी, उन्होंने यह भी बताया कि यहां पर घरेलू एवं व्यवसायिक आरओ मशीन की सर्विस की जाएगी। आपको बता दें की प्रखंड के कई क्षेत्रों में पीने युक्त पानी का धोर अभाव है इस समस्या को वॉटर प्यूरीफायर के द्वारा ही दूर किया जा सकता है दूषित पानी पीने से हम कई बीमारियों को आमंत्रित करते हैं इसलिए आज लगभग हर घर के लोग स्वच्छ पानी हेतु वॉटर प्यूरीफायर का सहायता ले रहे हैं ऐसे में पांकी प्रखंड जैसे छोटे क्षेत्र में उक्त प्रतिष्ठान के खुलने से प्रखंड वासियों को वॉटर प्यूरीफायर संबंधित समस्याओं का समाधान होने की संभावना जगी है जिससे लोगों में हर्ष का भी माहौल है। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मौके पर पंचायत के प्रतिनिधि समेत समाजसेवी अजय विश्वकर्मा सज्जाद हुसैन नौशाद अंसारी शन्नी अरविंद पांडे प्रमोद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**उद्घाटन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि समेत कई प्रबुद्ध लोग हुए शामिल**

### दो हादसों में एक दर्जन जख्मी, एक की मौत



**पलामू।** जिले के छत्तरपुर प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। वहीं एक दर्जन से अधिक लोग घयल हो गए। पहली घटना फोरलेन बाईपास के छत्तरपुर-मड़वा मार्ग के उदयगढ़ मोड़ के पास घटी, जहां तेज गति से डालटनगंज की ओर जा रही एक स्कोर्पियो ने टेम्पो में धक्का मार दिया, जिसमें आधे दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को छत्तरपुर अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां एक गंभीर जख्मी को मेदनीनगर सदर अस्पताल भेज गया है। वही दूसरी घटना छत्तरपुर-जपला मुख्यपथ के गोपलापुर में घटी। जहां दो मोटरसाइकलों में टक्कर हो गयी, जिसमें एक युवक की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार दोनों विपरीत दिशा से वापस लौट रहे थे। इसी बीच गोपलापुर के पास सामने भिड़ गए, जिसमें छोटू यादव डुमरिया की मौत घटनास्थल पर ही हो गया। वही धर्मेंद्र विश्वकर्मा (22 ) , सुगन्धि कुमारी (13 ) , अवधेश यादव (22) , सुनैना कुवर (60 )बगैया गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। वही दूसरी घटना में तेतरी देवी तुड़वा, अनिल राम रूद्व, काजल कुमार रूद्व, आरती देवी छिछोडी, वरणी देवी (20 ) चिरु, अशोक कुमार चिरु, प्रकाश राम, विशेश्वर राम, सुमन कुमारी, रूपेश कुमार गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर अस्पताल भेज दिया गया है।

### असुरक्षित बूथों पर पुलिस प्रशासन ने किया पैदल मार्च



**पलामू :** पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निदेर्शानुसार आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मनातू थाना अंतर्गत आने वाले असुरक्षित बूथों की श्रेणी में रखे गए देवडीह, पद्मा, और आस पास के गांव में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मनातू बीडीओ, सीआरपीएफ 112 कंपनी के सहायक कमांडेंट, थाना प्रभारी व शास्त्र बलों के द्वारा पैदल मार्च किया गया। आस पास के ग्रामीणों के साथ संवाद कर उन्हें बिना किसी भय, प्रलोभन, दबाव के मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्हें प्रशासन के बीच आपसी सहयोग के साथ मतदान सफल करने के उन्हें प्रेरित भी किया गया।

# हाथियों का झुंड पहुंचा जोंजरो चाल्हा पतरा गुस्से में गजराज, दशहत में ग्रामीण

- वन विभाग व प्रशासन सतर्क

प्रातः आवाज





हाथियों को देखने के लिए उमड़ी भीड़ व पतरा में डेरा जमाए हाथियों का झुंड।

**कुड़ू (लोहरदगा)।** ग्रामीणों के द्वारा छेड़खानी से नाराज होकर गजराज गुस्से में आ गए हैं। वन विभाग की लाख अपील के बावजूद ग्रामीण हाथियों को छेड़ने तथा फोटो खींचने से बाज नहीं आ रहे हैं नतीजा गजराज काफी गुस्से में हैं। हाथियों का झुंड कुडू तथा कैरो प्रखंड की सीमावर्ती क्षेत्र कुडू थाना क्षेत्र के जोंजरो चाल्हा पतरा में मंगलवार देर रात्रि से डेरा जमाए हुए हैं। वही वन विभाग लगातार हाथियों की गतिविधियों की निगरानी कर रहा है। बताया जाता है कि सोमवार शाम हाथियों के झुंड ने कुडू थाना क्षेत्र के चंदलासो के किसान महाबीर उरांव को कुचल कर मार डाला था इसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से हाथियों को चान्हो प्रखंड के गणेशपुर पतरा तक खदेड़ दिया गया था लेकिन शाम होने के बाद हाथियों का झुंड गणेशपुर पतरा से वापस होकर पुनः कुडू थाना क्षेत्र के जोंजरो चाल्हा पतरा बुधवार अहले सुबह पहुंच गया। हाथियों का झुंड चाल्हा पतरा पहुंचने की खबर जंगल में लगी आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते कुडू तथा कैरो प्रखंड के लगभग एक दर्जन गांव के ग्रामीण हाथियों को देखने के मौके पर पहुंच गए। हाथियों को देखने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। मौके पर मौजूद वन विभाग के कर्मियों ने माइक से घोषणा की कि हाथियों को नहीं छेड़े तथा फोटो नहीं खींचे। इसके बावजूद ग्रामीणों हाथियों को देखने के लिए पतरा के अंदर प्रवेश कर गए। ग्रामीणों की भीड़ को देखकर बुधवार सुबह लगभग 8 बजे गजराज आक्रोशित होकर ग्रामीणों को खदेड़ा। भागने के क्रम में तीन ग्रामीणों को हलकी चोंट भी लगी है। हाथियों का झुंड पतरा में लगातार विचरण कर रहा है। हाथियों के जोंजरो चाल्हा पतरा में आने तथा डेरा जमाएं रहने से कुडू प्रखंड के जोंजरो, नामनगर, जिंगी, सुकुरहुटू, सिंजो, बारडीह, उमरी कैरो प्रखंड के ऐडादोन, सढाबे, कैरो नयाटोली तथा अन्य गांव के ग्रामीणों में दहशत उत्पन्न हो गया है। वन विभाग के सुरज कुमार यादव ने बताया कि हाथियों का झुंड चान्हो प्रखंड के गणेशपुर से लौटकर कुडू वन क्षेत्र के जोंजरो चाल्हा पतरा में पहुंचा हुआ है। गजराज को ग्रामीणों के द्वारा छेड़ने से गजराज गुस्से में है। ग्रामीणों से अपील किया जा रहा है कि हाथियों को नहीं छेड़े तथा नजदीक नहीं जाएं, लेकिन ग्रामीण मानने को तैयार नहीं हैं। जिंगी पंचायत के मुखिया दिलिप उरांव ने बताया कि हाथियों के झुंड के जिंगी पंचायत में आने से ग्रामीणों में दहशत उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों से अपील किया गया है कि हाथियों के नजदीक नहीं जाएं। वन विभाग लगातार हाथियों की पहरेदारी कर रहा है।

## वीएचपी के आह्वान पर मनायी गयी हनुमान जयंती

प्रातः आवाज

**भंडरा (लोहरदगा)।** विश्व हिन्दू परिषद केन्द्रीय योजना के तहत चैत्र पूर्णिमा को लोहरदगा जिला के सभी विश्व हिंदू परिषद पदाधिकारियों की नेतृत्व में विभिन्न मंदिरों में श्रद्धा पूर्वक भगवान श्री राम के अनन्य भक्त श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया गया। भंडरा प्रखंड मुख्यालय में जगन्नाथ मंदिर, उदरंगी हनुमान मंदिर, भौंरो महावीर मंदिर, सेमरा महावीर मंदिर, हाटी महावीर स्थान सहित दर्जनों मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ, सुंदर काण्ड पाठ एवं महाआरती का आयोजन किया गया। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भंडरा प्रखंड के सेमरा महावीर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विश्व हिन्दू परिषद् झारखंड प्रदेश मार्ग दर्शक मंडल के संयोजक स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी ने श्री हनुमान जन्मोत्सव को रामनवमी रामजन्म उत्सव की तरह धूमधाम से मनाने का आह्वान किया। हिन्दू समाज को पूर्ण शक्ति, भक्ति, श्रद्धा और विश्वास के साथ अष्ट सिद्धि नौ निधि के दाता अतुलित बल धामं संकट मोचन हनुमान जी जन्मोत्सव मनाना चाहिए। इस अवसर पर सेमरा महावीर मंदिर परिसर में विंदेश्वर यादव, पवन कुमार गुप्ता, लखन महतो, दिलीप कुमार, चंदन कुमार, प्रभु महतो, पिंटू महतो, शिव लोहरा संतोष महतो, कृष्णा लोहरा, लाल रुपेश कुमार, रुबी देवी, लीलावती कुमारी, कलावती कुमारी, रानी कुमारी, संगीता देवी सहित अनेक महिला-पुरुष उपस्थित थे। भंडरा प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में आनंद कुमार दूबे, लाल भीम नाथ साहदेव, बबलू पंडा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


### नशे में धुत्त युवक की झूला से गिरकर मौत

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर गांव में नशा करना एक युवक पर भारी पड़ गया। नशे के कारण युवक की गिरकर मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान 32 वर्षीय रमेश ठाकुर पिता सामू ठाकुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक युवक रमेश ठाकुर शराब और गांजा का अत्यधिक नशा किया करता था वही कल रात भी युवक ने नशा किया हुआ था और घर पर खाना खाने के बाद सोने चला गया वही जब टॉयलेट जाने के लिए बाहर निकला तो बच्चों के लिए लगाई गई झूला में गिरकर फंस गया जबतक परिजनों को जानकारी हुई तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। वही परिजनों ने रात में युवक को घायल समझ सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचे जहां डॉक्टरों ने जांच कर युवक को मृत घोषित कर दिया। वही घटना के बाद परिजनों का बुरा हाल है युवक शादी सुदा था और तीन उनके छोटे-छोटे बच्चे हैं। घटना को लेकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

लोहरदगा : इंडिया गठबंधन के जिलाध्यक्षों ने की बैठक, जीत के लिए बनायी रणनीति

## जेएमएम के एक-एक कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत के साथ : मुजम्मिल

प्रातः आवाज



**लोहरदगा।** अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत की जीत सुनिश्चित करने को लेकर गठबंधन में शामिल भारी बहुमत कांग्रेस, जेएमएम के राजद के जिला अध्यक्षों के साथ बैठक की गई। आयोजित इस बैठक में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुखेर भगत, जेएमएम के जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद तथा राजद के जिलाध्यक्ष सुनील मेहता मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में सभी ने मिलकर एक स्वर में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत को भारी बहुमत से जीत दिलाने को लेकर रणनीति बनायी गई। मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुखेर भगत ने कहा कि जिस तरह पूरे देश में भाजपा समर्थित दलों द्वारा नफरत फैलाई जा रही है, देश के संविधान के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। एवं देश की संपत्ति को पूंजीपतियों के हाथों बेच दी जा रही, ऐसी हालत मे देश और देश के संविधान को बचाने के लिए हर हाल में एनडीए की मोदी सरकार को हटाने की जरूरत है। वही जेएमएम जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि लोहरदगा में आज की इंडिया गठबंधन की बैठक मील का पत्थर साबित होगा। हमलोग बैठक कर ये संदेश देना चाह रहे है कि लोहरदगा झामुमो जिला समिति के एक-एक कार्यकर्ता गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत के साथ हैं। और एक-एक कार्यकर्ता जीत दिलाने के किए तन-मन-धन से से कार्य करेगी।

### डोका से युवती लापता, परिजनों ने करवाया सनहा दर्ज

**सेन्हा।** डोका ग्राम से 22 वर्षीय युवती के लापता होने की सूचना भाई ने सेन्हा थाना में देते हुए सनहा दर्ज करने तथा सकुशल बरामद करने का गुहार पुलिस प्रशासन से लगाया। विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के डोका निवासी उस्मान अंसारी पिता रजाक अंसारी ने सेन्हा थाना में लिखित आवेदन के माध्यम से जानकारी देते हुए कहा कि 10 अप्रैल सांध्य समय 4:30 बजे मेरी बहन अनीसा खातून घर में बोल कर निकली की खेत पर जा रहे हैं। देर शाम तक घर वापस लौट कर नहीं आई तो आसपास छानबीन किया तथा रिश्तेदारों में भी छानबीन किया परंतु किसी प्रकार की जानकारी नहीं मिला। कहा कि लापता युवती का रंग सांवला हाइट लगभग 5 फिट पहनावा कथा रंग के सलवार सूट। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से सकुशल बरामद करने का गुहार लगया। इस संदर्भ में प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने जानकारी देते हुए कहा कि गुमशुदा होने की सूचना परिवार के द्वारा प्राप्त हुआ जिसके आलोक में पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

## लोहरदगा लोकसभा से कांग्रेस की जीत निश्चित : बंधु तिर्की

### देश की जनता को झूठ बोलकर बरगला रहे हैं पीएम मोदी

प्रातः आवाज



**लोहरदगा।** कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने प्रेस वार्ता को संबोधित कर केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने लोहरदगा लोकसभा सीट पर कांग्रेस की जीत का दावा किया है। साथ ही प्रेस वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बयान देते हुए कहा था कांग्रेस देश के लोगो की संपत्तियों का सर्वे करा कर उसे दूसरों लोगो में बाटना चाहती हैं जिसे लेकर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने पलटवार करते हुए कहा देश के प्रधानमंत्री झूठ बोलते हैं कांग्रेस ने इस तरह के कोई घोषणा पत्र जारी नही किया है प्रधानमंत्री लोगो को बरगलाने का कोशिश कर रहे हैं जिसका जवाब देश के साथ साथ लोहरदगा की जनता भी देगी और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत होगी। बंधु तिर्की ने विधायक चमरा लिंडा के निर्दलीय नामांकन दाखिल करने पर चमरा लिंडा को शुभकामनाएं देते हुए कहा लोकतंत्र में कोई भी नामांकन कर सकते हैं अच्छी बात है हम उन्हे शुभकामनाएं देते हैं लेकिन इस बार जनता समझ चुकी है लोहरदगा से गठबंधन के उम्मीदवार सुखदेव भगत को जिताएगी।

### बहु के लापता होने पर ससुराल वालों ने कराया सनहा दर्ज

**सेन्हा।** अलौदी ग्राम से बहु के लापता की सूचना ससुराल वाले सेन्हा थाना को देते हुए सनहा दर्ज करने तथा सकुशल बरामद करने का प्रशासन से गुहार लगाया। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के अलौदी पंचायत ग्राम से बहु के लापता होने की सूचना बुढ़वा उराँव पति कमलेश लोहरा ने आवेदन के माध्यम से बताते हुए कहा कि 21अप्रैल को समय लगभग एक बजे दिन को मेरी बहु सुमंती कुमारी रांची जाने की बात बोल घर से निकली जो अभी तक घर वापस नही हुई बताते हुए कहा कि रंग गोरी सांवली,लम्बी लगभग 5 फिट पहनावा सलवार सूट है थाना को अवगत कराते हुए सनहा दर्ज करने तथा सकुशल बरामद करने का परिजनों ने पुलिस से गुहार लगाया। इस संदर्भ में प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने कहा कि गुमशुदा होने की सूचना पर पुलिस अग्रतर कारवाई आरम्भ कर दिया गया है।

## समीर उरांव ने किया नामांकन, भाजपा व आजसू कार्यकर्ता हुए शामिल



प्रातः आवाज

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के नामांकन कार्यक्रम में लोहरदगा से सैंकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। साथ ही जिला आजसू पार्टी के वरीय नेता के साथ कई कार्यकर्ता भी बुधवार को गुमला लोकसभा निर्वाचन कार्यालय सह उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में जिला भाजपा के कार्यकर्ता पूरे जोश खारोश के साथ नामांकन महारैली में शामिल होने पहुंचे। जहां गुजरात के सीएम भूपेंद्र भाई पटेल, सांसद सुदर्शन भगत सहित कई भाजपा नेता शामिल हुए। इस मौके पर पशुपति नाथ पारस, विश्वजीत शाहदेव, सुभम पंकज, आजसू के नीरू शांति भगत, कवलजीत सिंह, सूरज अग्रवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कुडू, किस्को व भंडरा में चला मतदाता जागरुकता

**लोहरदगा।** जिला के अंतर्गत पलाश (जेएसएलपीएस) द्वारा बुधवार को कुडू, किस्को एवं भंडरा प्रखंड में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत संकुल, ग्राम संगठन और स्वयं सहायता समूह स्तर पर सखी मंडल की दीदियो के द्वारा मतदाता शपथ लिया गया एवं ग्रामीणों को आगामी 13 मई को मतदान करने की अपील की गई। ग्रामीणों को बताया गया कि अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जांच कर लें। मतदान के लिए इस बार सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक का समय दिया गया है। मतदान अवश्य करें और अपने सभी जान पहचान और आस पड़ोस वालों को भी, जिनका नाम मतदाता सूची में है, वोट करने के लिए कहें। यह कार्यक्रम डीपीएम अनिता केरकेट्टा के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## पाइपलाइन से पानी मिलने से किसानों को मिलेगा लाभ : उप मुखिया

प्रातः आवाज



बैठक में मौजूद लोग।

**किस्को (लोहरदगा)।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत परहेपाट के होंदगा गांव में चौरा दोन में नदी से पानी चढ़ाने को लेकर ग्राम पंचायत परहेपाट के उप मुखिया लाल सुधीर नाथ शाहदेव की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक आयोजित किया गया। इस बीच बैठक में समिति का गठन किया गया। जिसमें सचिव सुरेश भगत, कोषाध्यक्ष प्रवेज अंसारी को बनाया गया। मौके पर कहा गया कि आप सभी किसान भाई बहनों को यह जानकर प्रसन्नता होगी कि आपके किस्को दोन के तीन पंचायत के सात गांव में कृषि सिंचाई पाईप लाईन बिछाने हेतु प्रयास किया जा रहा है। इस सिंचाई पाईप लाईन से किसानों को खेती के लिए 12 महीने पानी उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही कहा गया कि सिंचाई की व्यवस्था इतनी सुगम होगी कि बरसात के पानी का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इस सिंचाई योजना से किसान बरसात में भी अपने खेती कार्य को बेहतर तरीके से कर सकेंगे। कहा गया कि पानी की आपूर्ति पूरी होने से किसानों को धान, आलू, मटर, गाजर, टमाटर समेत अन्य सभी प्रकार की फसलों को पूरे सालभर कर सकते हैं। इससे किसानों का आमदनी बढ़ेगी और किसान आत्मनिर्भर होंगे। इस बीच बैठक को संबोधित करते हुए उप मुखिया लाल सुधीर नाथ शाहदेव ने कहा कि किसान खेती कार्य को पूरी लगन और मेहनत के साथ करें ताकि आपके परिवार में आर्थिक तंगी रूकावट ना बनें। उन्होंने कहा कि पानी की आपूर्ति सही तरीके से नहीं होने के वजह से बहुत से किसान दूसरे प्रदेशों में काम की तलाश के लिए मजबूरन पलायन कर जाते हैं लेकिन अब किसानों को दूसरे राज्यों में इस सुगम व्यवस्था से पलायन नहीं करना पड़ेगा। उप मुखिया लाल सुधीर नाथ शाहदेव ने कहा कि यहीं पर किसान सर्दी, गर्मी, बरसात सभी मौसमी खेती करके खुशहाल जिंदगी अपने परिवार वालों के साथ व्यतीत करेंगे ऐसा किसानों की उन्नति के लिए प्रयासरत किया गया है। यहां पर किसानों ने भी अपनी राय देते हुए कहा की पानी की सुविधा नहीं होने के कारण किसान खेती नहीं कर पाते हैं। किसानों के हित में बनाई गई रणनीति निश्चित रूप से आने वाले दिनों में मिल का पत्थर साबित होगा। किसानों के मुताबिक सिंचाई का पाईप लाईन के माध्यम से पानी चढ़ाये जाने से किसानों को खेती करने में आसान होगी। मौके पर उप मुखिया लाल सुधीर नाथ शाहदेव, इकबाल अंसारी, कलीम अंसारी, कलाम अंसारी, निझर कुजूर, सेराज अंसारी, बीनू राम, हबीबुल्लाह अंसारी, अशोक उरांव, इस्तियाक अंसारी, जसीम अंसारी, फरहान अंसारी, राम दयाल उरांव, जतरू उरांव, हफीज अंसारी, रामदेव उरांव, बालेश्वर ठाकुर, राजेश ठाकुर समेत बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान वर्ग मौजूद थे।

### रामचंद्र एवं चमरा लिंडा ने नामांकन भरा पर्चा

**लोहरदगा।** अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित लोहरदगा लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से बुधवार को तीन उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया। इनमें भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव, लोकहित अधिकार पार्टी से रामचंद्र भगत एवं बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा ने पर्चा भरा। वहीं तीन अन्य अभ्यार्थियों के नामांकन हेतु तीन फॉर्म की बिक्री हुई है।

### मीडिया कोषांग के वरीय पदाधिकारी ने की समीक्षा

**लोहरदगा।** मीडिया कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह भूमि सुधार उप समाहर्ता सुजाता कुजूर मीडिया कोषांग के द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। इसमें प्रतिदिन की प्रेस कतरन, व्यय प्रतिवेदन, मीडिया मॉनिटरिंग आदि कार्यों की समीक्षा की गई। इस मौके पर शिवनन्दन बड़ाईक नोडल पदाधिकारी, मीडिया कोषांग सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, आशीष कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, मीडिया कोषांग सह सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी समेत मीडिया कोषांग के कर्मी उपस्थित थे।

## समाचार सार

### मैना बगीचा में मतदाताओं के बीच चलाया गया जागरूकता अभियान



**लोहरदगा (प्रात: आवाज)।** स्वीप कोषांग लोहरदगा की ओर से आम मतदाताओं को जागरूक करने हेतु बुधवार को मैना बगीचा बाजार क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें लोहरदगा के मतदाताओं को अपने वोट के महत्व को बताते हुए आगामी 13 मई 2024 को वोट देने की अपील की गई एवं उन्हें संदेश दिया गया कि इस लोकतंत्र के पर्व को महापर्व मनाते हुए लोहरदगा के वोट के प्रतिशत को 90 प्रतिशत से अधिक पहुंचाना है। कार्यक्रम में स्वीप कोषांग के पदाधिकारी व कर्मी शामिल हुए।

### पंचायत प्रभारियों के साथ आजसू ने की बैठक

**कुडु (प्रात: आवाज)।** प्रखंड के छोटकी चांपी गांव में आजसू पार्टी पंचायत प्रभारियों की एक अहम बैठक संपन्न हुई, बैठक में सभी ग्राम प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने गांव में और अपने-अपने पंचायत में संगठन को मजबूत करेंगे और आने वाले लोकसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने हेतु कार्य करेंगे, बैठक में मुख्य रूप से आजसू पार्टी जिला उपाध्यक्ष लाल पंचम नाथ शाहदेव, जिला पदाधिकारी राजेंद्र लोहरा, प्रखंड एवं पंचायत प्रभारी कबीर अंसारी, शकील अंसारी, सिदीक, विजय कुमार, राहुल महतो, गुडु सहित अन्य लोग शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में दूल्हा की गाड़ी क्षतिग्रस्त, कोई हताहत नहीं



**सेन्हा (प्रात: आवाज)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा सीमावर्ती स्थित कुंदगडी मोड़ के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर डायवर्सन के समीप अनियंत्रित बराती गाड़ी पेड़ से जा टकराया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीं घटना की सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस घटना स्थल पहुंच घटना का जायजा लेते हुए क्षतिग्रस्त कार जेएच 03 एएल 0321 को थाना लाया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि पांकी थाना क्षेत्र से बराती लेकर सेन्हा थाना क्षेत्र के गढ़गांव सेमरटोली जाने के दौरान डायवर्सन के समीप अनियंत्रित हो दूल्हा की गाड़ी पेड़ से जा टकराया और पलट गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जबकि कार में सवार दूल्हा के परिवार को हल्की फुल्की चोटें आई है। इस संदर्भ में एएसआई जमशेद खान ने बताया कि गश्ती के दौरान प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर के निर्देश पर घटना स्थल पहुंच घटना का जायजा लिया गया, और क्षतिग्रस्त कार को घटना स्थल से लाकर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने कहा घटना में दूल्हे की बहन तथा सवार अन्य बच्चियों को हल्की चोटें आई हैं।

### पूर्व विहिप जिला अध्यक्ष के आकस्मिक निधन पर शोक

**लोहरदगा (प्रात: आवाज)।** जिला के पूर्व विहिप अध्यक्ष कृष्णा सिंह के आकस्मिक निधन होने के पश्चात विहिप के पदाधिकारियों ने शोकाकुल परिजनों से मिले। उन्होंने कहा कि कृष्णा सिंह अपने कायार्काल में विश्व हिंदू परिषद का अलख जगाने का काम सच्चे मन से किया एवं हर वर्ष श्री रामचरित मानस पाठ कार्यक्रम में महती भूमिका निभाई है। समाज के युवा पीढ़ी में एक अलग प्रकार का ऊर्जा भरने का भी काम किया। इनकी निधन पूरे समाज को आहत कर गयी। मौके पर आरएसएस के प्रान्त संघ चालक सचिदानंद अग्रवाल, विहिप जिला अध्यक्ष रामलखन प्रसाद, विहिप जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, जिला मंत्री सतीश पाण्डे, जिला सह मंत्री रंजीत साहू, जिला विशेष संपर्क प्रमुख चंदन गोयल, बजरंग दल सुरक्षा प्रमुख उमेश सिंह, विहिप नगर अध्यक्ष महेन्द्र महतो उपस्थित थे। इधर जाने माने समाज सेवी व जय श्रीराम समिति के संरक्षण कृष्णा सिंह के निधन पर समिति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए समिति के लिए अपूरणीय क्षती बताई। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक सह मुख्य संरक्षक रमेश उरांव, सुषमा सिंह, परमेश्वर साहू, गुप्तेश्वर प्रसाद, दिलीप पटनायक, शैलेश कुमार महतो, नंदलाल महतो, अभय महतो, रमेश साहू, अशोक प्रसाद, प्रेम प्रजापति, हरिओम प्रजापति, राजेश महतो, ब्रज बिहारी प्रसाद, उमेश कास्यकार, त्रिवेणी दास, अमरेश भारती, अजय सोनी, अनूप गुप्ता, रोहित साहू, संजय नायक, गुंजन वर्मा, रंजीत लकड़ा, कन्हैया करवा, पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन महिला जिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, रमेश राय, हेमंत वर्मा, ओम महतो, दयाशंकर सिंह, अनिल उरांव, प्रदीप साहू, नितेश जयसवाल, रामकुमार साहू, विक्की कसेरा, अनुज महतो, बजरंग करुवा, सुनील अग्रवाल, विनोद प्रसाद, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, महामंत्री सुशील पटनायक, निखिल कसेरा, गौरव हेहवंशी, कौशिक मेहता, वार्ड अध्यक्ष बिक्की महतो, संजय शर्मा, राहुल कुमार, रवि वर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष मनोज प्रसाद, सुनील नायक, गौतम नायक शामिल है।

### मंदिर में भक्तिभाव के साथ मना श्री हनुमान जन्मोत्सव



**लोहरदगा (प्रात: आवाज)।** बजरंग दल के द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम हरमु प्रखंड के रघु टोली में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अशोक काशकार उपस्थित थे। कार्यक्रम में रघु टोली के राम भक्त माताएं-बहने शामिल हुई। मौके पर बजरंग दल सह गौरक्षा प्रमुख चंदन गोप ने कहा की मंदिरों में भव्य रूप से श्री हनुमान उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमे सभी श्रद्धालुओं की भूमिका अहम रही। मौके पर अशोक कसकर, सत्यम कुमार अग्रवाल, चंदन गोप, कुंदन गोप, रोमि गोप, ज्योति कुमारी, आरती कुमारी, जागेश्वर गोप, सुमति देवी, गीता देवी, ललिता कुमारी, पूनम देवी, अनीता देवी इत्यादि अनेकों राम भक्त माताएं बहनें उपस्थित हुए।

### भंडरा के चार शातिर अपराधी होंगे तड़ीपार, डीसी व एसपी ने जारी किये आदेश

**भंडरा (प्रात: आवाज)।** जिलाप्रशासन ने प्रखंड के चार शातिर अपराधियों के खिलाफ तड़ीपार करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इनके खिलाफ डीसी सह जिला दंडाधिकारी की ओर से को नोटिस जारी किया गया। नोटिस का जवाब मिलने के बाद जिला दंडाधिकारी की ओर से तीन माह के लिए अपराधियों को तड़ीपार किया जाएगा। एसएसपी हरीश बीन जामा ने इन अपराधियों को तड़ीपार करने की अनुशंसा डीसी से की थी। तड़ीपार होने वालों में रिजवान अंसारी पिता रमजान अंसारी ग्राम बलसोता, अरमान अंसारी पिता ईशाक अंसारी सोरंदा, मेहंदी अंसारी पिता अमीरुद्दीन अंसारी ग्राम कसपुर एव अम्बेरा गांव निवासी कुलदीप लोहरा पिता शीतल लोहरा को जिला तड़ीपार का नोटिस भंडरा पुलिस द्वारा दिया जा चुका है। तड़ीपार की अवधि में ये चारो सातिर अपराधी जिले में दिखाई देंगे तो पुलिस कड़ी करवाई करेगी। भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रखंड के चार शातिर अपराधियो को जिला तड़ीपार किया गया है। पुलिस प्रशासन लोक सभा चुनाव में अपराधियो पर नकेल कसने की कवायद शुरू कर दिया है।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं की मासिक बैठक आयोजित



**सेन्हा (प्रात: आवाज)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बाल विकास परियोजना के सुपर वाइजर परमुनी देवी की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी सेविकाओ की मासिक बैठक बुधवार को सम्पन्न हुआ। आयोजित बैठक में शामिल सेविका से महिने भर का आंगनबाड़ी केन्द्र में पोषण आदि की खर्च का आय व्यय का उपयोगिता लिया गया। खर्च की सूची के साथ सामग्री खरीद रसीद लगाने का निर्देश दिया गया। वहीं सभी सेविकाओ को सुपरवाइजर ने कहा कि अपने अपने पोषक क्षेत्र में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता रैली निकाले। जो आंगनबाड़ी सेविका बीएलओ है वह मतदान के दिन बूथ पर विह्ल चेयर या ट्राई साइकिल रखेंगे ताकि वृद्ध एव दिव्यांग मतदाताओं को रेंफ से पहुंचा कर मतदान कराएंगे। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अपने क्षेत्र में करा कर और फोटो कार्यालय को भेजने को कहा गया। मौके पर सुपरवाइजर प्रमुनी देवी, अंगनी बेक, शहनाज खातून, सीता देवी, निर्मला देवी टिंकी देवी सहित अन्य सेविकाएं उपस्थित थे।

# गुम हैं चुनाव में ठोस मुद्दे, बात का बतंगड़ वाले मुद्दे ज्यादा !



**अशोक भाटिया**

लोकसभा चुनाव में पहले चरण का मतदान हो चुका है और दूसरे चरण के मतदान में भी कुछ दिन ही बचे हैं। इस बीच गर्मी का पारा चढ़ने के साथ ही राजनीतिक बयानबाजी से भी तापमान चढ़ रहा है। दरअसल आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ बांसवाड़ा राजस्थान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जिस बात के लिए विपक्ष ने उनकी आलोचना की और उनके आरोप को तथ्यहीन करार दिया था, ठीक एक दिन बाद ही प्रधानमंत्री ने फिर उसी बात को दुहरा कर एक तरह से अपनी बात को सही साबित करने दावा कर दिया है। अलीगढ़ में भाजपा की रैली में बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, कांग्रेस के शहजादा कहते हैं कि इसकी जांच कराई जाएगी कि कौन कितना कमाता है, आपके पास कितनी संपत्ति है, आपके पास कितना पैसा है, आपके पास कितने घर हैं। सरकार आपकी इस संपत्ति पर कब्ज़ा करेगी और इसे सभी को वितरित करेगी। हमारी माताओं और बहनों के पास सोना है, यह स्त्री धन है, इसे पवित्र माना जाता है, कानून भी इसकी रक्षा करता है। उनकी नज़र आपके मंगलसूत्र पर है। सवाल यह है कि क्या कांग्रेस के घोषणापत्र में वास्तव में इस तरह की बातें हैं क्या? आखिर पीएम मोदी किस आधार पर लगातार कांग्रेस और राहुल गांधी को टार्गेट कर रहे हैं। हालांकि पीएम ने अलीगढ में कांग्रेस मेनिफेस्टो की जगह शाहजादा कहते हैं शब्द का इस्तेमाल किया।

कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री के इस दावे का विरोध किया है। पार्टी कहना है कि उनके घोषणापत्र में ऐसा कुछ नहीं है।वह मोदी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए चुनाव आयोग से संपर्क किया है।पार्टी की घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी। चिदंबरम ने पीएम मोदी की टिप्पणी को च्च्अपमानजनकज्ज बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि प्रत्येक वाक्य अपने पूर्ण झूठ और बेशर्म झूठ में पिछ्ले वाक्य से आगे निकल गया। क्या भाजपा दुनिया को बताएगीः 1 कांग्रेस ने कब और कहां कहा था कि हम लोगों की जमीन, सोना और अन्य कीमती चीजें मुसलमानों के बीच बांट देंगे? 2 कांग्रेस ने कब और कहां कहा था कि व्यक्तियों की संपत्ति, महिलाओं के पास मौजूद सोने और आदिवासी परिवारों के पास मौजूद चांदी के मूल्य के लिए एक सर्वेक्षण किया जाएगा? सी) कांग्रेस ने कब और कहां कहा कि सरकारी कर्मचारियों की जमीन और नकदी भी वितरित की जाएगी?

दरअसल आज की राजनीति में किसने क्या कहा , उसका आधार क्या है? यह सब बातें अब पूछने वाली नही रह गई हैं।हर पार्टी और हर बड़ा नेता अपने विरोधियों पर निराधार आरोप लगा रहा है। किसकी कौन सी बात सही है यह अंदाजा लगाना मुश्किल है। पार्टियां भी समझ गई हैं इससे कुछ होने वाला नहीं है। इसलिए हर झूठ के खिलाफ कोई कोर्ट केस करने की बात भी नहीं करती हैं। अभी कुछ दिनों पूर्व की बात है जब सीएए कानून लागू हुआ तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कम से कम 3 बार प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा कि इस कानून के लागू होने से पाकिस्तान से करोड़ों लोग भारत आ जएंगे। ( जबकि कानून स्पष्ट रूप से दिन और साल का जिक्र है कि कब से कब तक भारत आए लोगों को ही इस कानून का लाभ मिल सकेगा।) ।राहुल गांधी भी आरोप लगाते रहते हैं देश की संपत्ति मुट्ठी भर लोगों के हाथ में , पूरे देश की शासन व्यवस्था में 90 प्रतिशत से अधिक अधिकारी सवर्ण तबके से हैं। सीधा सा सवाल है कि क्या ऐसा पिछ्ले 10 साल में हुआ है? कहने का मतलब यह है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ओर से खुलकर ऐसी बातें हो रही हैं जिनका कोई आधार नहीं है।

कांग्रेस के घोषणापत्र में धन के पुनर्वितरण का सीधा उल्लेख नहीं है, लेकिन वादा किया गया है कि अगर पार्टी सत्ता में आती है, तो नीतियों में उपयुक्त बदलावों के माध्यम से धन और आय की बढ़ती असमानता को कम करने पर ध्यान देगी। घोषणापत्र का पहला अध्याय जिसका शीर्षक समानता है इस चैप्टर में यह बताया गया है कि ओबीसी, एससी और एसटी भारत की आबादी का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा हैं, उच्च रैंकिंग वाले व्यवसायों, सेवाओं और सेवाओं में उनका प्रतिनिधित्व अनुपातिक रूप से कम है।

मेनिफेस्टो में कहा गया है कि जातियों और उप-जातियों और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों की गणना करने के लिए एक राष्ट्व्यापी सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना आयोजित करने का वादा करता है। इसके साथ ही डेटा के आधार पर, हम सकारात्मक कार्रवाई के एजेंडे को मजबूत करेंगें। जहां तक अल्पसंख्यकों का सवाल है, इसमें कहा गया है कि अल्पसंख्यकों का आर्थिक सशक्तिकरण एक आवश्यक कदम है और यह सुनिश्चित करने का वादा किया गया है कि बैंक बिना किसी भेदभाव के अल्पसंख्यकों को संस्थागत ऋण प्रदान करेंगें। कांग्रेस पार्टी सरकार में आने पर यह सुनिश्चित करेगी कि अल्पसंख्यकों को शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सार्वजनिक रोजगार, सार्वजनिक कार्य अनुबंध, कौशल विकास, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में बिना किसी भेदभाव के अवसरों का उचित हिस्सा मिले।

दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कांग्रेस मेनिफेस्टो की व्याख्या उसी तरह कर रहे हैं जिस तरह कांग्रेस पार्टी वर्तमान सरकार की नीतियों की कर रहे हैं। कांग्रेस अपने मेनिफेस्टो में जिस तरह अल्पसंख्यकों को शिक्षा, स्वास्थ्य , रोजगार आदि में बिना भेदभाव के उचित हिस्सा देने की बात कर रही है वो तो अभी भी मिल रहा है।

# कर्नाटक में महिलाओं के साथ दरिंदगी के लिए सियासत है जिम्मेवार ?



**मनोज कुमार अग्रवाल**

एक बार फिर कर्नाटक सुर्खियों में है। कर्नाटक में 28 वर्षीय विवाहित महिला को उसकी असहज तस्वीरों का उपयोग करके ब्लैकमेल करने और इस्लाम धर्म अपनाने के लिए मजबूर करने के आरोप में सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. पुलिस के मुताबिक पीड़ित महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि आरोपी ने अपनी पत्नी के सामने रेप किया और उसे बुर्का पहनने और माथे पर कुमकुम नहीं लगाने के लिए मजबूर किया गया।

कर्नाटक से एक सप्ताह के भीतर ही हैरान करने वाला यह दूसरा मामला सामने आया है। यहां 28 साल की एक महिला ने एक दंपत्ति पर उसकी प्राइवेट तस्वीरों का इस्तेमाल कर उसे ब्लैकमेल करने और इस्लाम धर्म कबूल करवाने का आरोप लगाया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, महिला ने अपनी शिकायत में कहा है कि आरोपियों में से एक ने अपनी पत्नी के सामने उसका रेप किया। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि उन्होंने उसे माथे पर कुमकुम लगाने से रोका गया और बुर्का पहनने के लिए मजबूर किया गया।

आपको बता दें कि अभी हाल ही में एक सप्ताह पहले ही 18 अप्रैल को एक लव जेहादी हत्यारे द्वारा एक एमएससी छात्रा की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी यह मामला पहले ही कर्नाटक की सियासत को गर्म किए है पीएम मोदी भी इस बीच जब कर्नाटक में रैली की तो उन्होंने भी हुबली के नेहा मर्डर केस का उल्लेख किया और राज्य सरकार पर कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठा दिए है। कर्नाटक पहुंचे पीएम मोदी ने अपने भाषण के दौरान कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत में कांग्रेस पार्टी जिस सोच को बढ़ावा दे रही है वह काफी खतरनाक है। हमारी बेटियों पर हमले हो रहे हैं, सार्वजनिक जगहों पर बम धमाके हो रहे हैं, जो लोग भजन कीर्तन सुन रहे हैं उन पर हमले हो रहे हैं।पीएम मोदी ने कर्नाटक की कानून व्यवस्था को लेकर कहा कि ये साधारण घटनाएं नहीं हैं। इसलिए मैं बेंगलुरु और कर्नाटक के लोगों से अपील करता हूं कि आपको कांग्रेस से सतर्क रहना चाहिए।

दरअसल बीती 18 अप्रैल को फैयाज खोंडुनाईक नाम के एक शख्स ने कर्नाटक के हुबली जिले के बीवीबी कॉलेज कैंपस में कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमथ की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। हमले के बाद कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों ने किसी तरह नेहा को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई थी। इस मामले को लेकर कर्नाटक में कांग्रेस की सिद्धारमैया सरकार की छीछालेदर बढ़ गई है।

अब इस धर्म परिवर्तन के मामले के सामने आने से मुश्किलें बढ़ सकती है इस पीडित महिला द्वारा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाने के बाद पुलिस ने आरोपी दंपत्ति सहित कुल सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की पहचान रफीक के रूप में हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आरोपी रफीक और उसकी पत्नी ने महिला के साथ छेड़खानी की और वो उसके साथ सेक्सुअल एक्टिविटी में लिप्त थे। इसी दौरान रफीक ने महिला की इंटीमेट तस्वीरें ले ली थीं, जिनके जरिए वह उसे ब्लैकमेल करता था और उसपर हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम में कन्वर्ट होने के लिए प्रेशर डालता था।

पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी रफीक और उसकी पत्नी ने पीड़ित महिला के साथ छेड़छाड़ की और उसके साथ यौन संबंध बनाए। उसके बाद उसकी अंतरंग तस्वीरें ले लीं, जिसके जरिए उसने पीड़ित महिला को ब्लैकमेल किया और कहा कि वह इस्लाम धर्म अपना ले।

पुलिस ने कहा कि रफीक और उसकी पत्नी ने 2023 में महिला को बेलगावी में अपने घर में रहने के लिए मजबूर किया और मांग की कि वह जो कुछ भी कहें उसका पालन करे। महिला ने आरोप लगाया कि पिछले साल जब वे तीनों एक साथ रहते थे, तो रफीक ने अपनी पत्नी के सामने उसके साथ रेप किया था। पुलिस ने बताया कि रफीक और उसकी पत्नी साल 2023 में पीड़ित महिला को बेलगामी स्थित अपने घर में रहने के लिए मजबूर किया। इतना ही नहीं, उन्होंने महिला को अपना हर ऑर्डर मानने के लिए मजबूर भी किया। महिला का आरोप है कि रफीक ने पिछले साल उसके साथ अपनी पत्नी के सामने रेप किया। ये घटना उस समय की है जब वो तीनों साथ में रहते थे। बेलगावी के एसपी भीमाशंकर गुलेदा ने कहा कि इसी महीने में दंपति ने कथित तौर पर महिला को कुमकुम नहीं पहनने के लिए कहा और उसे बुर्का पहनने और दिन में पांच बार नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया। महिला ने आरोप लगाया है कि उसके खिलाफ जाति आधारित अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया। महिला ने अपनी शिकायत में कहा कि रफीक ने उससे अपने पति को तलाक देने के लिए कहा और धमकी दी कि अगर वह उसकी बात नहीं मानेगी तो वह उसकी अंतरंग तस्वीरें लीक कर देगा। उसने कहा कि दंपति ने उसे धर्म परिवर्तन न करने पर जान से मारने की धमकी दी।

महिला की शिकायत पर सात लोगों के खिलाफ सौंदत्ती में एफआईआर दर्ज की गई है। उन पर कर्नाटक धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार संरक्षण अधिनियम, आईटी कानून की प्रासंगिक धाराओं, एससी/एसटी अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के तहत आरोप लगाए गए हैं, जिनमें बलात्कार, अपहरण, गलत कारावास और आपराधिक धमकी शामिल हैं।

आपको बता दें कि कर्नाटक में 2023 में भाजपा सरकार बदलने के साथ ही कांग्रेस की मौजूदा राज्य सरकार ने पुराने कानूनों को पलटने का काम किया था एक महीना बीतते ही कांग्रेस सरकार ने पूर्व की भाजपा सरकार द्वारा लाए गए धर्मांतरण के कानून को रद्द करने की न सिर्फ पूरी योजना बना दी बल्कि कर्नाटक कैबिनेट ने इस पर मुहर भी लगा दी थी। इस प्रस्ताव को विधानसभा में लाया गया था ।

कहना होगा कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने एक बार फिर जून 2023 में हिन्दुओं को उन तमाम विवादों में झोंक दिया है, जिससे वे राज्य में धर्मांतरण विरोधी कानून होने के कारण से बचते आ रहे थे । वास्तव में इस कानून के प्रभाव से यहां देखने में आया कि जब से यह कानून बना, राज्य में ऐसे मामलों में अचानक से कमी आ गई थी। लेकिन अब इसके निरस्त करने पर नकारात्मक प्रभाव सामने आना स्वभाविक है, कर्नाटक की ऐसी ही कुछ वारदातों से रूबरू कराते हैं। पिछले साल कर्नाटक के मांड्या जिले में 13 साल की नाबालिग लड़की से ब्लैकमेलिंग और दुष्कर्म का मामला सामने आया । पता चला वह 'लव जिहाद' की शिकार हुई थी, एक 25 वर्षीय आरोपी ने दुष्कर्म के बाद पीड़िता को इस्लाम कबूल करने और उससे शादी करने के लिए नाबालिग को प्रताड़ित किया था। एक अन्य घटना में हुबली में मोहम्मद एजाज शिरूर से शादी करने के बाद इस्लाम धर्म अपनाने वाली अपूर्वा पुराणिक को तलाक लेने के लिए 20 बार चाकू मारा । एजाज पहले से ही शादीशुदा था और उसके दो बच्चे हैं। जांच से पता चला कि ऑटो चालक एजाज ने एमबीए स्नातक युवती को फंसाया, उसके निजी वीडियो बनाए, ब्लैकमेल किया और उसे शादी के लिए फुसलाया था

रिकार्ड बताता है कि कर्नाटक राज्य में लव जिहाद से जुड़े ऐसे अनेकों प्रकरण अब तक दर्ज हो चुके हैं। दरिंदे नए शिकार की तलाश में लगे रहते हैं। सिर्फ कर्नाटक में ही नहीं देश भर में धर्म विशेष के युवाओं को हिंदू लड़कियों को फंसाने के लिए प्रशिक्षित करने के आज अनेकों मामले प्रकाश में आ चुके हैं। इसके पीछे काम करने वाले संगठन न केवल युवाओं को प्रशिक्षण देते हैं, सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम फेसबुक एक्स पर फर्जी हिन्दू नाम से आइडी बनाने व उन्हें बाइक, नकदी और फैशनेबल पोशाक यहां तक कि पकड़े जाने पर कानूनी सहायता भी प्रदान करते हैं। इसी का परिणाम है कि हिन्दू लड़कियां इनके झांसे में आ जाती है, जब तक इनके गैर हिन्दू होने का पता चलता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। फिर हिन्दू परिवारों में यह सिखाना कि सभी मत, पंथ धर्म समान होते हैं, वह तो बाद में जब व्यवहार में आता है तब पता चलता है कि हकीकत क्या है? तब तक एमबीए, इंजीनियरिंग और स्नातकोत्तर की उच्च पढ़ाई कर रही हिंदू लड़कियां मैकेनिक, राजमिस्त्री और ऑटो चालकों मोबाइल मैकेनिक आदि के झांसे में आ रहीं हैं। इस प्रयास को समुदाय विशेष और आरोपितों के परिजनों का समर्थन मिलता है। जो ऐसा करने का समर्थन करते हैं, ये कट्टरपंथी तत्व इसे गजवा ए हिन्द का एक मिशन मानते हैं।

अब कर्नाटक में आए दिन घटित हो रही लवजेहाद और जबरन धर्म परिवर्तन की वारदातों की झड़ी लगी है कभी हनुमान चालीसा का पाठ चला रहे युवक पर कट्टरपंथी मुस्लिम युवक गंभीर जानलेवा हमला करते हैं तो कभी हिन्दू लड़कियों के साथ लवजेहाद की वारदात सामने आ रही हैं। जो भी हो सरकार की जिम्मेदारी है कि वह दुबारा से अपने फैसले पर पुनर्विचार करें।

# तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ती दुनिया बन रही है घातक हथियारों के उपयोग की प्रयोगभूमि



शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च, शस्त्रीकरण एवं घातक हथियारों की होड़ किसी खतरे की घंटी से कम नहीं। शस्त्रीकरण के भयावह दुष्परिणामाओं से समूचा विश्व भयाक्रांत है। हर पल आणविक हथियारों के प्र्रयोग को लेकर दुनिया डर के साये में जी रही है। इसीलिये आज अयुद्ध, निशस्त्रीकरण एवं शांति की आवाज चारों ओर से उठ रही है। शक्ति संतुलन के लिये शस्त्र-निर्माण एवं शस्त्र संग्रह की बात से किसी भी परिस्थिति में सहमत नहीं हुआ जा सकता, क्योंकि इससे अपव्यय हो होता ही है। साथ ही किसी भी गलत हाथों से दुरुपयोग होने की बहुत संभावनाएं रहती है।

ताजा घटनाक्रम को देखें तो एक ओर रूस और यूक्रेन आमने-सामने हैं, वहीं दूसरी तरफ इजरायल और ईरान के बीच तल्खी भी चरम पर है। चीन और ताइवान के बीच भी रह-रह कर युद्ध के बदल मंडरा रहे हैं। ऐसे माहौल में यह सवाल भी गूंजना स्वाभाविक है कि क्या सचमुच दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ते हुए घातक हथियारों के उपयोग की प्रयोगभूमि बन रही है? सवाल दूसरे ओर भी हैं। स्टॉकहोम इन्टरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की हथियारों पर आयी ताजा रिपोर्ट ऐसे ही सवाल खड़े कर रही है। इसका संतोषजनक जवाब शायद ही मिले क्योंकि दुनिया सीधे-सीधे दो खेमों में बंट गई है।

स्टॉकहोम की रिपोर्ट के आंकड़े चौंकाने वाले ही नहीं, डराने वाले हैं। शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च का बढ़ना एवं नये-नये हथियारों का बाजार गरम होना, चिन्ताजनक है। रिपोर्ट में खास बात यह है कि दुनिया में सर्वाधिक सैन्य खर्च करने वाले देशों में भारत चौथे नंबर पर बरकरार है। शांति एवं अहिंसा की भूमि पर हथियारों का जमावड़ा उसकी कथनी एवं करनी के भेद को उजागर कर रहा है। ये सवाल स्वाभाविक है कि जब प्रत्येक देश शाांति बनाए रखने की वकालत करता है फिर हथियारों की होड़ लगातार क्यों बढ़ रही है?

भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार ??आयातक देश बन चुका है। स्टॉकहोम की ओर से जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ा है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा



कारण माना जा रहा है। वहीं, इसके अलावा पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे हैं। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन का युद्ध देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण से पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। तो वहीं, अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नंबर पर है।

पिछले 25 सालों में पहली बार, संयुक्त राज्य अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा। अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही इन हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। अमेरिका दुनिया पर आधिपत्य स्थापित करने एवं अपने शस्त्र कारोबार को पनपाने के लिये जिस अपसंस्कृति को उसने दुनिया में फैलाया है, उससे पूरी मानवता कराह रही है। अमेरिका ने नई विश्व व्यवस्था (न्यू वर्ल्ड आर्डर) की बात की है, खुलेपन की बात की है लगता है विश्वमानव का दम घुट रहा है और घुटन से बाहर आना चाहता है। विडम्बना देखिये कि अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। ऐसे कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोग मारे गए। 2014 में अमेरिका में हत्या के कुल दर्ज करीब सवा चौदह हजार मामलों में अड़सठ फीसद में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था।

एक तरफ अमरीका और उसके सहयोगी नाटो देश हैं तो दूसरी तरफ रूस-चीन का गठजोड़ है। तटस्थ रहने वाले देश भी गाहे-बगाहे अप्रत्यक्ष रूप से किसी न किसी खेमे की तरफ झुकाव प्रदर्शित करते रहे हैं। ऐसे में आखिरी उम्मीद संयुक्त राष्ट ही रह जाता है। जबकि संयुक्त राष्ट की शक्तियां एवं उद्देश्य कोरे दिखावे के हैं, समूची दुनिया इससे वाकिफ है। वह ऐसे किसी भी संकट में शांति प्रस्ताव पारित कर अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर पला झाड़ लेता है। वह न तो रूस-यूक्रेन के संघर्ष में और न ही इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष रोकने में कोई सार्थक भूमिका अदा कर पा रहा है। उसके कड़े से कड़े फैसले भी आखिर में महाशक्तियों के वीटो के सामने हथियार डाल देते हैं। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अस्तित्व में आया संयुक्त राष्ट कहने को तो दुनिया के देशों का सबसे बड़ा मंच है पर युद्धों को रोकने में उसकी भूमिका नगण्य है। ऐसे में दुनिया में बढ़ते हथियारों की होड़ एवं युद्ध की संभावनाओं को आखिर कौन-कैसे-किसको रोके? जाहिर है, ऐसी परिस्थितियों में तो हथियारों की होड़ बढ़ेगी ही। अमरीका एक तरफ युद्ध की तरफ बढ़ रहे देशों से शांति की अपील करने में सबसे आगे रहता है। लेकिन दूसरी तरफ अमरीकी हथियार कंपनियां तमाम देशों को खरबों रुपए के हथियार बेच रहीं है। इन कंपनियों के लिए तो युद्धकाल ही स्वर्णकाल होता है। ऐसे दौर में जब अधिकांश देश शिक्षा, रोजगार व सेहत के मोर्चे पर संकटों का सामना कर रहे हैं, हथियारों की इस होड़ को रोका ही जाना चाहिए।

रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भीषणतम तबाही एवं सर्वनाश का कारण बनता दिख रहा है। रूस द्वारा परमाणु हथियारों के इस्तेमाल किये जाने एवं यूक्रेन के द्वारा 'डर्टी बम' का इस्तेमाल किये जाने की धमकियां, दुनिया के लिये डर का कारण बन रही है। भयंकर विनाश की आशंकाओं के बीच समूची दुनिया सहमी हुई है। यदि परमाणु हथियारों का उपयोग होता है तो यह मानवता के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ होगा एवं दुनिया को अशांति की ओर अग्रसर करने वाला होगा। अब परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा इसलिए बढ़ गया है कि यूक्रेन को इतने लंबे समय से झुकता न देख रूस का अहं चोट खा रहा है। हालांकि परमाणु हथियारों के दुष्परिणामों से दोनों देश अनजान नहीं हैं। इस युद्ध को चलते लंबा वक्त हो गया। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने जैसा है। ऐसे युद्ध का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्टों को सदियों तक पीछे धकेल देगा, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने का भी बड़ा कारण बनेगा। यूक्रेन और रूस में शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये भारत ने लगातार शांति प्रयास किये हैं। लेकिन प्रश्न है कि दुनिया को अहिंसा, अयुद्ध एवं शांति का सन्देश देने वाला भारत क्यों हथियारों की दोड़ में शामिल है? मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध एवं हथियारों की विभीषिका से मुक्ति दिलाना आवश्यक है। युद्धरत देशों में शांति स्थापित कर, उन्हें अभय बनाकर, युद्ध-विराम करके विश्व को निर्भय बनाना चाहिए। निश्चय ही यह किसी एक देश या दूसरे देश की जीत नहीं बल्कि समूची मानव-जाति की जीत होगी।

# आज का राशिफल



**मेष**

मेष : कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे।

**वृषभ**

वृष : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्धि होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**मिथुन**

मिथुन : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**कर्क**

कर्क : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**सिंह**

सिंह : मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा।

**कन्या**

कन्या : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**तुला**

तुला : रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**वृश्चिक**

वृश्चिक : कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**धनु**

धनु : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे।

**मकर**

मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी।

**कुंभ**

कुंभ : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। पारिवारिक विवाद टालें।

**मीन**


मीन : शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।

## हवा के झोंके बर्दाश्त नहीं कर पा रहे जलमीनार

# भराजो के अमनारी में पानी देने से पहले ही उड़ गयी जल नल योजना की टंकी

प्रातः आवाज

**टाटीझरिया।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में शामिल हर घर जल नल योजना की स्थिति मनरेगा से भी बदतर है। टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में इसकी स्थिति सबसे खराब है। कमीशनखोरी के जाल इतना भयावह कि काम को जैसेतैसे किया गया है। नतीजा तेज हवा में जल मीनारें गिरने लगीं। पिछले माह इस योजना के तहत सोलर प्लेट उड गए थे। संवाददाता ने जब इसकी पड़ताल की तो पाया कि नल से जल तो नहीं गिर रहा है। लेकिन तेज हवा-आंधी में सोलर प्लेट और टंकी जरूर गिर रहे हैं। विभाग की लापरवाही एवं ठेकेदार की मनमर्जी के चलते यह योजना फेल साबित हो रहा है। जल नल योजना में इतना अनियमितता बरता गया है कि





कभी सोलर प्लेट हवा में गिर रहा है तो कभी टंकी समेत लगा स्टैंड। भराजो पंचायत के दो गांव अमनारी और भराजो कि बात करें तो भराजो में करीब 20 बोरिंग किया गया है लेकिन इसमें चार बोरिंग छोड किसी में पर्याप्त पानी ही नही है। पानी नही रहने के बावजूद सभी जगह पर टंकी लगा दिया गया है। वहीं अमनारी में जितना टंकी लगाया है किसी को ठेकेदार के सही से नही लगाया है। इतना अनिमियता है कि कुछ दिन पूर्व जब हवा आंधी चला था तो सोलर प्लेट उड गया था। जिसे ठेकेदार के द्वारा किसी तरह सोलर लगा दिया गया लेकिन वह उपयोग नही हो रहा है। जितना भी स्टैंड बनाया गया है किसी को पूर्ण रूप से नही कार्य पूरा नही किया गया है, जिसका नतीजा है कि मंगलवार को आए तेज हवा में दिनेश कुमार के घर के समीप जलमीनार का स्टैंड सहित टंकी को उडा दिया गयो । स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत की है। बावजूद विभाग एवं पदाधिकारी चुप्पी साधे रहते हैं।

## नल जल योजना में बरती जा रही भारी अनियमितता

# हल्की सी आंधी में उड़ गए सोलर प्लेट

प्रातः आवाज

**बरकट्ठा।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर, नल जल योजना में भारी अनियमितता बरती जा रही है। प्रखंड के सलैया, बेलकप्पी, शिलाडीह आदि गांवों में इन दिनों योजना के तहत निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य में पाइप व नल निम्न गुणवता वाले लगाए जा रहे हैं। कई जगहों पर नल टूट गई है तो कई जगहों पर स्ट्रक्कर में दरार आ गई है। सलैया, कलहाबाद, गायपहाड़ी समेत कई पंचायतों में बिना बोरिंग किए तो कहीं बोरिंग करने पर बिना पानी निकले जलमिनार खड़ी कर दी गई है। इस संबध में जल सहिया ने रिपोर्ट भी तैयार की है। वहीं इस भीषण गर्मी में पानी नहीं निकलने से ग्रामीणों में काफी रोष है। हल्की सी आंधी तूफान से बेलकप्पी पंचायत अंतर्गत ग्राम बड़ासिंगा



स्थित किशोर मोदी घर के सामने लगे जलमीनार में सोलर पलेट गिर गया। सोलर प्लेट गिरने से घर के एस्बेसटस शीट क्षतिग्रस्त हो गया। किशोर मोदी ने बताया कि संवेदक द्वारा घटिया सामग्री की उपयोग करने से हमारे घर का शीट क्षतिग्रस्त हो जाने से करीब 10हजार का नुकसान हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर वहां कोई भी व्यक्ति रहता तो एक बड़ी हादसा हो जाती। उन्होंने विभाग से जल्द जलमिनार को चालू और नुकसान की भरपाई की मांग की है। विदित हो की दो तीन दिन पूर्व शिलाडीह में हल्की आंधी तूफान से सोलर प्लेट गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया था और इंद्र ठाकुर का घर का सीट टूट गया था। संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग कर सरकार की राशि बंदर बाट की जा रही है। अब लोगों का इंतजार रहेगा इस भीषण गर्मी में पानी कब मिलेगी। इस संबध में एई निखिल कुमार से संपर्क करने की परंतु उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

## राज्य स्तरीय टीम पहुंची कस्तूरबा विद्यालय पदमा

# प्रोजेक्ट इंपैक्ट व झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की योजनाओं की जांच की



प्रातः आवाज

**पदमा।** राज्य स्तरीय टीम पदमा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पहुंची। यहां गहन जांच के बाद टीम ने विद्यालय में संचालित कार्यक्रमों के प्रति संतुष्टि प्रकट की तथा वार्डेन को कई अन्य दिशा निर्देश दिए। मौके पर इको क्लब एवं स्पोर्ट्स क्लब के साथ इको क्लब, सोहराय कला और बाल संसद के कार्यों की प्रशंसा टीम ने की। साथ ही टीम लीडरों को उनके बेहतर कार्य के लिए मेडल पहनाकर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ममता लकड़ा ने सम्मानित किया। जांच दल में ममता लकड़ा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची नीलम रानी, सदस्य जीसीईआरटी रांची व अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुनील लकड़ा के साथ जूनियर इंजीनियर रणजीत सिंह उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त ने की बैठक

# भीषण गर्मी को देखते हुए मतदानकर्मियों और मतदाताओं के लिए करें पुख्ता व्यवस्था : सुमन कैथरीन किस्पोट्टा

प्रातः आवाज

**हजारीबाग।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत आनेवाले वैसे क्षेत्र जहां राजकीय औसत से कम मतदान हुए थे, वहां मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जाए। कम मतदान का कारण पता कर उनकी समस्या को दूर कर उस क्षेत्र में विशेष अभियान या स्वीप गतिविधि चलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जाए। ताकि हमारा प्रमंडल राष्ट्रीय औसत मतदान की सीमा को पार कर सकें। उक्त बातें उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने प्रमंडल अंतर्गत आनेवाले जिलों में चुनाव से संबंधित विधि व्यवस्था को लेकर आहूत बैठक में कही। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमंडलीय आयुक्त ने उपस्थित जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्तों से लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर की





गयी तैयारियों की जानकारी ली। उपस्थित उपायुक्तों ने अपने जिले की तैयारियों से आयुक्त को अवगत कराया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें आयुक्त के द्वारा माइक्रो आब्जर्वर, सेक्टर मजिस्ट्रेट, मतदान दल पीठासीन पदाधिकारी एवं पोलिंग अधिकारी की प्रतिनियुक्ति एवं उनके प्रशिक्षण की स्थिति, जिले में वाहनों की आवश्यकता एवं उपलब्धता की स्थिति, मतदान केन्द्रों पर आवश्यकता की सामग्री (जैसे पानी शौचालय आदि) की स्थिति, क्लस्टर में एएमएफ की स्थिति, सभी अंतरराज्य एवं अंतर जिला चेक पोस्ट की स्थिति, दो अथवा अधिक जिला से आच्छादित विधानसभा क्षेत्रों के मतदान दल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी के प्रस्थान एवं रिजर्व या डिफेक्ट ईवीएम के रखरखाव की स्थिति, डिस्पैच, रिसीविंग, काउंटिंग व व्रजगृह की तैयारी की स्थिति, मतदान केन्द्रों के संवेदनशीलता तथा पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की स्थिति, पीडब्ल्यूडी व 80 प्लस के मतदाताओं के लिए मतदान दिवस के दिन दी जाने वाली सुविधा, जिले में पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या एवं अन्य का जायजा लिया गया। भीषण गर्मी और लू को देखते हुए आयुक्त ने उपस्थित जिला निर्वाचन पदाधिकारी से कहा कि मतदान केन्द्रों पर मतदानकर्मियों और मतदाताओं के लिए पानी संग अन्य जरूरी सामग्रियों की पुख्ता व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता और मतदान को प्रभावित करने वाली प्रतिकूल गर्मी से संबंधित घटनाओं से निपटने के लिए रणनीति आवश्यक रूप से तैयार करें। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हजारीबाग, रामगढ़, गिरिडीह एवं कोडरमा, उप विकास आयुक्त धनबाद एवं चतरा, उप निर्वाचन पदाधिकारी हजारीबाग एवं रामगढ़, आयुक्त के सचिव एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी पदमा उपस्थित थे।

# बरही में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

प्रातः आवाज

**बरही।** थाना अंतर्गत रसोइया धमना के पुरहारा मोड़ के नजदीक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। युवक की पहचान सिंघरावा पंचायत के केवला गांव निवासी अतीक खान का 19 वर्षीय पुत्र सहरेयार खान के रूप में हुई। बताया जाता है कि युवक बाइक से बरही से अपने घर जा रहा था, उसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से धक्का मार दिया, जिसके बाद वह आगे जा रहे पाइप लोड ट्रेलर से जा टकराया। युवक की मौत के बाद पूरा हाइवे जाम हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर बरही पुलिस





घटना स्थल पर पहुंची। वहीं मृतक के परिजन भी पहुंच गए थे। इधर बरही पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर शव को अपने कब्जे में लिया और जाम को हटवाया। परिजनों ने बताया कि उक्त युवक वायरिंग का कार्य सीख रहा था, वह बरही से अपने घर आ रहा था, यह चार भाइयों में से तीसरे नंबर पर था। इधर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# मुखिया पर गलत वंशावली प्रमाणित करने का लगाया आरोप, एसपी से कार्रवाई की मांग

- करोड़ों की जमीन हड़पने की साजिश का लगाया आरोप, एसपी को दिया आवेदन
- मुखिया ने आरोप को बताया बेबुनियाद

प्रातः आवाज

**बरकट्ठा।** प्रखंड के गैडा निवासी गोविंद राणा पिता गंदौरी राणा वगैरह ने स्थानीय मुखिया सुमन देवी पर गलत वंशावली प्रमाणित करने और करोड़ों की जमीन जायदाद को हड़पने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। इस बाबत गोविंद राणा, पिता गंदौरी राणा, मादो राणा पिता बबुन राणा, इन्द्रदेव राणा पिता बबुन राणा, बालेश्वर राणा पिता पाचु राणा और सुरेंद्र राणा ने पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को पत्र लिखकर कारवाई करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि मुखिया ने साजिश के तहत महेश राणा पिता सुरेश राणा ग्राम पोव थाना चंदवारा निवासी और रुपलाल राणा की दुसरी पत्नी सोहवा देवी का पुत्र विजय राणा बेडोखुर्द निवासी का नाम हमारे पूर्वज खाताधारी किशु राणा के वंशावली में जोड़ दिया गया है। इसी वंशावली के आधार पर उपरोक्त दोनों व्यक्ति को लेख्यकारी बनाकर खाता संख्या 67 प्लाट संख्या 3047 की दो किता का जमीन 11 और 8 डी0 कुल 19 डी0 जमीन रजिस्ट्री की बात से सम्पत्ति बेचने की गुप्त साजिश रची जा रही है। उन्होंने गांव के ही श्याम साव और ब्रह्मदेव साव पर पैसों के लालच में गलत वंशावली बनाने का आरोप लगाते हुए उचित कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं मुखिया ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

# सिंहपुर में हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

## महायज्ञ से ही होता है समस्त मानव जाति का कल्याण : मनोज यादव

प्रातः आवाज

**बरही।** प्रखंड के दूलमाहा पंचायत अंतर्गत ग्राम सिंहपुर में श्री श्री 108 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में पूर्व विधायक मनोज यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। उनके साथ जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा नेता अर्जुन साव, स्थानीय मुखिया नारायण यादव, पंसस प्रतिनिधि मणिलाल यादव, पंचायत समिति सदस्य मनोज यादव, युवा नेता संजय यादव आदि मौजूद थे। सभी अतिथियों को यज्ञ समिति की ओर से उन्हें अंग वस्त्र एवं पट्टा देकर सम्मानित किया गया। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि



महायज्ञ में भाग लेकर हम अपनी आत्मा को जहां शुद्ध कर रहे हैं वहीं हमें भगवान हनुमान का आशीर्वाद भी प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि यज्ञ कर्म को मनुष्यों एवं देवताओं के परस्पर कल्याण हेतु होना आवश्यक है, क्योंकि देवताओं को भोजन यज्ञ से प्राप्त होता है। देवताओं का प्रसन्न होना ही मानव कल्याण है। इसलिए यज्ञ को अति उत्तम माना जाता है। मौके पर संजय कुमार यादव, रामदेव यादव, मुरली यादव, नारायण यादव, गणेश यादव, चन्द्रदेव यादव, अशोक यादव सहित भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त जन उपस्थित थे।

## नवनिर्मित शनिदेव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

प्रातः आवाज

**बरही।** प्रखंड स्थित मनोकामनेश्वर शिव मंदिर के प्रांगण में नवनिर्मित शनि देव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को 51 कुमारी कन्याएं एवं महिलाओं द्वारा कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। कलश यात्रा सूर्य मंदिर स्थित उत्तर वाहिनी बरही नदी पहुंची, जहां गुप्ता एंपोरियम परिवार के मुख्य यजमान कृष्ण प्रसाद गुप्ता सह पत्नी सैफाली गुप्ता व नरेश प्रसाद गुप्ता सह पत्नी गुड़िया गुप्ता ने जल पूजन किया। इसके पश्चात विधिवत कलश में जल भरा गया। कलश यात्रा बरही चौक के चारों मुख्य मार्ग में भ्रमण करते हुए पुनः मनोकामेश्वर मंदिर प्रांगण स्थित शनि देव मंदिर पहुंच यात्रा समाप्त की गई। वही कलश को मंदिर के चारों ओर स्थापित किया गया। इस दौरान धार्मिक जगह से माहौल भक्तिमय हो गया। इसी के साथ तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ की गई। धार्मिक अनुष्ठान के पुरोहित लखन पंडित,



मंदिर पुजारी अनुज कुमार शर्मा एवं जितेंद्र पंडित, राहुल पंडित, जगदीश पंडित थे। मौके पर गुप्ता एंपोरियम परिवार के शकुंतला देवी, कुणाल कुमार गुप्ता, करण कुमार गुप्ता के अलावे मुखिया शमशेर आलम, मनोज केशरी, सुबोध केशरी, दिलीप केशरी, राजू, रूपेश प्रसाद गुप्ता, शिव प्रसाद गुप्ता, राहुल चंद्रवंशी, पवन केशरी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

# खूंटी लोस सीट से पांच प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल

## जेएमएम के पूर्व विधायक बसंत लोंगा ने निर्दलीय भरा पर्चा



**खूंटी (प्रातः आवाज)।** कोलेबिरा के पूर्व जेएमएम विधायक बसंत लोंगा निर्दलीय उम्मीदवार खड़ा हुए हैं। जो जेएमएम पार्टी के नीति और क्रियाकलाप पसंद नहीं आयी तो उन्होंने स्वयं निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया। वहीं खूंटी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का विकास के नाम राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियां चुनाव मैदान में खड़ी हो रही हैं। जिसमें से एक कोलेबिरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के विकास नहीं होने से व्यथित पूर्व विधायक बसंत लोंगा ने भी बुधवार को नामांकन प्रपत्र भरा। बसंत लोंगा पहले जेएमएम से भी विधायक रह चुके हैं। लेकिन क्षेत्र कि विकास और जनता का समुचित आवाज का लाभ जनता को नहीं मिल पाने के कारण निर्वाचन में जीत हासिल करके जनता की आवाज और विकास का माध्यम बनने का सपना संजोया है।

■ नामांकन दाखिल करने वालों में झापा की अर्पणा हंस, अबुआ झापा की सोमा मुंडा, लोकहित अधिकार पार्टी के काशीनाथ सांगा, निर्दलीय अहलाद केरकेट्टा व बसंत लोंगा शामिल

प्रातः आवाज



**खूंटी।** अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षित 11 खूंटी संसदीय सीट की अधिसूचना जारी होने के सातवें दिन बुधवार को पांच प्रत्याशियों ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

जिन प्रत्याशियों ने बुधवार को नामांकन दाखिल किया, उनमें झारखंड पार्टी के अर्पणा हंस, अबुआ झारखंड पार्टी के सोमा मुंडा, लोकहित अधिकार पार्टी के काशीनाथ सांगा, निर्दलीय अहलाद केरकेट्टा तथा झामुमो के पूर्व विधायक निर्दलीय प्रत्याशी बसंत लोंगा शामिल हैं। इसके अलावा भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के प्रतिनिधि द्वारा बुधवार को भी दूसरी बार अन्य सेट में नामांकन प्रपत्र दाखिल किया गया। दूसरी ओर बुधवार को एक अभ्यर्थी बहुजन समाज पार्टी की सावित्री देवी ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। इस प्रकार अब तक कुल 16 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन प्रपत्र की खरीदारी की गई है। इनमें से दोनों राष्ट्रीय पार्टी भाजपा और कांग्रेस के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा कांग्रेस के कालीचरण मुंडा सहित कुल नौ प्रत्याशियों द्वारा नामांकन प्रपत्र दाखिल किया गया है। गुरुवार को नामांकन प्रपत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि है। इसलिए बाकी बचे अभ्यर्थियों द्वारा अंतिम दिन गुरुवार को नामांकन प्रपत्र दाखिल किया जाएगा।

नामांकन के पूर्व झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का और महासचिव अशोक भगत के नेतृत्व में झारखंड पार्टी के कार्यकताओं ने लोयला मैदान से नामांकन रैली निकाली गई, जिसमें खूंटी, तोरपा, कोलेबिरा, सिमडेगा, तमाड़ और खरसावां विधानसभा क्षेत्र के हजारों कार्यकताओं ने भाग लिया।

नामांकन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए एनोस एक्का ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने यहा के ईसाइयों को अपमानित किया है। ईसाई धर्मगुरुओं कों टिकट देने का आश्वासन देनें के बाद भी किसी ईसाई कों कांग्रेस ने उम्मीदवार नहीं बनाया। उन्होंने कहा कि कांगेस भारतीय जनता पार्टी की बी टीम बन गई है। यही कारण है कि तीन बार चुनाव हारने के बाद भी कालीचरण मुंडा को ही कांग्रेस ने चुनावी मैदान में उतारा। कालीचरण मुंडा कांग्रेस में और उनका छोटा भाई नीलकंठ सिंह मुंडा भाजपा में हैं और दोनों यहा की जनता का मूर्ख बना रहे हैं। एनोस एक्का ने कहा कि खूंटी संसदीय सीट से जब भी कांग्रेस ने ईसाई उम्मीदवार उतारा है, उनकी जीत हुई है, जबकि गैर भाजपाई दल से कोई गैर ईसाई को जीत नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि 1952, 1957 और 1962 में झारखंड पार्टी के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ने संसदीय चुनाव जीता था। 1967 में जयपाल सिंह कांग्रेस के टिकट पर संसद पहुंचे थे। 1984 में साइमन तिग्गा और 2004 में कांग्रेस की सुशीला केरकेट्टा ने कांग्रेस के टिकट पर जीत हासिल की थी। उसके बाद कांग्रेस ने एक बार नियेल तिर्की को उम्मीदवार बनाया था।

## जल जंगल जमीन की लड़ाई का आस्तित्व को करुंगी पूरा : अर्पणा



**खूंटी (प्रातः आवाज)।** झारखण्ड की सबसे पुरानी क्षेत्रीय पार्टी झारखंड पार्टी लोकसभा निर्वाचन में पूरे दमखम से उतरी है। वहीं झारखण्ड पार्टी खूंटी लोकसभा निर्वाचन सीट से खूंटी की दिग्गज नेत्री अर्पणा हंस को उतारा है। जिसमें पार्टी को जीत सुनिश्चित कराने में कर्मठ उम्मीदवार अर्पणा हंस और पार्टी के नीति सिद्धान्त पर पूरा भरोसा है। जिस पार्टी को 1958 ई से खूंटी में जन समर्थन मिलते आया है। जिस पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष स्व जयपालसिंह मुण्डा, स्व एनई होरो, बागुन सुम्ब्रई, वर्तमान अध्यक्ष एनोस एक्का आदि ने नेतृत्व करते हुए जनता की आवाज बुलंद की है। वर्तमान अध्यक्ष एनोस एक्का महासचिव अशोक भगत सहित पूरी टीम ने अर्पणा हंस को उतारने के बाद जीत का उम्मीद पर हैं। वहीं खूंटी के झापा की प्रत्याशी अर्पणा हंस ने कहा कि झारखण्ड पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है तो जीत भी सुनिश्चित है। जहां खूंटी में लोगों की सेवा में हमेशा तत्पर रही हूं। लेकिन झारखंड में राष्ट्रीय पार्टियों ने झारखंडियों के लिए कुछ नहीं किया। यहां के लोगों को केवल ठगा है। खूंटी लोकसभा क्षेत्र में सड़क व पानी का काफी कमी है। झारखण्ड में भ्रष्टाचार बढ़ गया है। झारखण्ड पार्टी माटी की पार्टी होने के नाते यहां का विकास चाहती रही है। और जनता को विकल्प नहीं था जिसका विकल्प के रुप में खड़ी हूं।

### झारखंड अलग तो हुआ पर, अभी भी आस्तित्व में है कमी : एनोस

झापा के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने कहा कि भाजपा हो या कांग्रेस दोनों ने ही झारखण्डियों को ठगता रहा है। जल जंगल जमीन की लड़ाई तो केवल झारखण्ड पार्टी ही लड़ती रही है। यही कारण है कि झारखण्ड आंदोलनकारी का अथक प्रयास के कारण आज झारखण्ड अलग राज्य बना पाया। जिसका सपना बहुत पहले ही संजोया था चुका था। लेकिन इस राज्य का भलाई के लिए किसी ने नहीं सोंचा। केवल इस राज्य का दोहन किया। आज बालू के लिए गरीबों को नसीब नहीं है। जबकि जेएमएम और कांग्रेस की सरकार में अमीरजादों तस्करों के लिए खुलेआम छूट दे रखी है और गरीब कालाबाजारी का बालू खरीद नहीं पा रहे हैं।

### झापा माटी की पार्टी है, जनता की उम्मीद पर उतरेगी खरा : अशोक

झारखण्ड पार्टी का केंद्रीय महासचिव अशोक भगत ने कहा कि झारखण्ड पार्टी माटी की पार्टी है। जिसका गठन संविधान निर्माण समिति के सदस्य और देश को हॉकी में पहचान दिलाने वाले जयपाल सिंह मुण्डा के द्वारा गठित पार्टी है। जिसे एन ई होरो ने झापा का आस्तित्व को और बढ़ा दिये थे। उसके बाद एनोस एक्का झारखण्ड पार्टी का अध्यक्ष बने और विधायक भी बने। जिनके नेतृत्व में क्षेत्र का विकास कार्य काफी हुआ है। वहीं इस बार खूंटी लोकसभा सीट से झापा ने अर्पना हंस को उम्मीदवार बनाया है। जनता जिसकी मांग की थी। मौके पर झारखंड पार्टी के सैकड़ों सक्रीय कार्यकर्ता ढोल नगाड़े के साथ नोमिनेशन फाईल करने पहुंचे थे।

# लोस चुनाव कराना पुलिस की पहली प्राथमिकता होगी : अखिलेश झा

■ लोकसभा चुनाव को लेकर रांची के आईजी अखिलेश झा ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ की तैयारियों की समीक्षा

प्रातः आवाज




**सिमडेगा।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बुधवार को रांची के आईजी अखिलेश झा सिमडेगा पहुंचे। जहां पर सबसे पहले समाहरणालय एसपी कार्यालय गेट में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जिसके बाद कार्यालय सभागार में उन्होंने पुलिस पदाधिकारी के साथ चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक की।

मौके पर सिमडेगा एसपी सौरभ, एसडीपीओ पवन कुमार, डीएसपी अवध कुमार यादव, सभी अंचल के पुलिस निरीक्षक उपस्थित हुए। इस दौरान आईजी ने सबसे पहले थानावार किए गए पुलिस के द्वारा चुनाव को लेकर तैयारियों की प्रेजेंटेशन के माध्यम से समीक्षा की। इसके अलावा जिले के सभी 571 बूथों में संवेदनशील एवं सामान्य बूथों के बारे में एसपी से जानकारी ली। मौके पर समीक्षा क्रम में आईजी ने कहा कि लोकसभा चुनाव कराना पुलिस की पहली प्राथमिकता होगी और इसके लिए सभी लोग टीमवर्क के साथ कार्य करें, ताकि शांतिपूर्ण तरीके से लोकसभा चुनाव सिमडेगा जिले में संपन्न हो सके। पुराने सिमडेगा जिले के 6 सीमावर्ती क्षेत्र में सघनता से वाहनों की जांच करने के निर्देश दिए, ताकि किसी प्रकार से कोई भी आपत्तिजनक वस्तुओं का आदान-प्रदान न हो सके। उन्होंने कहा कि 50000 से अधिक राशि मिलने पर इसे वरीय पदाधिकारी को सूचना देकर जब्त करें और उचित साक्ष्य देने पर ही उसे रिलीज करें। मतदान के दिन ड्राई डे घोषित किया गया है, ऐसे में अवैध शराब की बिक्री पर पूरी तरह से अंकुश लगाते हुए छापेमारी अभियान चलाएं जिससे चुनाव के दौरान किसी प्रकार से परेशानी उत्पन्न न हो।

# जलडेगा प्रखंड के पतिअम्बा पंचायत में 'खाट' पर सरकारी व्यवस्था

■ खरवागढ़ा गट्टीगढ़ा निवासी की पत्नी की प्रसव पीड़ा ने खोल दी विकास कार्यों और खोखले दावों की पोल

प्रातः आवाज





**जलडेगा।** सिमडेगा जिले के जलडेगा प्रखंड के पतिअम्बा पंचायत अंतर्गत खरवागढ़ा गट्टीगढ़ा निवासी मोजेश होब्बो की पत्नी फूलमनी तोपनो की प्रसव पीड़ा ने प्रखंड की खोखली विकास की परिभाषा को उजागर कर दिया। दरअसल प्रसव पीड़ा की असहनीय दर्द से तड़प रही फूलमनी तोपनो को जब अस्पताल ले जाने हेतु सहिया बिनीता बुढ़ ने ममता वाहन से संपर्क किया तो ममता वाहन उपलब्ध नहीं होने की बात कही गई। जिसके बाद 108 एम्बुलेंस से संपर्क किया गया जिस पर दो घंटे बाद एम्बुलेंस उपलब्ध होने की बात कही गई। वहीं जब एम्बुलेंस प्रसूता को लेने गयी तो जर्जर सड़क के कारण प्रसूता के घर से एक किलोमीटर दूर गड्ढे में फंस गयी। नतीजन प्रसव पीड़ा के दर्द से तड़प रही फूलमनी तोपनो को खाट से एक किलोमीटर दूर एम्बुलेंस तक लाया गया एवं पीड़िता के परिजनों ने जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं हाथ में कुदाल एवं लोहे के रॉड (सबल) लेकर भारी गर्मी के बीच अथक प्रयास कर एम्बुलेंस को गड्ढे से बाहर निकाला तब जाकर महिला को जलडेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां महिला ने एक नवजात शिशु को जन्म दिया। जिसके बाद डॉक्टरों ने जच्चा बच्चा दोनो के बेहतर सुविधा के लिए सिमडेगा रेफर कर दिया। विदित हो कि कुछ दिनों पूर्व ही लेटेमदा स्कूल टोली की महिला जवनी बागे को भी प्रसव पीड़ा के कारण खाट से आधा किलोमीटर दूर एम्बुलेंस तक लाया गया था, जिससे प्रशासन के विकास के दावों पर प्रश्न खड़े हुए थे। वहीं इस दूसरी घटना ने भी तमाम कागजी विकास के दावों को हवा में उड़ा दिया है।

**गलत जगहों पर निर्माण होती है मनरेगा और 15वें वित्त की योजना :** एक ओर जहां 15वें वित्त एवं मनरेगा की राशि से बिना जरूरत वाली जगहों में पीसीसी निर्माण, नाली निर्माण, पुलिया निर्माण, अच्छे खासे स्कूल की छतों की मरम्मत एवं मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र के नाम पर रंग रोगन करना, स्कूलों में चापाकल होने के बाबजूद सिंटेक्स और सोलर लगाने के नाम पर लाखों रुपए की लूट मची हुई है। वहीं दूसरी ओर ऐसी घटना ये हकीकत बयां कर रही है कि पंचायतों में करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद आज भी कई ऐसे सुदूर गांव और पिछड़ा गांव हैं जहां तक पहुंचने के लिए रोड और पीसीसी तक नहीं है। जिससे यही लगता है कि प्रशासन एवं गांव की सरकार के विकास के दावे पूरी तरह खोखले हैं।

## समाचार सार

### केंद्रीय मंत्री सह खूंटी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा का दो दिवसीय सिमडेगा दौरा आज से



**सिमडेगा (प्रातः आवाज)।** केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद एवं खूंटी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा दो दिवसीय भ्रमण पर सिमडेगा पहुंचेंगे। जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक एवं सांसद प्रतिनिधि सह विधानसभा सह संयोजक सुशील श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से बताया की 25 अप्रैल को कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से संवाद करेंगे वहीं 26 अप्रैल को सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के रामरेखा धाम सहित सेवई ग्रामीण मंडल एवं केरसई मंडल का दौरा कर कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों से संवाद करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि केंद्रीय मंत्री के दौरे से कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुटकर केंद्रीय मंत्री का जोरदार स्वागत करें एवं ग्रामीणों से भाजपा प्रत्याशी का संवाद करने में सहयोग करें।

### बोलबा प्रखंड के बीआरसी में गुरुगोष्ठी का आयोजन

**बोलबा (प्रातः आवाज)।** प्रखंड के बीआरसी में गुरुगोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन गोस्वामी ने की। बैठक में विद्यालय मैपिंग को लेकर कार्य किया गया। इससे संबंधित प्रपत्र दो दिनों के अंदर जमा करने का निर्देश दिया गया। एस एस.एस.+2 का रिजल्ट विद्यावाहिनी में एंट्री करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने प्रोजेक्ट इंपैक्ट को लेकर सभी विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत करने को कहा। इसके लिए बच्चों को हाउस में बांटकर बच्चों की उपस्थिति को बढ़ाया जाए। वहीं उन्होंने प्राइवेट विद्यालय की तरह अपने विद्यालय में फुलवारी बनवाने का निर्देश दिया गया। साथ ही बाल संसद का गठन एवं बच्चों को भी प्रतिदिन न्यूज पेपर पढ़ने को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट इंपैक्ट को अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया गया। राजकीय मध्य विद्यालय के एचएम ललित साहू एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डेन कमला बड़ाईक के द्वारा प्रोजेक्ट इंपैक्ट पर विद्यालय की प्रतिदिन की गतिविधि जानकारी गुरुगोष्ठि में दी गई। मौके पर रामानंद कुमार, सोनी देवी, रोहित कुमार, बी सिंह, तपेश्वर प्रसाद, महेंद्र उरांव, संध्या रानी एक्का एवं विद्यालय प्रधान उपस्थित थे।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने की प्रशिक्षण कोषांग के कार्यों की समीक्षा

**सिमडेगा (प्रातः आवाज)।** लोकसभा आम चुनाव के सफल संचालन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कोषांग के कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान प्रशिक्षण कोषांग की तैयारियों के साथ निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त अधिकारियों, कर्मियों, पोलिंग पार्टी, सेक्टर ऑफिसर, वीडियोग्राफी टीम, एसएसटी, भीएसटी आदि को दिए जा रहे व दिए जाने वाले प्रशिक्षण की वस्तुस्थिति से अवगत हुए। साथ ही ट्रेनिंग कैलेंडर सूची का अद्यतन करने का निर्देश संबंधित कोषांग के अधिकारियों को दिया। मौके पर उन्होंने ने प्रशिक्षण कोषांग के वरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम, द्वितीय व तृतीय मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण कैलेंडर अद्यतन करते हुए तिथिवार सभी को चुनाव से संबंधित पूर्ण प्रशिक्षण बेहतर तरीके से सुनिश्चित कराएं। साथ ही उन्होंने ईवीएम के हैंड्स ऑन प्रशिक्षण पर जोर देने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण में शामिल होने वाले सभी प्रशिक्षणार्थियों को चुनाव प्रक्रिया की तमाम जानकारियों के साथ उनकी शंका का समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ताकि प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात चुनाव प्रक्रिया के कार्य को बिना बाधा के साथ सफलता पूर्ण समापन किया जा सके।

### रनिया में मनाया गया प्रखंड स्तरीय सरहुल मिलन समारोह



**रनिया (प्रातः आवाज)।** ग्राम प्रधान संघ के तत्वाधान में बुधवार को प्रखंड स्तरीय सरहुल मिलन समारोह का आयोजन का आयोजन किया गया। इस दौरान रनिया बाजार टांड़ में स्थानीय पाहनों के द्वारा सखुआ डाली की पूजा अर्चना किया गया और क्षेत्र के सुख समृद्धि व उन्नति की कामना किया। वहीं हजारों लोगों ने अपने पुरातन संस्कृति का प्रकृति का पर्व पर ढोल नगाड़ों के साथ जम कर नाच-गान किया। सरहूल मिलन समारोह में पहुंचे लोग जमकर ढोल नगाड़े की थाप में सरहुल मिलन समारोह में थिरके। सरहूल महोत्सव को संबोधित करते हुए पाहनों ने कहा कि सरहूल पर्व जनजातीय समुदाय का प्रकृति के प्रति प्रेम का प्रतीक है। सरहूल मानव सभ्यता को वन पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करता है।एवं मानव जीवन दर्शन के मौलिकता को दशार्ता है। सरहुल हमारी पौराणिक संस्कृति को दशार्ती है। जरूरत है हमें इसे संजोने की। इस पर्व के माध्यम से हमें प्रकृति की महत्व को समझाते है। सरहुल आदिवासी समाज का पारंपरिक पर्व है। कार्यक्रम का समापन रनिया बाजार से रनिया ब्लॉक चौक तक शोभायात्रा के बीच हुई।

# 80 प्रतिशत से अधिक मतदान प्रतिशत हासिल करने का है लक्ष्य : डीसी

■ स्वीप सेल के अंतर्गत मतदाता जागरूकता को लेकर बैठक आयोजित

प्रातः आवाज



**सिमडेगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्वीप सेल के अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु बैठक आहूत किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित गतिविधियों और उसकी कार्ययोजना पर चर्चा की। उन्होंने शहरी क्षेत्र के अंतर्गत कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र क्षेत्रों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु जतरा मेला के आयोजन पर चर्चा की गयी। उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लोकल ट्रेडिशनल संसाधन एवं वस्तुओं के साथ मतदाताओं को जागरूक करने हेतु स्लोगन, सूचक सहित कई अन्य बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी देने की बात कही। स्वीप कोषांग के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि लोकसभा आम चुनाव में अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है, जिसके तहत 80 प्रतिशत से अधिक मतदान प्रतिशत हासिल करने का लक्ष्य है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्वीप कोषांग के कार्यों में अपनी क्षमता से बढ़कर कार्य करने समेत कई निर्देश दिए। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने यूनिक बूथ का चयन कर विशेष जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही पीवीटीजी समूह के बूथों पर केंद्रित करने का निर्देश दिया।

चुनाव के दिन यूनिक मतदान केंद्र पर विशेष साज-सज्जा करने की बात कहीं। उपायुक्त ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को स्वीप गतिविधियों के व्यापक मीडिया कवरेज एवं मीडिया के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने हेतु जिले के सभी मीडिया बंधुओं से बैठक कर निर्देशित करने का निर्देश दिया।

बैठक में स्वीप वरीय पदाधिकारी -सह- उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, स्वीप नोडल पदाधिकारी -सह- एलआरडीसी अरुणा कुमारी, स्वीप कार्यक्रम प्रभारी पदाधिकारी -सह- नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा सहित स्वीप सेल के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मी गण उपस्थित थे।

### पोस्टल बैलेट से मतदान संबंधी तैयारियों को लेकर बैठक

**सिमडेगा (प्रातः आवाज)।** लोकसभा आम चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सिमडेगा की अध्यक्षता में पोस्टल बैलेट से मतदान कराने को लेकर समाहरणालय कक्ष में बैठक की गयी। बैठक में उपायुक्त ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के तहत जिले में अब तक की तैयारियों की समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

# मंडा मेला हमारी ऐतिहासिक परंपरा की पहचान है : अर्जुन मुंडा

■ कर्रा का ऐतिहासिक लौंयकेल मंडा में उमड़ा शिव भक्तों का सैलाब

प्रातः आवाज



**खूंटी।** कर्रा प्रखंड क ऐतिहासिक लौंयकेल मंडा बुधवार को झूलन के साथ संपन्न हो गया। मंडा मेला में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कहा कि महादेव पूरे संसार के तारणहार हैं। महादेव को ही आघोरीनाथ नाथ कहा जाता है। मुझे खुशी है कि इस प्राचीन मंदिर की प्राचीन परंपरा आज भी भव्य रूप से मनाई जा रही है, जो हमारे सभ्यता-संस्कृति को दिखाती है। ऐसे पारंपरिक कार्य हमारे जीवन में आए उतार-चढ़ाव से हमें दूर करते हैं और हम लोग अपने सुख-दुःख को भूलकर आस्था में खो जाते हैं।

मंत्री ने कहा कि भारत देश जहां बाबर, अकबर के अलावा अंग्रेजों ने भी शासन किया। इसके बाद हमें आजादी मिली और हमारे भारत देश को व्यवस्थित ढंग से चलने के लिए व्यवस्था बनाई गई। इसके तहत जनता अपना जन प्रतिनिधि चुनती है और लोकतांत्रिक व्यवस्था बनती है। आनेवाले लोकसभा चुनाव है लोग अपने जन प्रतिनिधि को चुन सकते हैं। उन्होंने मंडा मेला समिति के सभी सदस्यों बधाई दी और कहा कि इस प्रकार के कार्य में अपना सहयोग देना सराहनीय है। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद प्र. सोनी, मनोज कुमार, बृजेन्द्र हेमरोम, विष्णु प्रसाद सोनी, दिलीप सिन्हा, बालकिशुन महतो, रामध्यान सिंह, विनय गुप्ता, नीलाम्बर सिंह आदि मौजूद थे। मेला को सफल बनाने में जय माता दी क्लब सह मंडा मेला संचालन समिति के अध्यक्ष दीपक पाण्डेय, मुख्य संरक्षक नागेंद्र सिंह, बसंत सिंह मुंडा, प्रभात सिंह राठौर, मंटू महतो, बाबू खान, गुलाब नायक, महादेव लोहरा, तुलसी लाल साहू, पवन गुप्ता, अनूप लकड़ा, नवीन गुप्ता, विराट सिंह, बिहारी सिंह, नवीन कुमार, दुर्गा बड़ाईक, सगीर अहमद ने योगदान दिया।

## वोटर अवेयरनेस फोरम, एएमएफ एवं यूनिक बूथ से संबंधित बैठक में डीसी ने दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

# वीएएफ से संबंधित रिपोर्ट 27 तक करें जमा

प्रातः आवाज



**धनबाद।** बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में बीसीसीएल के सभी महाप्रबंधक, टाटा स्टील, इसीएल, डीवीसी मैथन, पंचेत, एमपीएल, हर्ल के परियोजना प्रमुख, सभी सीडीपीओ के साथ आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त वोटर अवेयरनेस फोरम, एएमएफ एवं यूनिक बूथ से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख को वोटर अवेयरनेस फोरम(वीएएफ) से संबंधित रिपोर्ट 27 अप्रैल तक उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी संस्थान के कर्मी जिनकी उम्र 18 या उससे अधिक है, वैसे लोगों का यदि मतदाता सूची में नाम नहीं है तो 26 अप्रैल तक वोटर अवेयरनेस फोरम के नोडल पदाधिकारी उनका नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वाएं। साथ ही कर्मी के परिवार में यदि किसी का भी नाम मतदाता सूची में छूट गया हो तो उनका भी नाम अवश्य मतदाता सूची में जुड़वाना सुनिश्चित कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं।

वहीं एएमएफ की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी महाप्रबंधक समेत सभी परियोजना प्रमुख को अपने-अपने क्षेत्र की बूथों में बुनियादी सुविधाएं जैसे पीने योग्य पानी, शौचालय, बिजली, रैंप आदि की व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी संस्थान के महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख को अपने-अपने क्षेत्र के बूथों में 30 अप्रैल से पूर्व एएमएफ की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी संस्थान के महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख को अपने-अपने क्षेत्र में यूनिक बूथ बनाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी अपने-अपने क्षेत्र में कम से कम 10 बूथों को चिन्हित करें एवं उसे अपने-अपने क्षेत्र के अनुरूप जो भी चीजें यूनिक हैं उन यूनिक चीजों से जोड़ते हुए बूथ को सुसज्जित करें। इसके अलावा उन्होंने बैठक में आए सभी संस्थान के प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्र में स्वीप एक्टिविटी करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय औसत से कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों में स्वीप की विशेष एक्टिविटी सुनिश्चित करें, ताकि लोग मतदान के प्रति जागरूक हो एवं 25 में को अपने-अपने घरों से निकाल कर मतदान अवश्य करें।

बैठक में नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन समेत सभी सीडीपीओ, अलग अलग संस्थान के सभी महाप्रबंधक, एवं परियोजना प्रमुख उपस्थित रहे।

## समाचार सार

### उप डाकघर के डाक कर्मी महेंद्र सिंह को सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई



**भंडारीदह (प्रातः आवाज)।** उपडाकघर के डाक कर्मी महेंद्र सिंह के सेवानिवृत्त होने पर भंडारीदह उपडाकघर में कार्यक्रम आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। भंडारीदह के उपडाकपाल देवेंद्र सिंह जडेजा, बेरमो के उपडाकपाल युगल किशोर पांडेय, भंडारीदह के पोस्टल असिस्टेंट अमनदीप सहित सहयोगी कर्मियों ने फूल माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र सहित अन्य उपहार देकर सम्मानित किया। उपडाकपाल युगल किशोर पांडेय एवं देवेंद्र सिंह जडेजा ने कहा कि सेवानिवृत्त डाक कर्मी महेंद्र सिंह अपने काम और दायित्व के प्रति काफी सजग रहते थे। काफी लंबे समय तक भंडारीदह में नौकरी करते हुए बेदाग होकर सेवानिवृत्त होना बहुत बड़ी उपलब्धि है। इन्होंने अच्छे स्वस्थ की कामना करते हुए विभाग से मिलने वाली राशी का सदुपयोग करने की बात कही। उपडाकपाल युगल किशोर पांडेय ने कहा कि महेंद्र सिंह के साथ लंबे समय तक काम करने का अनुभव रहा है। डाक घर के ग्राहकों सहित अन्य कर्मचारियों के साथ बेहतर लगाव रहा। अपने काम के प्रति वफादार रहे। इस दौरान पोस्टल असिस्टेंट अमन दीप, विजय नंदन यादव, राजेंद्र पांडेय, हीरालाल सोरेन, धनेश्वर राम, अशोक कुमार सहित अन्य कई शामिल थे।

### तोपचांची : कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान क्षेत्र में मतदाता जागरूकता सभा का किया गया आयोजन



**धनबाद (प्रातः आवाज)।** बुधवार को विशप रांकी उच्च विद्यालय गोमो दक्षिण एवं जीतपुर में प्रखंड विकास पदाधिकारी तोपचांची की उपस्थिति में ईएलसी सदस्य छात्र- छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय औसत से कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान क्षेत्र में मतदाता जागरूकता सभा आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभा में मौजूद सभी सदस्य छात्र- छात्राओं सहित विद्यालय के शिक्षक, स्वीप नोडल पदाधिकारी, बीएलओ सदस्य एवं स्वयं सहायता समूह की दीदी को मतदाता शपथ दिलाया। मतदाता जागरूकता सभा में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी से 25 मई के दिन अपने अपने बूथों में जाकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी प्राध्यापक, कर्मचारी, पदाधिकारी एवं विद्यार्थियों को बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम, ईएलसी के युवा सदस्यों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना अपेक्षित है।

## धनबाद लोकसभा क्षेत्र में चरम पर सियासी पारा, विधायक अनुप सिंह ने कहा

# ढुल्लू महतो को नहीं है संविधान का ज्ञान

प्रातः आवाज



**बोकारो।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र में सियासी पारा चरम पर है। हर वार पर पलटवार किया जा रहा है। इसी क्रम में बेरमो विधायक अनुप सिंह उर्फ कुमार जयमंगल ने ढुल्लू महतो के एक बयान पर पलटवार करते हुए जमकर निशाना साधा। अनुप सिंह ने कहा कि बीजेपी प्रत्याशी ढुल्लू महतो को संविधान का ज्ञान नहीं है। और मैं कोई नॉमिनेटेड विधायक नहीं बना। मैं संविधान के तहत चुनाव लड़कर विधायक बना हूं। बेरमो विधायक जय मंगल सिंह ने ढुल्लू महतो के उस बयान के जवाब में कहा है जिसमें ढुल्लू महतो ने कहा था की मैं कोई अनुकंपा पर विधायक नहीं बना हूं। बता दें कि विधायक जय मंगल सिंह इस वक्त धनबाद लोकसभा प्रत्याशी तथा अपनी धर्मपत्नी अनुपमा सिंह के लिए लोगों का समर्थन पाने के लिए क्षेत्र में जा रहे हैं और अपने लोगों से मिल रहे हैं। विधायक जय मंगल सिंह और लोकसभा प्रत्याशी अनुपमा सिंह बोकारो के सेक्टर 4 बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती समारोह में पहुंचे थे जहां बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी वीरता को नमन किया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को संविधान का ज्ञान देते हुए कहा मैं कोई नॉमिनेटेड विधायक नहीं बल्कि मैं संविधान की तहत चुनाव लड़कर आया हूं। मुझे चुनाव में हारने के लिए तमाम भाजपा के बड़े नेताओं ने कैंप किया लेकिन चुनाव नहीं हरा पाया। उन्होंने कहा मेरा 7 बार का विधायक खानदान का है। इस रिकार्ड को तोड़ने के लिए ढुल्लू महतो को बरसों लग जाएंगे।

इतना ही नहीं उन्होंने वधायक ढुल्लू पर टोंड कसते हुए कहा कि अगर आदमखोर शेर को मांस खाने का आदत हो जाए और उसके आगे घास फूस रख दिया जाए और चिल्ला चिल्ला कर बोलेगा कि मैं वेजिटेरियन हो चुका हूं तो क्या यह हो सकता है। ढुल्लू महतो जब अपनी पार्टी के नेताओं को नहीं समझ पाए तो जनता को क्या समझेंगे।

# मतदाता पंजी में प्रविष्टि करने का दिया गया प्रशिक्षण, 80% मतदान प्राप्त करने का लक्ष्य

प्रातः आवाज



**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन के लिए श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज तथा गुरुनानक कॉलेज में मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कड़ी में बुधवार को गुरुनानक कॉलेज में मतदान पदाधिकारी द्वितीय को मास्टर प्रशिक्षक पुष्कर चन्द्र झा ने मतदाता पंजी में प्रत्येक मतदाता के सम्बंध में प्रविष्टि करना, प्रत्येक मतदाता को मतदाता पर्ची जारी करना एवं प्रत्येक मतदाता के बाएं हाथ के तर्जनी उंगली में अमिट स्याही लगाने की प्रक्रिया के सम्बंध में आवश्यक जानकारी दी। साथ ही उन्हें डमी मतदाता रजिस्टर एवं डमी मतदाता पर्ची का अवलोकन कराया गया।

मौके पर मास्टर प्रशिक्षक उमेश लाल, सियाराम सिंह, शिरोमणि दुबे, अजित सिंह, राजेश सिन्हा, सुरेश सिंह, शम्भू शरण अम्बष्ठ, रमाशंकर तिवारी, अनिल महतो, अशोक सिंह, बिनोद महतो, अनूप बाजपेयी सहित अन्य प्रशिक्षक उपस्थित थे। वहीं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने कहा कि इस बार 80% मतदान प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित है। जिला प्रशासन को सभी मतदान पदाधिकारियों से प्रशिक्षण सत्र में शत प्रतिशत उपस्थित होकर गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण लेने की अपेक्षा है। प्रशिक्षण नहीं लेने वाले पदाधिकारी पर द रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट, 1951 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### जिला महिला कांग्रेस कमेटी ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**पुटकी (प्रातः आवाज)।** धनबाद लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी की धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के जीत के लिए केंदुआ कढगोला, पुटकी 17 नंबर, मुनिडीह क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। सीता राणा ने जनसंपर्क अभियान में कहा कि धनबाद लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी की प्रचंड जीत होगी। मोदी के झूठे गारंटी पर जनता को अब भरोसा नहीं रहा है। धनबाद में जनता कांग्रेस के साथ है और कांग्रेस के विचारधारा और राहुल गांधी पर भरोसा जता रही है। जिला सचिव हेमंती जायसवाल ने लोगों से अपील किया कि कांग्रेस के घोषणा पत्र के जन कल्याणकारी योजना पर भरोसा कीजिए और कांग्रेस के पक्ष में मतदान कीजिए। मौके पर जानकी देवी, नूतन विश्वकर्मा, मुनिया देवी, सावित्री देवी, राजो देवी, निशा देवी, रजनी देवी, सरिता देवी, गंगा देवी, अंगिता देवी, निषा देवी, रिंकू देवी, चेकनी देवी, गुड़िया देवी, रमणी देवी आदि शामिल थी।

# ईवीएम, वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न



प्रातः आवाज

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) तथा वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) का प्रथम रेंडमाइजेशन मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। ईवीएम, वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के निदेर्शानुसार ईसीआई की वेबसाइट पर किया गया। प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी विधानसभा की एक-एक प्रति उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, वरीय निर्वाचन पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, आईएनसी के मिथिलेश तिवारी, भाजपा के नरेंद्र त्रिवेदी, आजसू के रतीलाल महतो सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### साक्षरता कर्मी प्रकाश मिश्रा के निधन पर जेजीवीटी कार्यालय में शोकसभा

**महुदा।** धनबाद साक्षरता आंदोलन के कर्मठ एवं जुझारू कार्यकर्ता, बरवाडा,गोबिंदपुर निवासी प्रकाश मिश्रा के असमायिक निधन पर आज झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय कंचनपुर में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा को संबोधित करते हुए साक्षरता आंदोलन के बुनियादी सदस्य एवं झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक प्रो0 शंकर रवानी ने कहा कि प्रकाश मिश्रा जी साक्षरता आंदोलन के बुनियादी साथी थे उनके निधन से धनबाद ने एक सच्चे सामाजिक कार्यकर्ता को खो दिया है। साक्षरता अभियान के बाघमारा प्रखण्ड समन्वयक भागीरथ सिंह ने कहा कि उनकी कमी हम सभी को हमेशा खलेगी, उनके अधूरे कार्य को पूरा करना हम सभी की जिम्मेवारी है। दो मिनट का मोन रख के उनके मृत आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की गई। मौके पर दीपनारायण शर्मा बिनोद महतो, मुमताज अंसारी, नईमुद्दीन अंसारी, योगेश्वर रवानी, मोहन रजक, कामेश्वर महतो, रामप्रसाद महतो, जानकी देवी, माधुरी देवी, कृतिबास प्रमाणिक, राधु राय, सुनील कुमार पाण्डेय, गोविन्द प्र. रवानी, सुनील प्रसाद, लखीमनी देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



# डीपीएस बोकारो के वरिष्ठ कला शिक्षक सुनील को मिला राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त एमएफ हुसैन अवार्ड

## झारखंड से यह पुरस्कार पाने वाले बने एकमात्र कलाकार, तीन लाख रुपए की मिलेगी स्कॉलरशिप, प्राचार्य डॉ. गंगवार ने दी बधाई

प्रातः आवाज



**बोकारो।** डिजाइनिंग के क्षेत्र में अब तक सैकड़ों बच्चों का भविष्य संवार चुके डीपीएस बोकारो के वरिष्ठ कला शिक्षक एवं शहर के जाने-माने पेंटिंग आर्टिस्ट सुनील कुमार को एमएफ हुसैन अवार्ड से नवाजा गया है। भारत सरकार के एमएसएमई से निबंधित, महाराष्ट्र सरकार से अधिकृत एवं आईएसओ 9001 : 2015 से प्रमाणित महार्ट कॉन्टेस्ट (स्किल डेवलपमेंट ड्राइंग लिटरेसी मिशन) ने पूरे झारखंड से एकमात्र श्री कुमार को इस पुरस्कार के लिए चयनित किया है। इसके तहत उन्हें एक वर्ष तक प्रतिमाह 25 हजार, 700 रुपए (कुल 308400 रुपए) की स्पेशल स्कॉलरशिप मिलेगी, साथ ही अलग से 7000 रुपए की नकद पारितोषिक भी प्रदान की जाएगी। महार्ट कॉन्टेस्ट का आयोजन इसी वर्ष जनवरी महीने में किया गया था। सभी मानदंडों पर खरा उतरने के बाद श्री कुमार एमएफ हुसैन अवार्ड के लिए चुने गए। बुधवार को डाक से उनका सम्मान-पत्र व प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र विद्यालय पहुंचा। इस उपलब्धि से अपने विद्यालय, शहर और पूरे राज्य का नाम गौरवान्वित करने वाले शिक्षक सुनील को विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने उनका अवार्ड सौंपते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### राजकीय सम्मान सहित मिल चुके हैं कई अवार्ड

उल्लेखनीय है कि सुनील इससे पहले भी कई बार राष्ट्रीय स्तर का सम्मान पाकर अपने विद्यालय और शहर का नाम कला के क्षेत्र में रोशन कर चुके हैं। वर्ष 2015 में झारखंड सरकार की तरफ से राजकीय सम्मान के अलावा दो-दो बार अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव में वह स्वर्ण पदक से सम्मानित हो चुके हैं। इसके साथ ही सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सम्मान, जोधपुर में ऑल इंडिया आर्ट एग्जीबिशन के दौरान मिला सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग अवार्ड आदि उनकी उपलब्धियों में प्रमुखतम हैं। जिस पेंटिंग के लिए उन्हें एमएफ हुसैन अवार्ड हेतु चयनित किया गया है उसमें उन्होंने सामाजिक भावनाओं को सकारात्मक रूप में दर्शाया है। लगभग 55 वर्षीय सुनील मॉडर्न आर्ट की नेशनल गैलरी की सर्वोच्च समिति के सदस्य भी हैं। दिल्ली, कोलकाता, पटना, मणिपुर, महाराष्ट्र, भोपाल, राजस्थान, ओडिशा सहित देश के अलग-अलग जगहों में दर्जनों बार उनकी कलाकृतियों की प्रदर्शनी राष्ट्रीय स्तर पर सराहना बटोर चुकी हैं। इसी प्रकार, देश के विभिन्न भागों में उन्होंने पेंटिंग कैंप में भी हिस्सा लिया है।

### बचपन से ही पेंटिंग में थी रुचि

पटना से बैचलर और कोलकाता से मास्टर इन फाइन आर्ट्स की डिग्री अर्जित करने वाले सुनील को बचपन से ही पेंटिंग के क्षेत्र में रुचि थी। उन्हें विशेष रूप से एब्स्ट्रेक्ट पेंटिंग (अमूर्तन कला) में महारत हासिल है। किसी भी वस्तु या दृश्य को देखकर उसे अपने तरीके से नए स्वरूप में उकेर देना उनकी कलाकारी की खासियत है। एब्सट्रेक्ट पेंटिंग कला का वह स्वरूप है, जिसमें हम अपनी कल्पना के शुद्ध रूप को कैनवास पर उतारने का प्रयास करते हैं। इसके अंतर्गत बनाई गई हर एक पेंटिंग का अपना एक नया ही स्वरूप होता है। इसमें किसी दृश्य वास्तविकता का सटीक चित्रण प्रस्तुत करने की बजाय इसके प्रभाव को प्राप्त करने के लिए आकृतियों, रंगों, रूपों और संकेतों के निशान का उपयोग किया जाता है।

### राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद महतो यज्ञ अनुष्ठान में हुए शामिल



**गोमिया (प्रातः आवाज)।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो गोमिया के रथटांड़ (होसिर पश्चिमी) पहुंचे। आयोजित यज्ञ अनुष्ठान में मुख्य रूप से सम्मिलित हुए। यज्ञ मंडप में मत्था टेक क्षेत्र की सुख, समृद्धि की मंगलकामना की। उन्होंने समस्त ग्रामवासियों को अनुष्ठान की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान श्रद्धालुओं के साथ देवी देवताओं का जयघोष भी किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से पट जाता है। लोगों की मन चेतना को शांति और परोपकार की भावना जागृत होती है एवं ईश्वर के प्रति भक्ति भावना और प्रगाढ़ होती है। इस दौरान पूजा समिति ने अध्यक्ष महतो का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

### मुनीडीह ओपी ने किया दस क्विंटल अवैध कोयला जब्त



**पुटकी।** अवैध रूप से कोयला का परिवहन करते 5 दुपहिया वाहन को मुनीडीह ओपी पुलिस ने जब्त किया। वहीं पुलिस गाड़ी को देखते ही चालक वाहन छोड़ भाग निकले। ओपी प्रभारी संतोष कुमार महतो ने बताया करीब 10 क्विंटल कोयला समेत 5 दुपहिया वाहन को भी जब्त कर ओपी ला अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### रंगदारी एवं लेवी की मांग करने वाले दो अपराधी गिरफ्तार



**बोकारो (प्रातः आवाज)।** बोकारो पुलिस ने रंगदारी व लेवी की मांग करने वाले दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है गिरफ्तार अपराधी का नाम राजेश करमाली और आजम शेख है जिसके द्वारा फोन कर वर्तमान में चतरो चट्टी में पुल का निर्माण कार्य कर रहे कंस्ट्रक्शन कंपनी के मलिक को 9 लाख की रंगदारी मांगी गई थी। इसके बाद उस कंपनी के द्वारा बोकारो से के सेक्टर 6 थाने में कांड दर्ज किया गया था जिस पर बोकारो पुलिस कप्तान के निर्देश पर सिटी डीएसपी तथा कई थानों की पुलिस के द्वारा एक टीम गठित की गई और छापेमारी कर दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों अपराधियों का इससे पहले भी पुरानी अपराधिक इतिहास रहा है और पूर्व में जेल भी जा चुका है। आरोपियों के पास एक देशी कट्टा 12 बोर का और एक नकली पिस्तौल के साथ–साथ जिंदा गोली और कार्टून भी बरामद किया गया है। वहीं जिस फोन के द्वारा लेवी की मांग की गई थी उस कीपैड फोन के अलावा एक और फोन भी जब्त किया गया।

## विश्व मलेरिया दिवस पर सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रताप ने कहा

# जन जागरूकता व जन सहयोग से मलेरिया की रोकथाम संभव

प्रातः आवाज



**धनबाद।** बुधवार को विश्व मलेरिया दिवस पर पत्रकार वार्ता में धनबाद के सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रतापन ने कहा, जन जागरूकता व जन सहयोग से मलेरिया की रोकथाम संभव है। मलेरिया की रोकथाम एवं उसके बचाव के लिए अपने आसपास पानी को जमा न होने दें। जमे हुए पानी में कीटनाशक, जला हुआ मोबिल, केरोसिन तेल डालें। जिससे मच्छर प्रजनन न कर सके। पानी की टंकी को ढक कर रखें। फ्रिज, कूलर, फूलदानी व अन्य बर्तनों का पानी सप्ताह में एक दिन अवश्य सुखा लें। घरों के अंदर कीटनाशक का छिड़काव करें एवं मच्छरदानी का प्रयोग करें। सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रतापन ने विश्व मलेरिया दिवस को लेकर सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस दिन मलेरिया को नियंत्रित करने, उसके उन्मूलन के वैश्विक प्रयास के बारे में और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए इसका आयोजन किया जाता है।

उन्होंने कहा कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। छोटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं में इस रोग के प्रति प्रतिकार क्षमता अत्यंत कम होती है। इसके कारण माता मृत्यु, मृत शिशुओं का जन्म, नवजात शिशुओं का वजन अत्यधिक कम होना एक प्रमुख समस्या है। इसे रोकने के लिए गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व मलेरिया की जांच अनिवार्य की गई है। उन्होंने बताया कि ठंड के साथ बुखार आना, उल्टी होना या उल्टी जैसा लगना, शरीर में ऐठन एवं दर्द, सिर दर्द, चक्कर आना तथा थोड़ी देर में पसीने के साथ बुखार आना मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं। ऐसा होने पर तुरंत चिकित्सीय परामर्श लेना हितकारक है।

कहा कि मलेरिया की जांच एवं उपचार की सुविधा प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र एवं स्वास्थ्य कर्मियों (सहिया, एम.पी.डब्लू., ए.एन.एम.) के पास निःशुल्क उपलब्ध है। गम्भीर मलेरिया के रोगियों की जांच एवं पूर्ण उपचार की सुविधा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सदर अस्पताल एवं एसएनएमएमसीएच में उपलब्ध है। सिविल सर्जन ने बताया कि 25 अप्रैल, विश्व मलेरिया दिवस के अवसर, सुबह 9:30 बजे सदर सीएचसी से सिविल सर्जन कार्यालय तक जन जागरूकता रैली निकाली जाएगी। इसमें सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वाहन कर मलेरिया को नियंत्रित व रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रतापन, जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनिल कुमार, जिला मलेरिया सलाहकार रमेश कुमार सिंह, मलेरिया इंस्पेक्टर उत्तम कुमार सिन्हा, सदर अस्पताल के डॉ राजीव कुमार मौजूद थे।

### भारी मात्रा में जावा महुआ और अवैध चुलाई शराब जब्त

**बोकारो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर बुधवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने बोकारो सिटी थाना अंतर्गत मिश्राटोला, कुलिंग पोंड किनारे अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की। मौके से उत्पाद टीम ने 3,600 केजी जावा महुआ शराब एवं 165 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं,अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में लक्ष्मण साव एवं अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक उत्पाद दीपिका कुमारी आदि शामिल थे।

### रक्तदान एवं मतदान दोनों कार्य महान : नोडल पदाधिकारी



**बोकारो (प्रातः आवाज)।** जीवन में 18 वर्ष की आयु के बाद दो कार्य महान हैं। एक रक्त दान तो दूसरा मतदान। एक जीवन को बचाता है तो दूसरा लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। यह बातें स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता ने कहीं। वह बुधवार को मतदाता जागरूकता को लेकर आइएमए एवं निजि नर्सिंग अस्पताल संघ द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर सदर अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ कर रहें थे। रक्तदाताओं के उत्साह को देखते हुए स्वीप नोडल ने आह्वान किया कि हम सभी को रक्तदान के लिए तैयार रहना चाहिए जिससे की रक्त कोष में रक्त का अभाव न रहें। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के वोटर कार्ड बन चुके है वह अपने मत का इस्तेमाल आगामी 25 मई के दिन अवश्य करें और अपने आस–पास रहने वाले लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। मौके पर सभी ने रक्तदान करके निष्पक्ष रूप से मतदान करने का संदेश दिया।

## विश्व नंबर 1 के रूप में 100-सप्ताह के क्लब में शामिल हुईं स्वीयाटेक



**मैड्रिड, एजेंसी।** दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक हाल ही में डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शीर्ष पर 100 सप्ताह बिताने वाली नौवीं खिलाड़ी बनने की उपलब्धि पर पहुंची हैं। इस उपलब्धि पर विचार करते हुए,स्वीयाटेक ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि इस मील के पत्थर को समझना कठिन है क्योंकि यह बहुत तेजी से हुआ है। डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शिखर पर 100 सप्ताह बिताने वाले नौ खिलाड़ियों के चुनिंदा समूह में स्वीयाटेक 22 साल 326 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल करने वाली मार्टिना हिंगिस, मोनिका सेलेस, स्टेफनी ग्राफ और क्रिस एवर्ट के बाद पांचवीं सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। स्वीयाटेक ने 100 क्लब में शामिल होने के बारे में कहा, ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए इसे समझ पाना कठिन है क्योंकि यह बहुत तेजी से हुआ। मैंने कभी उस पद पर रहने की उम्मीद नहीं की थी। स्वीयाटेक ने मंगलवार को मैड्रिड ओपन प्री-टूर्नामेंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वास्तव में, खेल में इतने लंबे समय तक शीर्ष पर रहना कुछ ऐसी बात है जो मुझे वास्तव में गौरवान्वित करती है। मुझे लगता है कि हमने कभी-कभी कुछ कठिन निर्णय लिए हैं। मेरे पास अच्छे लोग हैं जो मेरा मार्गदर्शन कर रहे हैं और मेरी मदद कर रहे हैं, इसलिए निश्चित रूप से मैं यहां नहीं होती अगर मैं इसे स्वयं करती और मैं वास्तव में आभारी हूं कि सब कुछ ऐसा हुआ। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने पहली बार अप्रैल 2022 में शीर्ष स्थान हासिल किया था जब एश्ले बार्टी ने टेनिस से संन्यास ले लिया था और तब से शिखर पर बनी हुई है, पिछले सीज़न में आठ सप्ताह की अवधि को छोड़कर जब आर्यना सबालेंका ने उनकी जगह ली थी। उसने आगे कहा, जैसा कि आप जानते हैं, विशेष रूप से पिछले साल, नंबर 1 पर वापस आना एक बड़ी बात थी और यह अप्रत्याशित तरीके से हुआ, इसलिए मुझे खुद पर गर्व है कि मैं इसके साथ आने वाले सभी दबावों का सामना कर सकी।

# मार्कस स्टोइनिस ने रचा इतिहास

### धोनी की टीम के खिलाफ बनाया ये कीर्तिमान, 13 साल पुराना रिकॉर्ड चकनाचूर



**चैन्नई, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स के ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस के बल्ले ने अकेले दम ऐसा तूफान खड़ा किया कि चेन्नई सुपरकिंग्स के अनुभवी गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ गईं। स्टोइनिस ने सिर्फ 63 बॉल में 124 रनों की धुआंधार अविजित पारी के दम पर लखनऊ को चेन्नई के होम ग्राउंड पर उसके खिलाफ छह विकेट से जोरदार जीत दिला दी। इसके पहले लखनऊ ने अपने होम ग्राउंड पर सीएसके को शिकस्त दी थी।

चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की नॉट आउट सेंचुरी (60 बॉल में 108 रन, 12 फोर, 3 सिक्स) और ऑलराउंडर शिवम दुबे के चिर-परिचित अंदाज में पावर पैक्ड पचासे (27 बॉल में 66 रन, 3 फोर, 7 सिक्स) की बदौलत 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 210 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था।

### डि कॉक और केएल राहुल के आउट होने के बाद मार्कस स्टॉइनिस ने संभाला मोर्चा

जवाब में लखनऊ के लिए पिछले मैच में शानदार बल्लेबाजी करने वाली क्विंटन डि कॉक (0) और कप्तान केएल राहुल (16) की ओपनिंग जोड़ी बेहद सस्ते में निबट गई तो टीम की हार नजर आ रही थी। लखनऊ ने महज 33 रन पर दो विकेट और 88 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। लेकिन, यहां से स्टोइनिस ने ऐसा पराक्रम दिखाया कि पारी में तीन गेंदें शेष रहते ही लक्ष्य के पार पहुंचा दिया। मेहमान टीम ने चार विकेट पर 213 रन बनाकर चेन्नई के चेहरे पर मायूसी ला दी।

### स्टॉइनिस का तूफान और बड़ा रिकॉर्ड चकनाचूर, धोनी बने दर्शक


इस तरह वह लक्ष्य का पीछा करने के दौरान सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। जब वह मैदान पर चौके और छक्के उड़ा रहे थे तो रणनीति के सबसे बड़े सूरमा एमएस धोनी विकेट के पीछे खड़े सिर्फ दर्शक बने रहे। रिजल्ट हर किसी के सामने है। उन्होंने पॉल वल्थाटी का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2011 में मोहाली में पंजाब किंग्स के लिए खेलते हुए चेन्नई सुपर किंग्स के ही खिलाफ नाबाद 120 रन ठोकते हुए हर किसी को हैरान कर दिया था।

## शिवम दुबे ने तोड़ डाला एमएस धोनी का रिकॉर्ड

### सीएसके के लिए तूफान की गति से बनाए 1000 रन

**चैन्नई, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स यानी सीएसके के बल्लेबाजी ऑलराउंडर शिवम दुबे ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल में फ्रेंचाइजी के साथ अपने 1000 रन पूरे कर लिए हैं। पांच बार की चैंपियन टीम चेन्नई सुपर किंग्स के साथ उनका सफर अच्छा रहा है। वे इस फ्रेंचाइजी के साथ एक बेहतर क्रिकेटर बन गए हैं। शिवम दुबे ने चेपॉक स्टेडियम में लखनऊ सुपर जाएंट्स यानी एलएसजी के खिलाफ अपनी ताबड़तोड़ 66 रनों की पारी के दौरान यह उपलब्धि दर्ज की। उन्होंने धोनी का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। शिवम दुबे इस समय आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए अपनी दावेदारी मजबूती के साथ पेश कर रहे हैं।

शिवम दुबे ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ 27 गेंदों में 66 रनों की तूफानी पारी खेली। इस पारी में उनके बल्ले से सिर्फ तीन चौके निकले, लेकिन उन्होंने सात छक्के लगाए। 244.44 के स्ट्राइक रेट से उन्होंने बल्लेबाजी की, लेकिन टीम को हार का सामना करना पड़ा। शिवम दुबे अब उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने सीएसके के लिए 1000 या इससे ज्यादा रन बनाए हैं। 35 मैचों की 33 पारियों में उन्होंने



इस उपलब्धि को अपने नाम किया है। वे 2022 में हुए मेगा ऑक्शन के दौरान टीम से जुड़े थे। इसके बाद से 37.70 के औसत और 161.08 के स्ट्राइक रेट से 1018 रन बना चुके हैं। वे इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स के लिए भी खेल चुके हैं, लेकिन वहां उनका रिकॉर्ड अच्छा नहीं था। आरसीबी के लिए वे 15 मैचों में 169 रन और आरआर के लिए 9 मैचों में 230 रन बनाने में सफल हुए थे। इस फ्रेंचाइजी के लिए सिर्फ 14 ही खिलाड़ी अभी तक 1000 या इससे ज्यादा रन बनाने में सफल हुए हैं, लेकिन उन सभी में शिवम दुबे का स्ट्राइक रेट सभी से ज्यादा है।

## टीम इंडिया की रेस... शिवम दुबे की 51.83 की औसत वाली बल्लेबाजी पर भारी हार्दिक का स्पेशल 4!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएलः 2024 का आधा सफर पूरा हो चुका है, इस आधे सफर के बाद कई भारतीय खिलाड़ी अपने प्रदर्शन की बदौलत जून में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में खेलने का सपना बुन रहे हैं. दो भारतीय खिलाडियों को लेकर सबसे ज्यादा हाइप क्रिएट हो रही है. ये दोनों ही ऑलराउंडर हैं. ये दो ऑलराउंडर हैं शिवम दुबे और हार्दिक पंड्या. इन दोनों ही खिलाडियों के वर्ल्ड कप में जाने को लेकर कई क्रिकेट एक्सपर्ट अपनी राय भी रख रहे हैं. ऐसे में बड़ा सवाल है कि




आईपीएल के आधे सफर के बाद दुबे या पंड्या में किसका पलड़ा भारी है. शिवम दुबे आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से खेल रहे हैं. वहीं, हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस की कमान संभाल रहे हैं. अब आंकड़ों के लिहाज से समझ लेते हैं दुबे और पंड्या में किसका आईपीएल 2024 में दबदबा रहा है. शिवम दुबे ने अब तक 8 आईपीएल मैचों में कुल 311 रन बनाए हैं. इस दौरान उनका उच्चतम स्कोर 66 नॉट आउट रहा है. उनका एवरेज 51.83 और स्ट्राइक रेट 169.95 का है. दुबे अब तक (23 अप्रैल) तक 22 छक्के जड़ चुके हैं, वो अपनी बिग हिटिंग क्षमता के लिए जाने जाते हैं. दूसरी ओर मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या हैं. पंड्या ने भी मौजूदा आईपीएल में अब तक दुबे के ही बराबर 8 मैच खेले हैं, पर उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से निराश किया है. पंड्या ने 8 मैचों में महज 151 रन 21.57 के एवरेज से बनाए हैं. उनका स्ट्राइक रेट 142.45 का है. हालांकि हार्दिक पंड्या के साथ एक ही एडवांटेज है, जिसमें वो शिवम दुबे से आगे दिखते हैं।

# व्यापार

## कारोबारी गतिविधियां अप्रैल में 14 साल के शीर्ष पर, नौकरियों में वृद्धि को मिला समर्थन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मजबूत मांग के कारण देश की कारोबारी गतिविधियां अप्रैल में लगभग 14 वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। यह मजबूत आर्थिक विकास का संकेत है। एचएसबीसी का खरीद प्रबंधक सूचकांक यानी पीएमआई अप्रैल में बढ़कर 62.2 हो गया। मार्च में यह 61.8 पर था। पीएमआई से पता चलता है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में विस्तार का संकेत है। महंगाई में कमी के बावजूद रेपो दर में कटौती में देरी हो सकती है क्योंकि महंगाई में आगे बहुत गिरावट की संभावना नहीं है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि पिछली कुछ तिमाहियों में मजबूत विस्तार के बाद इस साल भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने के लिए अच्छी स्थिति में है। अगस्त 2021 से पीएमआई 50 से ऊपर रहा है। 50 से ऊपर का मतलब कारोबारी गतिविधियों में तेजी और इससे कम का मतलब कमजोरी है।

## सरकारी कंस्ट्रक्शन कंपनी के पास बड़े ऑर्डर, शेयर पर टूटे निवेशक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकारी कंस्ट्रक्शन कंपनी एनबीसीसी लिमिटेड के शेयर में मंगलवार को तूफानी तेजी दर्ज की गई। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन यह शेयर करीब 8 फीसदी चढ़ गया। कारोबार के अंत में शेयर 134.40 रुपये पर बंद हुआ। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर 7.78 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। ट्रेडिंग के दौरान शेयर की कीमत 136.65 रुपये तक पहुंच गई। बता दें कि 5 फरवरी 2024 को शेयर 176.50 रुपये तक पहुंच गया। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। 25 अप्रैल 2023 को शेयर की कीमत 37.51 रुपये तक गिर गई। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो लेवल है। दरअसल, एनबीसीसी लिमिटेड ने स्टॉक एक्सचेंज को बिजनेस अपडेट बताया है। कंपनी ने कहा कि उसने पिछले वित्त वर्ष के दौरान 23,500 करोड़ रुपये की परियोजनाएं हासिल कीं।

# टेस्ला प्लांट के लिए भारत को अभी करना होगा इंतजार

### कंपनी सस्ती इलेक्ट्रिक कार बाहर से बनाकर देश में बेचेगी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार की नई ईवी पॉलिसी के बाद टेस्ला के लिए भारतीय बाजार की राह आसान हो गई है। माना जा रहा है कि कंपनी इस साल के आखिर तक कुछ सस्ती इलेक्ट्रिक कारों के साथ भारतीय बाजार में दस्तक देगी। इस बीच, कंपनी भारत में अपना प्लांट लगाने पर भी काम कर रही है। अब टेस्ला ने कहा है कि वो इस साल के आखिर में नए और अफॉर्डेबल ई-व्हीकल बनाने के लिए अपने मौजूदा प्लांट का इस्तेमाल करेगी। ऐसे में कंपनी फ्यूचर में मैक्सिको और भारत में नए प्लाटं पर जो निवेश करने वाली है उसकी संभावना कम हो गई है।

### टारगेट पूरा नहीं, फिर भी शेयर में तेजी

कंपनी ने बताया कि वो नई मैन्युफैक्चरिंग लाइन में निवेश करने से पहले 2023 से लगभग 3 मिलियन व्हीकल की अपनी मौजूदा प्रोजक्शन कैपेसिटी को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना बना रही है। कंपनी ने बताया कि



इसके चलते पहले की तुलना में लागत में कमी आ सकती है। प्लांट में निवेश करने वाले निवेशकों ने भी नई फैक्ट्रियों में नए मॉडल बनाने का जोखिम ना लेने के फैसले पर खुशी जताई। इस तिमाही नतीजों में कंपनी का फाइनेंशियल टारगेट पूरा नहीं हुआ। इसके बाद भी टेस्ला के शेयर 12 प्रतिशत तक ऊपर चले गए थे।

### मॉडल 2 लॉन्च करने की योजना रद्द

इवॉल्व ईटीएफ के चीफ इनवेस्टमेंट ऑफिसर इलियट जॉनसन ने कहा, मुझे लगता है कि बाजार में नई चुनौतियों को स्वीकार करते हुए अपने मौजूदा प्लांट में सस्ते प्रोडक्ट को तैयार करना पॉजिटिव कदम है। हालांकि, कंपनी अपनी योजना के साथ आगे नहीं बढ़ रही है। रॉयटर्स ने 5 अप्रैल की एक रिपोर्ट में कहा था कि टेस्ला ने अपने सस्ती इलेक्ट्रिक कार मॉडल 2 को लॉन्च करने की योजना को रद्द कर दी है। जिसे टेस्ला ने टेक्सास, मैक्सिको और एक तीसरे देश में बनाने की योजना बनाई थी। उम्मीद की गई थी कि मॉडल 2 की कीमत 25,000 डॉलर होगी। हालांकि, रॉयटर्स की रिपोर्ट पर एलन मस्क ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि रॉयटर्स झूठ बोल रहा है।

### पुराने प्लांट से ही नए व्हीकल तैयार होंगे

जनवरी में मस्क ने कहा था कि टेस्ला का लक्ष्य 2025 की दूसरी छमाही में नया सस्ता मॉडल पेश करने पर है। इस मॉडल में रिवॉल्यूशनरी मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा जो टेस्ला के लिए नई राह तैयार करेगी। अब टेस्ला के इंजीनियरिंग हेड लार्स मोरावी ने मंगलवार को कहा कि नई मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस और प्रोडक्शन लाइनें कुछ रिस्क के साथ आती हैं। ऐसे में कंपनी ने कम लागत वाले व्हीकल को बेहतर बनाने के लिए अपने प्लांट की मेजर शिफ्ट में बदलाव किया है।

### भारत की योजना पर फिलहाल चुप्पी

उम्मीद इस बात की थी कि मस्क सोमवार को भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे। वे एक छोटे और अफॉर्डेबल मॉडल के प्रोडक्शन के लिए एक ऑटो फैक्ट्री में बड़े निवेश की घोषणा करेंगे। मस्क ने पिछले साल कहा था कि टेस्ला मैक्सिको में अपना प्लांट बनाएगी, लेकिन प्लांट कब तक तैयार होगा इस बात का फैसला अर्थव्यवस्था और ब्याज दरों पर निर्भर करेगा। टेस्ला ने मेक्सिको और भारत में अपनी योजनाओं पर अभी कोई जवाब नहीं दिया।

### 6,000 कर्मचारियों की होगी छंटनी

टेस्ला ने फाइनेंशियल ईयर 2024-25 की पहली तिमाही के नतीजों का ऐलान कर दिया। जनवरी से मार्च की इस तिमाही के दौरान कंपनी का नेट प्रॉफिट 55 प्रतिशत तक घट गया। दूसरी तरफ कंपनी ने बड़ी छंटनी का ऐलान कर दिया। कंपनी कॉस्ट कटिंग के चलते 6,000 लोगों को नौकरी से निकालने जा रही है।

## गूगल ने इजरायल प्रोजेक्ट के खिलाफ धरना देने पर 20 और कर्मचारियों को निकाला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गूगल ने इजरायल प्रोजेक्ट निंबस के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन में शामिल 20 और कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया है। ये बर्खास्तगी 16 अप्रैल को न्यूयॉर्क और सनीवेल, कैलिफोर्निया में गूगल के दफ्तरों में प्रदर्शनों के बाद हुई। टेक दिग्गज ने पिछले सप्ताह भी ऐसे ही एक मामले में अपने 28 कर्मियों को नौकरी से निकाला था।

एक रिपोर्ट के अनुसार विरोध-प्रदर्शन करने के लिए निकाले गए कर्मचारियों की कुल संख्या अब लगभग 50 हो गई है। गूगल के सुरक्षा प्रमुख क्रिस रैको ने प्रदर्शनों की निंदा करते हुए कहा, यह व्यवहार अस्वीकार्य और विघटनकारी है। इससे सहकर्मियों को खतरा महसूस हुआ।

यह बर्खास्तगी अमेरिकी संस्थाओं




और इजरायल सरकार के बीच सहयोग के खिलाफ व्यापक विरोध के बीच हुई है। फिलिस्तीनी समर्थक प्रदर्शनों ने परिसरों को हिलाकर रख दिया है, जबकि गूगल के धरने से एक दिन पहले कार्यकर्ताओं ने गाजा में युद्ध का विरोध करने के लिए ट्रांसपोटेशन हब को ही ब्लॉक कर दिया। एक्टिविस्ट ग्रुप नो टेक फॉर रंगभेद के प्रवक्ता जेन चुंग ने कहा, निगम असहमति को कुचलने, अपने कर्मचारियों को चुप कराने और उन पर अपने पावर फिर से जताने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ बर्खास्त कर्मचारी दर्शक भी थे, जो इस आंदोलन में शामिल नहीं थे। प्रदर्शनकारियों ने गूगल क्लाउड के सीईओ थॉमस कुरियन के दफ्तर पर 8 घंटे से अधिक समय तक कब्जा कर लिया था। इसके बाद नौ प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बाद में गूगल ने इसमें शामिल पाए गए 28 कर्मचारियों को निकाल दिया।

## बंपर मुनाफे के बाद साइएंट डीएलएम के शेयर 13 प्रतिशत से अधिक उछले

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साइएंट डीएलएम शेयर 687.35 पिछले बंद भाव के मुकाबले 736 पर खुले और जल्द ही बीएसई पर 13.4 प्रतिशत बढ़कर 779.55 के स्तर पर पहुंच गए। सुबह 10:10 बजे के करीब शेयर की कीमत 5.10 प्रतिशत बढ़कर 722.40 रह गई। शेयरों में तेजी की वजह कंपनी के नतीजे रहे। मार्च तिमाही में समेकित शुद्ध लाभ साल-दर-साल 80.7 प्रतिशत बढ़कर 22.7 करोड़ हो गया। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 12.6 करोड़ रुपये था। इसके बावजूद ब्रोकरेज फर्म जेएम फाइनेंशियल ने स्टॉक पर खरीदारी की सलाह बरकरार रखी, लेकिन लक्ष्य मूल्य को पहले के 925 से घटाकर 887 कर दिया। मंगलवार को बाजार बंद होने के बाद कंपनी ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष 24 की मार्च तिमाही के लिए उसका परिचालन से राजस्व 362 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 277.4 करोड़ से 30 प्रतिशत अधिक है।

पूरे वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए कंपनी का राजस्व 1,192 करोड़ रहा। इसमें सालाना आधार पर 43.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि वर्ष के लिए पीएटी (टैक्स के बाद प्रॉफिट) 92.9 प्रतिशत बढ़कर 61.2 करोड़ हो गया। साइएंट शेयर की कीमत इस साल 26 फरवरी को अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर 882.90 पर और पिछले साल 10 जुलाई को अपने 52सप्ताह के निचले स्तर 401 पर पहुंच थी। अब 779.55 के बाजार मूल्य पर शेयर की कीमत अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर से 94.4 प्रतिशत बढ़ गई है। ब्रोकेज फर्म जेएम फाइनेंशियल ने कहा कि साइएंट के तीसरी तिमाही के नतीजे मोटे तौर पर उसके अनुमान के अनुरूप थे और नए लोगो, वैश्विक टेलविंड और मूल्यवर्धित सेवाओं की बढ़ती पेशकश के कारण राजस्व पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने के कारण यह स्टॉक पर पॉजीटिव बना हुआ है।

# चतरा संसदीय क्षेत्र में प्रत्याशियों की राह मुश्किल

## ओबीसी वर्ग और मुस्लिम समाज के लोगों ने निर्दलीय प्रत्याशी उतारने की बनाई योजना

बब्लू खान

**लातेहार।** चतरा संसदीय क्षेत्र में इस बार राजनीतिक दलों के लिए राह आसान नहीं दिख रही है। ओबीसी मोर्चा के द्वारा जहां ओबीसी की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा जा रहा है कि ओबीसी वर्ग से निर्दलीय उम्मीदवार उतारे जाएंगे। वहीं अब मुस्लिम समाज के लोग भी राजनीतिक पार्टियों का विरोध करने लगे हैं और निर्दलीय उम्मीदवार उतारने की बात कहने लगे हैं। यदि दोनों समुदायों के विरोध के स्वरों को शांत नहीं हुआ तो राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों के लिए जीत की राह कठिन हो जायेगी।

दरअसल, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी ने चतरा संसदीय क्षेत्र से सामान्य वर्ग के व्यक्ति को उम्मीदवार बनाया है। बीजेपी से कालीचरण सिंह और कांग्रेस से कृष्णानंद त्रिपाठी मैदान में हैं। इस मामले में ओबीसी समुदाय का कहना है कि चतरा संसदीय क्षेत्र में ओबीसी वर्ग की संख्या काफी अधिक है, इसके बावजूद न तो भारतीय जनता पार्टी और न ही इंडिया गठबंधन ने किसी ओबीसी को अपना उम्मीदवार बनाया है।


केएन त्रिपाठी कांग्रेस प्रत्याशी।


भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह।

### लातेहार में किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं

चतरा संसदीय क्षेत्र में भी इंडिया गठबंधन में विवाद की खबरें सामने आने लगी हैं। चतरा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी का चतरा जिले के कुछ राष्ट्रीय जनता दल कार्यकर्ताओं ने विरोध किया।

लातेहार जिले में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को लेकर किसी तरह का कोई विवाद नहीं है। नेतृत्व ने ही निर्णय लेकर इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी बनाया है, हम सब उनके साथ हैं और उनकी जीत सुनिश्चित करेंगे।

**रामप्रवेश यादव**
जिलाध्यक्ष, राजद

चतरा संसदीय क्षेत्र में राजनीतिक दलों ने ओबीसी वर्ग के साथ अन्याय किया है। लेकिन अब ओबीसी वर्ग चुप बैठने वाला नहीं है। ओबीसी मोर्चा यह तय कर रहा है कि एक मजबूत ओबीसी प्रत्याशी को स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा जाए और उसकी जीत सुनिश्चित की जाए। इस मामले पर जल्द ही अंतिम फैसला लिया जाएगा।

**शत्रुघ्न प्रसाद**
जिलाध्यक्ष, ओबीसी मोर्चा, लातेहार

जिस तरह से पूरे झारखंड में मुस्लिम समाज को नजरअंदाज करने का काम महागठबंधन ने किया है, उसी तरह से महागठबंधन को परिणाम भुगतना होगा। चुनाव में मुस्लिम उम्मीदवार ना होने मुस्लिम समाज में चिंता देखा जा रहा है पूरे झारखंड में मुस्लिम समाज के लोग तीसरे मोर्चे का विकल्प तलाश रहे हैं। जल्द ही यह धरातल पर भी उतरेगा।

**मोहम्मद नेसार अहमद**
सामाजिक कार्यकर्ता

### कई लोग मैदान में उतरने को उत्सुक

बीजेपी के कैडर वोटर माने जाने वाले ओबीसी वर्ग में नाराजगी और मुस्लिम वर्ग में महागठबंधन के प्रति नाराजगी को देखते हुए कई बड़े नेता चतरा संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने को उत्सुक हैं। सूत्रों की मानें तो पूर्व केंद्रीय मंत्री और चतरा संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद नागमणि एक बार फिर चतरा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। चतरा संसदीय क्षेत्र से लगातार दूसरी बार और तीन बार सांसद चुने जा चुके वरिष्ठ नेता धीरेंद्र अग्रवाल भी चुनाव लड़ सकते हैं।

**चतरा में इंडिया गठबंधन में विवाद :** वहीं इंडिया गठबंधन द्वारा झारखंड के किसी भी लोकसभा क्षेत्र से मुस्लिम समुदाय के लोगों को उम्मीदवार नहीं बनाये जाने से मुस्लिम समाज में भी नाराजगी है। एक दिन पहले चतरा जिले में मुस्लिम समुदाय की बैठक भी हुई थी जिसमें चतरा लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों के लोगों को आमंत्रित किया गया था। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि महागठबंधन प्रत्याशी का विरोध किया जायेगा। यह भी बताया जा रहा है कि मुस्लिम समाज ने राष्ट्रीय जनता दल समर्थित उम्मीदवार को निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतारने का भी फैसला किया है।

ओबीसी मोर्चा का एक बड़ा वर्ग चाहता है कि धीरेंद्र अग्रवाल निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ें। हालांकि, दोनों नेता अपने नफा-नुकसान को देखते हुए चुनाव मैदान में उतरने का फैसला कर सकते हैं। क्योंकि 2009 के चुनाव में धीरेंद्र अग्रवाल ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा था। लेकिन उनकी जमानत जब्त हो गयी थी। इसी तरह, पूर्व मंत्री नागमणि ने 2014 के लोकसभा चुनाव में आजसू उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें केवल 35,000 वोट ही मिल सके और उनकी जमानत जब्त हो गई थी।

चतरा संसदीय क्षेत्र में जिस तरह का माहौल है। इससे पूरे लोकसभा क्षेत्र में असमंजस की स्थिति है। अगर राष्ट्रीय पार्टियां क्षेत्र में उपजे विवाद को नहीं सुलझा पाती हैं तो भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

# एसीबी की टीम ने पंचायत सेवक को घूस लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार


शहजाद आलम

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड के चटकपुर पंचायत के ग्राम गोठगांव रहने वाले मनोज प्रजापति को मनरेगा योजना से कुआं मरम्मती की योजना स्वीकृत हुई थी। जो योजन कुल 60000 राशि का था। लाभूक को प्रथम किस्त 21000 व दुसरा किस्त 15000 मिल चूका था और अंतिम किस्त 24000 का भुगतान किया जाना था। लाभुक के द्वारा काम पूरा करवाने के बाद अंतिम भुगतान के लिए पंचायत सेवक अनेश्वर प्रसाद से पिछले कई दिनों से गुहार लगाई जा रही थी। परंतु पंचायत सेवक के द्वारा रिश्वत की मांग करते हुए कहा जा रहा था कि अगर 4000 दोगे तो तुम्हारा काम होगा नहीं तो पैसा का भुगतान नहीं होगा। जिसके बाद परेशान होकर लाभुक ने इसकी शिकायत पलामू एसीबी की टीम से की।


एसीबी की टीम ने पूरी मामले की छानबीन करने के बाद जब लाभुक के द्वारा लगाए गए आरोप में सत्यता पाई तो बुधवार को 4000 रुपए देकर लाभुक को पंचायत सेवक अनेश्वर प्रसाद के पास भेजा। पंचायत सेवक उस समय महुआडांड़ बाजार में ही था। पंचायत सेवक ने जैसे ही पैसा लेकर अपने पॉकेट में रखा, वैसे ही पहले से घात लगाकर बैठी एसीबी की टीम ने पंचायत सेवक को धर दबोचा। जब पैसे की मिलान की गई तो पंचायत सेवक के पास वही पैसा पाया गया जो नोट निगरानी की टीम ने लाभुक को दिया था। इसके बाद आरोपी पंचायत सेवक अनेश्वर प्रसाद को पलामू के धावादल के अधिकारी व दो स्वतंत्र साक्षी के उपस्थिति में आवश्यक छानबीन के बाद गिरफ्तार कर लिया गया और उसे अपने साथ पलामू ले जाया गया।

### घटना के बाद कर्मियों में हड़कंप

पंचायत सेवक को रिश्वत लेते गिरफ्तार होने की घटना के बाद कर्मियों में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लाभुकों की मानें तो मनरेगा योजना का हाल ऐसा हो गया है कि बिना रिश्वत के एक पैसा भी भुगतान होना संभव नहीं होता। लाभुकों की मानें तो भुगतान से पहले ही रिश्वत मांगी जाती है। बड़े अधिकारियों से शिकायत करने पर भी इसका कोई प्रतिफल नहीं मिल पाता है। इसी कारण मजबूरी में लोग रिश्वत देकर ही काम करते हैं। जिसके कारण योजनाओं की गुणवत्ता में भी समझौता करना पड़ता है।



### साइबर ठग अपना रहे ठगी के नए-नए हथकंडे




**चंदवा।** इन दिनों साइबर ठग आम जनों से ठगी को लेकर नए–नए हथकंडे अपना रहे हैं। साइबर ठग कई बच्चों के अभिभावकों को फोन कर धमकी दे रहे हैं कि उनका बच्चा पुलिस की गिरफ्त में है, अभिभावकों को फोन कर बताया जाता है कि उनका बच्चा किसी लड़की के साथ रेप किया है या फिर ड्रग्स का सेवन करते हुए पकड़ा गया है। जिसे छोड़ने के एवज में पैसे मांगने की बात सामने आ रही है। ताजा मामला चंदवा से जुड़ा हुआ है। जहां पर चंदवा की एक महिला चिकित्सक डॉक्टर सुनीता कुमारी को एक कॉल आया और बताया गया कि उनका बेटा अरेस्ट हो गया है, उसे छुड़ाने के लिए आप पैसे भेजें। इस मामले में लातेहार डीएसपी अरविंद कुमार ने बताया कि आम जनों को साइबर ठग से बचने की जरूरत है। वह जागरूक बने, पूरे विषय की जांच पड़ताल करें, नजदीक थाने में सूचना दें।

# मतदाताओं के जागरूकता के लिए मानव श्रृंखला बनाकर निकाली गई डेमोक्रेसी रैली

बब्लू खान

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निदेशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों के तहत बुधवार को मानव श्रृंखला का निर्माण किया गय। उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सुरजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में इसका आयोजन किया गया। मतदाता जागरुकता अभियान के तहत विशाल मानव श्रृंखला बनाकर कर एक दूसरे के हाथों को पकड़े हुए कृषि कार्यालय से डेमोक्रेसी रैली निकाली गई। इस बृहद आयोजन में विशाल मानव श्रृंखला बनाकर समाहरणालय, बाईपास चौक, थाना चौक से होते समस्त मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया।

मानव श्रृंखला बनाकर डेमोक्रेसी रैली के दौरान जिला स्तरीय पदाधिकारी, छात्र-छात्राओं ने सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो आदि नारे लगाए।

इस दौरान नुकड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता गीत एवं सेल्फी स्टैंड में लिखे स्लोगन के माध्यम से 20 मई को लोकतंत्र के महापर्व में शतप्रतिशत मतदान में सहभागिता के लिए मतदाताओं को जागरूक किया गया।

इस दौरान आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, स्वीप नोडल पदाधिकारी अनिल मिंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्री श्रेयांश, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस संतोष कुमार, बनवारी साहू कॉलेज, एनएसएस के नवल किशोर प्रसाद, एवं भारी संख्या में भीड़ उपस्थित थे।



### मनिका में निकाली गई मानव श्रृंखला के साथ डेमोक्रेसी रैली



**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में बुधवार दिन को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह के निदेशानुसार प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ मनोज कुमार तिवारी की अगुवाई में स्वीप कार्यक्रम के तहत मानव श्रृंखला के साथ–साथ डेमोक्रेसी रैली निकाली गई। कार्यक्रम के दौरान बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि इस मानव श्रृंखला व डेमोक्रेसी रैली के माध्यम से आसन्न लोकसभा चुनाव मे अधिक से अधिक मतदाता मतदान में भाग ले इसको लेकर जागरूकता अभियान चलायी जा रही है। बीडीओ ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा की संख्या में मतदान मे भाग लेने की अपील की है। उक्त कार्यक्रम में प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी आत्मा सिंह डॉ क्षितिज कच्छप, विकास कुमार, विक्की, त्रिलोकी यादव, जेएसपीएल बीपीएम रामगिरी राम, कुमारी शिल्पी सेन, ताराचंद प्रजापति सहित कई अन्य कर्मी शामिल थे।

# विशुनपुरा क्षेत्र में अचानक आयी तेज आंधी ने मचायी तबाही



प्रातः आवाज

**विशुनपुरा (गढ़वा)।** प्रखंड में बीती मंगलवार की रात अचानक आयी तेज आंधी तूफान में सैकड़ों पेड़ जड़ से उखड़ कर गिर गये। तेज तूफान के साथ हल्की बारिश में बज्रपात होने से दो गाय की मौत हो गयी। तूफान में दर्जनों पोल तार टूट कर बिखर गया। साथ ही कयी घरों के सीट तूफान में उड़ गये। तेज आंधी तूफान में विशुनपुरा पंचायत के संध्या, चिरइया टांड़, करचा, सखुवाह में भारी नुकसान हुआ है। विशुनपुरा निवासी बिरझन राम के पक्का मकान पर शीशम के पेड़ गिरने से मकान छतिग्रस्त हो गया है। घर में रखे सामग्री को भी काफी नुकसान हुआ है। इसी गांव के नन्दकिशोर राम के घर पर लगे सीट उड़ गया। घर के दीवार छतिग्रस्त हो गया है। और उनकी एक गाय की बज्रपात से मौत हो गयी है।

वहीं संध्या गांव निवासी रविंद्र मेहता के एक गाय की बज्रपात से मौत हो गयी है। बताया कि पेड़ के नीचे गाय बंधी हुयी थी। अचानक हल्की बारिश में तेज चमक होने से गाय की मौत हो गयी है।

साथ ही संध्या गांव निवासी राम आशीष मेहता के खपड़ैल मकान पर विशाल आम का पेड़ जड़ से उखड़ कर गिर गया है। पेड़ गिरने से बड़ी नुकसान हुआ है। मकान में लगे बास, बल्ली, खपड़ा काफी छतिग्रस्त हो गया है।

वहीं विशुनपुरा-बरडीहा सड़क पर संध्या गांव के समीप कयी पेड़ टूट कर गिर जाने से यातायात बाधित है।

## समाचार सार

### पृथ्वी दिवस के अवसर पर पृथ्वी को बचाने का दिया गया संदेश




**महुआडांड़ (प्रातः आवाज)।** डालसा सचिव स्वाति विजय उपाध्याय लातेहार के निर्देश पर महुआडांड़ पीएलभी इन्द्रनाथ प्रसाद व आजाद अहमद के द्वारा महुआडांड़ प्रखंड के राजकीय कृत मध्य विद्यालय सेमरबुढ़नी में पृथ्वी दिवस को लेकर कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यालय के बच्चे व विद्यालय परिवार को पृथ्वी बचानें को लेकर संदेश दिया गया। हमें पर्यावरण को बचाना है ताकि पृथ्वी सुरक्षित रह सके। इसके लिए हम सभी को मिलकर गंभीरता से विचार करना होगा। वहीं आजाद अहमद ने कहा कि हमें पर्यावरण के साथ खेलवाड़ नहीं करना चाहिए। इसको बचानें के लिए हम सभी को आगे आना होगा। इस दौरान विद्यार्थियों ने पृथ्वी बचानें का शपथ भी लिया। मौके पर विधायक के शिक्षक प्रदीप कुमार समेत विद्यालय के क्षात्र क्षात्राएं मौजूद थे।

### लोकसभा निर्वाचन को लेकर सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**लातेहार (प्रातः आवाज)।** लोकसभा आम चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष तरीके से संपन्न हेतु बनवारी साहू महाविद्यालय लातेहार में सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। बुधवार को आयोजित प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पधिकारियों के निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान दायित्वों और जिम्मेदारियां से अवगत कराया। आगे उन्होंने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन के तहत लातेहार जिला में पांचवे चरण में चुनाव होना है। ऐसे में चुनाव के दौरान आपके द्वारा की गई एक चूक या कार्यों से संबंधित अपर्याप्त ज्ञान मतदान केंद्रों पर होने वाले मतदान प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। इसलिए आप सभी बेहद संजीदगी के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें। साथ ही चुनाव में बरतने वाली सावधानियों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के साथ समय–समय पर दिये जाने वाले प्रशिक्षण में भाग लेने का निर्देश दिया गया। मास्टर ट्रेनर्स ने चुनाव कार्य में लगे सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को चुनाव संबंधी तमाम प्रक्रिया विस्तार से समझाई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स ने सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को मतगणना संबंधी प्रक्रिया समझाते हुए इसके तमाम प्रावधानों का पालन करने की बात कही। आगे उन्होंने कहा कि सभी निर्वाचन आयोग के दिशानिदेर्शों से अच्छी तरह अवगत हो लें। साथ ही मतदान से पहले बरती जाने वाली सावधानी के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने मतदान की प्रक्रिया, सभी आवश्यक बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में 276 सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

### एमडीएम चालू, बच्चों में खुशी की चमक दिखी



**रमना (प्रातः आवाज)।** सिलीदाग राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलिदाग में गत सप्ताह में कुल दस कार्य दिवस से एमड़ीएम गत तीन माह के राशन का कुल उधार राशि का भुगतान नहीं होने के कारण बंद था। बच्चों द्वारा एमडीएम बंद होने के जानकारी को इस दैनिक पत्रिका में प्रमुखता से उठाया गया था, जिसके बाद इस खबर को जीप अध्यक्ष शांति देवी नें संज्ञान में लिया और तत्काल विद्यालय पहुंच कर जांच की और बिईईओ को कड़ी फटकार लगायी, तथा विद्यालय में विद्यार्थियों से मिलकर उनकी समस्या को जाना और विद्यालय प्रबंधन को विद्यार्थियों की समस्या को दूर करनें को निर्देश दिया। अधिकारियों नें जीप अध्यक्षा को अस्वासन दिया की जल्द ही एमडीएम की समस्या को दूर कर दिया जायेगा। बुधवार से राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलिदाग में एमडीएम प्रारम्भ हो गया, इस बात की जानकारी प्रभारी शिक्षक मनोज कुजूर दिये। विद्यालय के विद्यार्थियों नें एमडीएम चालू होने पर काफी खुश दिखे। उनके चेहरे पर एक अलग ही मुस्कान थी। एमडीएम बंद हो जाने से गरीब मजदूर के बच्चे जो दूर–दराज से सुबह–सुबह घर पर भोजन नहीं बन पाने के कारण विद्यालय भूखे आते थे और दोपहर में छुट्टी के बाद घर जाकर भोजन कर पाते थे, एमडीएम चालू हो जाने के कारण अब कोई भी बच्चा दोपहर तक भूखा नहीं रहेगा।

# 75 फीसदी से कम उपस्थिति होने पर नहीं भरने दिया जायेगा फॉर्म : प्राचार्य




**लातेहार (प्रातः आवाज)।** जिला मुख्यालय के बनवारी साहू महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप तिवारी ने कहा है कि सत्र 2023–27, 2022–26, 2021–24 के लिए लगातार कक्षाएं आयोजित की जा रही है। साथ ही उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा जारी गाइडलाईन के अनुसार जो बच्चा नियमित कक्षा नहीं करता है और उनकी उपस्थिति यदि 75 प्रतिशत से कम है ऐसे बच्चों को परीक्षा फॉर्म भरने नही दिया जायेगा। कॉलेज के सभी छात्र छात्राएं जरूर नियमित रूप से कक्षा में उपस्थित हो, कॉलेज में नियमित रूप से कक्षाएं हो रही हैं। आगे उन्होंने कहा कि बच्चे महाविद्यालय द्वारा निर्धारित परिधान (यूनिफार्म) तथा परिचय पत्र के साथ महाविद्यालय में प्रवेश करेंगे। जो छात्र–छात्राएं अभी तक परिचय पत्र प्राप्त नहीं किये है वो आवश्यक रूप से प्राप्त कर लें। दो मई से बिना यूनिफार्म और परिचय पत्र का महाविद्यालय में प्रवेश वर्जित होगा।

# मतदान से ही लोकतंत्र की मजबूत नींव रखी जा सकती है : अतुल



**लातेहार (प्रातः आवाज)।** लोक सभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर छात्र–छात्राओं से नैतिक मतदान सह मतदाता जागरूकता विषय पर बुधवार को राजकीय कन्या गर्ल्स विद्यालय डूरुआ के बच्चों के साथ संवाद किया गया, जिसमें स्कूली छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने अपने विचार रखे। इस अवसर पर बीएलओ पर्यवेक्षक अतुल कुमार ने बताया कि मतदान से ही लोकतंत्र की मजबूत नींव रखी जा सकती है। इससे ही तय होता है की क्षेत्र के नागरिक देश के प्रति कितने जिम्मेवार और जागरूक है। नैतिक मतदान ही लोकतंत्र की मजबूत धुरी है। सभी मतदाता आगामी बीस मई को बिना किसी प्रलोभन दबाव के मतदान कर अपने देश के प्रति एक जिम्मेंवार नागरिक का कर्तव्य निभाए। कार्यक्रम के दौरान क्विज प्रतियोगिता कराते हुए विजेता आदित्य कुमार निशा कुमारी रिंकी कुमारी निशा कुमारी आलोक कुमार कुमारी रिंकी को पुरुस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी शिक्षिका सविता कुमारी, नीलम कुमारी, बबिता कुमारी, सुप्रियल कुजूर, अंकित कुमार, पुष्पा प्रसाद आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# नामांकन के पूर्व भाजपा प्रत्याशी समीर पहुंचे टांगीनाथ धाम, लिया बाबा का आशीर्वाद

प्रातः आवाज

**डुमरी।** नॉमिनेशन फाईल करने के पूर्व समीर उरांव ने प्रसिद्ध धर्मस्थल टांगीनाथ धाम पहुंचकर बाबा भोलेनाथ के आगे मत्था टेका। मान्यताओं के मुताबिक प्राचीन टांगीनाथ धाम में भक्तों की सभी मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं। भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव अपने समर्थकों के साथ पूजन कर आशीर्वाद लिया। प्राचीन मंदिर टांगीनाथ धाम की प्रसिद्धि और चमत्कारी कृपावृष्टि से जुड़े कई किस्से रहे हैं। लोहरदगा संसदीय सीट से लगातार तीन बार सांसद रहे सुदर्शन भगत सहित पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव भी बाबा के मुरीद रहे हैं।



# जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मतदाता मैत्री बंधन बैंड पहनाकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

प्रातः आवाज

**गढ़वा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर बुधवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत समाहरणालय में हस्ताक्षर अभियान एवं मतदाता मैत्री बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे द्वारा अपना हस्ताक्षर कर मतदाताओं को जागरूक करने का संदेश दिया गया। वहीं मौके पर उपस्थित उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता मतीयश विजय टोप्पो, गोपनीय प्रभारी-सह-भू अर्जन पदाधिकारी संजय प्रसाद, जिला पंचायती राज पदाधिकारी-सह-स्वीप नोडल प्रमेश कुशवाहा, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नीरज कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, सहायक जन संपर्क पदाधिकारी अमित कुमार केशरी, साहयक परियोजना पदाधिकारी सिया जानकी सिंह समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा भी हस्ताक्षर कर मतदाताओं को जागरूक करने का संदेश दिया गया। इसके पश्चात मतदाता मैत्री बंधन कार्यक्रम के तहत पुलिस अधीक्षक ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को आई एम वेरीफाइड वाटर, आई एम रेडी टू वोट लिखा मैत्री बंधन बैंड पहनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा भी पुलिस अधीक्षक को मैत्री बंधन बैंड पहनाया गया, मौके पर उपस्थित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मियों ने भी एक दूसरे को मैत्री बंधन बैंड पहनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि 13 मई को पलामू लोकसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने की दृष्टिकोण से स्वीप कार्यक्रम के तहत गढ़वा जिले के मतदाताओं के बीच विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक हेमंत कुमार द्वारा प्रातः आवाज (दैनिक) डीबी कार्प लिमिटेड, प्लॉट नंबर 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन रातू, रांची (झारखंड) से मुद्रित आवाज डेली हर्षित टीवी कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, विजयवर्गीय कांपलेक्स, ऑफिस नंबर सी–14, दूसरा तल्ला, कोकर, रांची (झारखंड) पिन नंबर 834001 से प्रकाशित। संपादक : नीलेन्दु जयपुरियार ** पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेवार ** फोन 7004363095/ 9572196587/7004527300 RNI No JHAHIN/2022/83327